वेदी जिसम्ह भेंट पवित्र होवै सै? 20 इस करकै जो वेदी की कसम खावै सै,
वो उसकी अर जो कुछ उसपै सै, उसकी भी कसम खावै सै। 21 जो मन्दर
की कसम खावै सै, वो परमेसवर जो उस म्ह रहवै सै, उसकी भी कसम खावै

सै। 22 जो सुर्ग की कसम खावै सै, वो परमेसवर कै सिंहासन की अर उसपै
बैठण आळे की भी कसम खावै सै। 23 हे कपटी शास्त्रियो अर फरीसियों,
थारे पै धिक्कार सै! थम पुदीने, सौंफ, जीरै का दसमां हिस्सा तो द्यो सो, पर
थमनै नियम-कायदा की गहरी बात्तां ताहीं यानिके न्याय, दया, अर वफादारी
का तिरस्कार करो सों; थमनै दसमां हिस्सा भी देणा चाहिये पर उन खास
बात्तां नै भी नजरअंदाज ना करो। 24 हे आन्धे अगुवों, थम छोट्टे-छोट्टे नियमां
का पालन करण का तो भोत ध्यान राक्खों सों, जिस तरियां पाणी म्ह तै
माच्छर ताहीं तो छाण ल्यो सो, पर परमेसवर के खास हुकम का पालन
कोनी करते, जो ऊँट नै निगळ जाणकै समान सै। 25 हे कपटी शास्त्रियो
अर फरीसियों, थारे पै धिक्कार सै! क्यूँके थम लालची अर स्वार्थी सों, पर
थम अपणे-आपनै पवित्र राक्खण का ढोंग करो सों, इस खात्तर थम उन
कटोरे अर थाळी के समान सों जो उप्पर तै तो साफ सै पर भित्तर तै वे गन्दे
सै। 26 हे आन्धे फरीसियों, पैहल्या माणस नै लूटणा बन्द करो जिब्बे थम
धर्म के काम का पालन कर पाओगे अर फेर थम उस कटोरे अर थाळी के
समान होवैगें जो भीत्तर बाहर तै भी साफ हों सै। 27 हे कपटी शास्त्रियो अर
फरीसियों, थारे पै धिक्कार सै! थम चुन्ने फिरी होई कब्रां के जिसे सो जो
उप्पर तै तो सुथरी दिक्खै सै, पर भीत्तर मुर्दां की हाड्डियाँ अर सारे ढाळ की
गन्दगी तै ठुकी होई सै। 28 इस्से तरियां तै थम भी उप्पर तै माणसां ताहीं
धर्मी दिक्खो सो, पर भीत्तर अधर्म अर कपट तै भरे सो। 29 हे कपटी
शास्त्रियो अर फरीसियों, थारे पै धिक्कार सै! थम उन नबियाँ की कब्र समारो
सो अर धर्मियाँ की कब्र सजाओ सो, जिन ताहीं थारे पूर्वजां नै मारा था। 30
"अर कहो सो, 'जै हम अपणे बाप-दाद्यां के दिनां म्ह होन्दे तो नबियाँ की
हत्या म्ह उनके साझ्झी कोनी होन्दे।' 31 इसतै तो थम अपणे आप ए या
गवाही द्यो सो के थम नबियाँ के हत्यारां के वंशज सो। 32 ठीक सै थम
अपणे पूर्वजां कै पाप का घड़ा भरते जाओ।" 33 हे साँप के सप्पोलों जिसे
माणसों, थम नरक की सजा तै किस ढाळ बचोगे? **(Geenna g1067)** 34 इस
करकै देक्खो, मै थारे धोरै नबियाँ अर समझदार अर शास्त्रियाँ ताहीं भेज्जू
सूं, अर थम उन म्ह तै कुछां नै मार द्योगे अर क्रूस पै चढ़ावोगे, अर कुछां नै
अपणे आराधनालयाँ म्ह कोड़े मारोगे अर एक नगर तै दुसरे नगर ताहीं भजांदे

फिरोगे। 35 जिसतै धर्मी हाबिल तै लेकै बिरिक्याह के बेट्टे जकर्याह तक,
जिस ताहीं थमनै मन्दर अर वेदी कै बिचाळै मार दिया था, जितने भी धर्मी
माणसां ताहीं मारया सै, वो सारा दण्ड थारे सिर पै पड़ैगा। 36 मै थमनै सच
कहूँ सूं, ये सब का दण्ड इस पीढ़ी के माणसां नै भुगतणा पड़ैगा। 37 "हे
यरुशलेम नगर के लोगों, हे यरुशलेम नगर के लोगों! थम नबियाँ नै मार देओ
सो, अर जो थारे धोरै भेज्जै गए, उनपै पत्थर बरसाओ सो। कितनी ए बर
मन्नै चाह्या के जिस ढाळ मुर्गी अपणे बच्चां ताहीं अपणे पाक्खां कै तळै छुपा
ले सै, उस्से तरियां ए मै भी थारे बाळकां नै कठ्ठा कर ल्यूँ, पर थमनै कोनी
चाह्या। 38 देक्खो, थारा घर थारे खात्तर उजाड़ छोड्या जावै सै। 39 क्यूँके मै
थमनै साच्ची कहूँ सूं के इब तै जिब ताहीं थम न्ही कहोगे, 'धन्य सै वो, जो
प्रभु कै नाम तै आवै सै' तब तक थम मन्नै फेर दुबारै कदे कोनी देक्खोगे।"

24 जिब यीशु मन्दर तै लिकड़कै जाण लागरया था, तो उसके चेल्लें उस
ताहीं मन्दर की बणावट दिखाण कै खात्तर उसकै धोरै आये। 2 यीशु नै उनतै
कह्या, "के थम ये सारी इमारत न्ही देखते? मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, उरै
पत्थर पै पत्थर भी कोनी रहवैगा, जो गेरया ना जावैगा।" 3 जिब यीशु जैतून
कै पहाड़ पै बेठ्या था, तो चेल्यां नै एक्ले म्ह उसकै धोरै आकै कह्या, "हमनै
बता, ये बात कद होवैगीं? तेरे आण का अर दुनिया कै अन्त की के निशान्नी
होवैगी?" (aiōn g165) 4 यीशु नै उन ताहीं जवाब दिया, "चौकन्ने रहियो!
कोए थमनै भकाण न्ही पावै, 5 क्यूँके घणखरे इसे होवैगें जो मेरै नाम तै
आकै कहवैगें, मै मसीह सूं, अर घणाए ताहीं भकावैगें। 6 थम रोळे अर
लड़ाईया का जिक्र सुणोगे, तो घबराईयो ना क्यूँके इनका होणा जरूरी सै, पर
उस बखत खात्मा कोनी होवैगा। 7 क्यूँके जात पै जात, अर राज्य पै राज्य
चढ़ाई करैगा, अर जगहां-जगहां अकाळ पड़ैंगें, अर हाल्लण आवैगें। 8 ये
सारी बात दुखां की शरुआत होवैगी।" 9 फेर माणस क्ळेश देण कै खात्तर
थमनै पकड़वावैगें, अर थमनै मार देवैगें, अर मेरै नाम कै कारण सारी जात्तां
के माणस थारे तै बैर राक्खैगें, क्यूँके थम मेरे पै बिश्वास करो सों। 10 फेर
घणखरे मेरे पै बिश्वास करणा छोड़ देंगें, अर एक-दुसरे नै पकड़वावैगें, अर
एक-दुसरे तै बैर राक्खैगें। 11 घणखरे झूठ्ठे नबी आवैगें, अर घणाए ताहीं
भकावैगें। 12 अधर्म कै बढ़ण तै वे एक-दुसरे तै प्यार करणा छोड़ देंगे, 13

पर जो अन्त ताहीं मेरे पै बिश्वास राक्खैगा, उस्से ताहीं बचाया जावैगा। 14
अर परमेसवर के राज्य का यो सुसमाचार सारी दुनिया म्ह प्रचार करया
जावैगा, ताके सारी जात्तां नै इस ताहीं स्वीकार करण का मौक्का मिलै, ताके
थम मेरे गवाह होओ, फेर दुनिया का अन्त आ जावैगा। 15 इस करकै जिब
थम उस उजाड़ण आळी घृणित चीज ताहीं जिसका जिक्र दानिय्येल नबी कै
जरिये होया था, पवित्र जगहां पै खड़े देक्खो (जो पढ़ै, वो समझै), 16 फेर
जो यहूदिया परदेस म्ह हो, वे पहाड़ां पै भाज जावै। 17 जो छात पै हो, वो
अपणे घर म्ह तै समान लेण नै तळै न्ही उतरै, 18 अर जो खेत म्ह हो, वो
अपणा लत्ता लेण नै पाच्छै न्ही बोहड़ैं। 19 उन दिनां म्ह जो गर्भवती अर दूध
पिलान्दी बिरबान्नी होवैगीं, उनकै खात्तर भागणा भी मुश्किल होगा! 20
प्रार्थना करया करो के थमनै जाड्डे म्ह या आराम कै दिन भाजणा ना पड़ै। 21
क्यूँके उस बखत इसा भारया क्लेश होवैगा, जिसा दुनिया की शरुआत तै ना
इब ताहीं होया ना कदे होवैगा। 22 "अर जै वे दिन घटाए न्ही जान्दे तो कोए
प्राणी कोनी बचदा, पर छाँटे होया कै कारण वे दिन घटाए जावैंगे। 23 उस
बखत जै कोए थमनै कहवै, 'देक्खो, मसीह उरै सै!' या 'ओड़ै सै!' तो बिश्वास
ना" करियो। 24 क्यूँके झूठ्ठे मसीह अर झूठ्ठे नबी उठ खड़े होवैगें, अर बड़े-
बड़े चमत्कार, अर अनोक्खे काम दिखावैगें के जै हो सक्या तो छाँटे होया
ताहीं भी भका देवैगें। 25 देक्खो, मन्नै पैहल्याए थारे तै यो सारा कुछ कह
दिया सै। 26 "इस करकै जै वे थारे तै कहवै, 'देक्खो, वो बण म्ह सै', तो
बाहरणै ना लिकड़यो; या 'देक्खो, वो कोठड़ी म्ह सै', तो बिश्वास ना करियो।
27 क्यूँके जिस तरियां बिजळी पूरब तै लिकड़कै पश्चिम ताहीं चमकै सै, उस्से
तरियां मुझ माणस के बेट्टे का भी आणा होवैगा। 28 जड़ै लाश हो, उड़ैए
चील कठ्ठे होवैगें।" 29 उन दिनां के क्लेश कै पाच्छै जिब्बे सूरज अन्धेरै
म्ह हो जावैगा, चाँद का चाँदणा जान्दा रहवैगा, अर तारे अकास तै तळै
पड़ैंगें, अर अकास की शक्तियाँ हलाई जावैंगी। 30 फेर माणस के बेट्टे का
निशान अकास म्ह दिखैगा, अर फेर धरती के सारे खानदान्ना के माणस
छात्ती पिटैगें; अर माणस के बेट्टे ताहीं बड्डी सामर्थ अर महिमा कै गेल्या
अकास के बादळां पै आन्दे देक्खोगे। 31 वो तुरही की तेज आवाज कै गेल्या
अपणे सुर्गदूत्तां नै खन्दावैगा, अर वे अकास के इस सिरे तै उस सिरे ताहीं,

च्यारु दिशायां तै उसके चुणे होया नै कठ्ठे करैगें। 32 अंजीर के दरखत तै यो
उदाहरण सीक्खो: जिब उसकी डाळी कोमल हो जावै अर पत्ते लिकड़ण लाग
ज्या सै, तो थम जाण ल्यो के गर्मी का बखत लोवै सै। 33 इस्से तरियां तै
जिब थम इन सारी बात्तां नै देक्खो, तो जाण ल्यो के वो लोवै सै, बल्के
दरबाजे पै सै। 34 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के जिब ताहीं ये सारी बात पूरी ना
हो लेवै, जद ताहीं इस पीढ़ी का अन्त कोनी होवैगा। 35 धरती अर अकास
टळ जावैंगे, पर मेरी बात कदे न्ही टळैगी। 36 “उस दिन अर उस बखत कै
बारै म्ह कोए न्ही जाण्दा, ना सुर्गदूत अर ना बेट्टा, पर सिर्फ पिता। 37 जिसा
पूर्वज नूह के दिनां होया था, उस्से तरियां ए माणस के बेट्टे का आणा होगा।
38 क्यूँके जिस तरियां बाढ़ तै पैहले के दिनां म्ह, जिस दिन ताहीं नूह जहाज
पै न्ही चढ़या, उस दिन ताहीं माणस खावै-पीवै थे, अर उन म्ह ब्याह होवै थे।
39 अर जिब ताहीं बाढ़ आकै उन सारया ताहीं बहा न्ही लेग्या, जद ताहीं उननै
किमे बेरा न्ही पाट्या; इस्से तरियां ए मुझ माणस के बेट्टे का आणा भी होगा।
40 उस बखत दो जणे खेत म्ह होंगे, एक ठाया जावैगा अर दुसरा छोड़ दिया
जावैगा। 41 दो बिरबान्नी एक साथ चाक्की पीसदी होवैगी, एक ठा ली
जावैगी अर दुसरी छोड़ दी जावैगी।” 42 इस करकै जागदे रहो, क्यूँके थमनै
न्ही बेरा के थारा प्रभु किस दिन आवैगा। 43 पर न्यू जाण ल्यो के जै घर का
माल्लिक नै बेरा हो के चोर किस घड़ी आवैगा तो जागदा रहन्दा, अर अपणे
घर म्ह सेंध लागण न्ही देन्दा। 44 ज्यांतै थम भी त्यार रहो, क्यूँके जिस घड़ी
कै बारै म्ह थम सोचदे भी कोनी, उस्से घड़ी मै माणस का बेट्टा आ जाऊँगा।
45 “आखर म्ह वो बिश्वास जोग्गा अर अकलमंद दास कौण सै, जिस ताहीं
माल्लिक नै अपणे नौक्कर-चाकरां पर सरदार ठहराया के बखत पै उननै
खाणा देवै? 46 धन्य सै वो नौक्कर, जिस ताहीं उसका माल्लिक आकै
इसाए करदा पावै। 47 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, वो उसनै अपणी सारी धन-
सम्पत्ति का माल्लिक बणावैगा। 48 पर जै वो दुष्ट दास सोच्चण लाग्गै के मेरै
माल्लिक कै आण म्ह वार सै, 49 अर अपणे साथी नौकरां नै पिट्टण लाग्गै,
अर शराबियाँ कै गेल्या खावै-पीवै। 50 तो उस नौक्कर का माल्लिक उस
दिन बोहड़ैगा, जिब वो उसकी बाट ना देख्दा हो, अर इसे बखत म्ह आवैगा

जिसका उसनै ना बेरा हो, 51 जिब वो उसनै भारी सजा देगा उसकी गिणती
कपटियाँ कै म्ह गिणी जावैगी: ओड़ै रोणा अर दाँत पिसणा होगा।"

**25** यीशु नै अपणे चेल्यां ताहीं एक और उदाहरण देकै कह्या, "सुर्ग का
राज्य उन दस कुँवारियाँ के जिसा होगा जो अपणी मशाल लेकै बन्दड़े तै
फेटण लिकड़ी। 2 उन म्ह पाँच बेअक्ल अर पाँच समझदार थी। 3 बेअक्ली
कुवारियाँ नै अपणी मशाल तो ली, पर अपणे गेल्या फालतू तेल न्ही लिया;
4 पर समझदारां नै अपणी मशालां कै गेल्या अपणी कुप्पियाँ म्ह तेल भी
भर लिया। 5 जिब बन्दड़े कै आण म्ह वार होई, तो वे सारी ऊँघण लाग्गी
अर सोगी।" 6 "आध्धी रात नै धूम माच्ची: 'देक्खो, बन्दड़ा आण लागरया
सै! उसतै फेटण नै चाल्लों।'" 7 "फेर वे सारी कुँवारियाँ उठकै अपणी
मशाल ठीक करण लाग्गी। 8 अर बेअक्लियाँ नै समझदारां तै कह्या, 'अपणे
तेल म्ह तै कुछ हमनै भी द्यो, क्यूँके म्हारी मशाल बुझ्झण लागरी सै।'"
9 "पर समझदारां नै जवाब दिया, 'कदे यो म्हारै अर थारे खात्तर पूरा ना
पड़ै; भला तो योए सै के थम बेचणीयाँ कै धोरै जाकै अपणे खात्तर मोल
लियाओ।'" 10 जिब वे मोल लेण नै जावै थी तो बन्दड़ा आण पोंहच्या, अर
जो त्यार थी, वे उसकै गेल्या ब्याह कै घर म्ह चली गई अर बारणा मूंद दिया
गया। 11 "इसकै पाच्छै वे दुसरी कुँवारियाँ भी बोहड़कै आई अर बन्दड़े तै
कहण लाग्गी, 'हे माल्लिक, हे माल्लिक, म्हारै खात्तर किवाड़ खोल दे।'" 12
"उसनै जवाब दिया, 'मै थारे ताहीं साच्ची कहूँ सूं, मै थमनै कोनी जाण्दा।'"
13 इस करकै चोक्कने रहो, क्यूँके मेरे आण के उस दिन नै थम कोनी
जाणते, ना उस घड़ी नै जिस दिन म्ह आऊँगा। 14 सुर्ग का राज्य उस माणस
के उदाहरण के समान भी सै, जिसनै परदेस जान्दे बखत अपणे नौकरां ताहीं
बुलाकै अपणी कुछ सम्पत्ति उन ताहीं सौप दी, ताके वे व्यापर करकै घणा
धन जोड़ ले। 15 उसनै एक तै पाँच तोड़े (1 तोड़ा 15 साल की मजदूरी के
बराबर सै), दुसरे ताहीं दो, अर तीसरे ताहीं एक; यानिके हरेक नै उसकी
काबिलियत कै मुताबिक दिया, अर फेर परदेस चल्या गया। 16 फेर, जिस
ताहीं पाँच तोड़े मिले थे, उसनै जिब्बे जाकै उनतै लेण-देण करया, अर पाँच
तोड़े और कमाए। 17 इस्से तरियां तै जिस ताहीं दो मिले थे, उसनै भी दो
और कमाए। 18 पर जिस ताहीं एक मिल्या था, उसनै जाकै माट्टी खोद्दी, अर

अपणे माल्लिक का धन लह्को दिया। 19 घणे दिनां पाच्छै उन नौकरां का
माल्लिक आया, अर उनतै हिसाब लेण लाग्या, के उननै उन पईसा तै के कुछ
करया। 20 जिसनै पाँच तोड़े मिले थे, उसनै पाँच तोड़े और ल्याकै कह्या, हे
माल्लिक, तन्नै मेरै ताहीं पाँच तोड़े सौप्पे थे, लखा, मन्नै ये पाँच तोड़े और
कमाए सै। 21 उसकै माल्लिक नै उसतै कह्या, शाबाश, हे भरोस्से के लायक
आच्छे नौक्कर, तू थोड़े-से धन म्ह भी भरोसमंद लिकड़या, मै तन्नै घणी
चिज्जां का अधिकारी बणाऊँगा। अपणे माल्लिक कै आनन्द म्ह साझ्झी हो।
22 फेर जिस ताहीं दो तोड़े मिले थे, उसनै भी आकै कह्या, हे माल्लिक, तन्नै
मेरै ताहीं दो तोड़े सौप्पे थे, देख, मन्नै दो तोड़े और कमाए सै। 23 उसकै
माल्लिक नै उसतै कह्या, शाबाश, हे भरोस्से के लायक आच्छे नौक्कर,
तू थोड़े म्ह भी भरोसमंद लिकड़या; मै तन्नै घणी चिज्जां का अधिकारी
बणाऊँगा। अपणे माल्लिक कै आनन्द म्ह साझ्झी हो। 24 फेर जिस ताहीं
एक तोड़ा मिल्या था, उसनै आकै कह्या, हे माल्लिक, मै तन्नै जाणु था, के तू
इसा माणस सै: जित्त किते तू बीज न्ही बोन्दा ओड़ै फसल काट्टै सै, अर जित्त
न्ही खिंडान्दा ओड़ै तै कठ्ठा करै सै। 25 जै मै तेरा तोड़ा खो देता तो तू मन्नै
दण्ड देता, ज्यांतै मै डरग्या अर जाकै तेरा तोड़ा माट्टी म्ह दबा दिया। देख, जो
तेरा सै, वो यो सै। 26 उसकै माल्लिक नै उस ताहीं जवाब दिया, हे दुष्ट अर
आलसी नौक्कर, जिब तन्नै न्यू बेरा था के जित्त मन्नै बीज न्ही बोया ओड़ै तै
फसल काट्टू सूं, अर जित्त मन्नै न्ही खिंडाया ओड़ै तै कठ्ठा करुँ सूं; 27 जै
तन्नै बेरा था के मै इसा सूं, तो तू मेरा धन सर्राफां नै ए दे देंदा, फेर मै आकै
अपणा धन ब्याज सुधां ले लेन्दा। 28 माल्लिक नै अपणे नौकरां तै कह्या,
ज्यातै वो तोड़ा उसतै ले ल्यो, अर जिसकै धोरै दस तोड़े सै उसनै दे द्यो। 29
क्यूँके जिस किसे धोरै सै, उस ताहीं और दिया जावैगा; अर उसकै धोरै घणा
हो जावैगा: पर जिसकै धोरै न्ही सै, उसतै वो भी जो उसकै धोरै सै, ले लिया
जावैगा। 30 इस निकम्मे नौक्कर नै बाहर अन्धेरै म्ह गेर द्यो, जित्त रोणा अर
दाँत पिसणा होगा। 31 जिब मै माणस का बेट्टा अपणी महिमा म्ह आऊँगा
अर सारे सुर्गदूत मेरे गेल्या आवैगें, तो मै अपणी महिमा कै सिंहासन पै
बैठूंगा। 32 अर सारी जात मेरे स्याम्ही कठ्ठी करी जावैगी; अर जिस ढाळ
पाळी भेड्डां नै बकरियाँ तै न्यारी कर देवै सै, उस्से तरियां मै उननै एक-दुसरे तै

न्यारा करुँगा। 33 मै भेड्डां नै अपणी सोळी ओड़ अर बकरियाँ नै ओळी ओड़
खड्या करुँगा। 34 “फेर मै राजा अपणी सोळी ओड़ आळा नै कहूँगा, ‘हे मेरे
पिता के धन्य माणसों, आओ, उस राज्य के हकदार हो जाओ, जो दुनिया की
शरुआत तै थारे खात्तर त्यार करया गया सै। 35 क्यूँके जिब मै भूक्खा था,
तो थमनै मेरै ताहीं खाण नै दिया; मै तिसाया था, तो थमनै मेरै ताहीं पाणी
पिलाया; मै परदेशी था, तो थमनै मेरै ताहीं अपणे घरां ठहराया; 36 मै उघाड़ा
था, तो थमनै मेरै ताहीं लत्ते पिहराए; मै बीमार था, तो थमनै मेरा बेरा लिया,
मै जेळ म्ह था, तो थम मेरै तै मिलण आये।’” 37 “फेर धर्मी उस ताहीं
जवाब देवैगें, ‘हे प्रभु, हमनै कद तेरे ताहीं भूक्खा देख्या अर खुवाया? या कद
तिसाया देख्या अर पाणी पिलाया? 38 हमनै कद तेरे ताहीं परदेशी देख्या अर
अपणे घरां ठहराया? या उघाड़ा देख्या अर लत्ते पिहराये? 39 हमनै कद तेरे
ताहीं बीमार या जेळ म्ह देख्या अर तेरा बेरा लेण आये?’” 40 “फेर मै राजा
उननै जवाब देऊँगा, ‘मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के थमनै जो मेरे इन छोट्या तै
छोट्टे बिश्वासी भाईयाँ म्ह तै किसे एक कै गेल्या करया, वो मेरै ए गेल्या
करया।’” 41 “फेर मै ओळै कान्ही आळा ताहीं कहूँगा, ‘हे श्रापित माणसों,
मेरै स्याम्ही तै उस अनन्त आग म्ह चले जाओ, जो परमेसवर नै शैतान अर
उसके दूत्तां खात्तर त्यार करी सै। (aiōnios g166) 42 क्यूँके मै जिब भूक्खा
था, तो थमनै मेरै ताहीं खाण नै कोनी दिया; मै तिसाया था, तो थमनै मेरै
ताहीं पाणी कोनी पियाया; मै जिब परदेशी था, तो थमनै मेरै ताहीं अपणे घरां
कोनी ठहराया; 43 मै नंगा था, तो थमनै मेरै ताहीं लत्ते कोनी पिहराए; मै
जिब बीमार था, तो थमनै मेरा बेरा कोनी लिया, मै जेळ म्ह था, तो थम मेरै तै
मिलण कोनी आये।’” 44 “फेर वे जवाब देवैगें, ‘हे प्रभु, हमनै तेरे ताहीं कद
भूक्खा, या तिसाया, या परदेशी, या उघाड़ा, या बीमार, या जेळ म्ह देख्या,
अर तेरी सेवा-पाणी न्ही करी?’” 45 “फेर मै उननै जवाब देऊँगा, ‘मै थमनै
साच्ची कहूँ सूं के थमनै जो मेरे इन छोट्या तै छोट्या म्ह तै किसे एक कै
गेल्या न्ही करया, वो मेरै गेल्या भी न्ही करया।’” 46 “अर अधर्मी जन अनन्त
दण्ड भोगैगें पर धर्मी जन अनन्त जीवन म्ह दाखल होंगे।” (aiōnios g166)

**26** जिब यीशु नै ये सारी बात कह ली तो अपणे चेल्यां तै कहण लाग्या, 2
“थमनै बेरा सै के दो दिनां पाच्छै फसह का त्यौहार सै, अर मै माणस का

बेट्टा क्रूस पै चढ़ाण कै खात्तर पकड़वाया जाऊँगा।” 3 फेर प्रधान याजक अर
प्रजा के यहूदी अगुवें, काइफा नामक महायाजक कै आँगण म्ह कठ्ठे होए, 4
अर आप्पस म्ह विचार करण लाग्गे के यीशु ताहीं धोक्खे तै पकड़कै मार
देवा। 5 पर वे कहवै थे, “त्यौहार कै बखत न्ही, कदे इसा ना हो के माणसां
म्ह रोळा माच ज्या।” 6 जिब यीशु बैतनिय्याह गाम म्ह शमौन कोढ़ी कै घरां
था, 7 तो एक बिरबान्नी संगमरमर कै बरतन म्ह महँगा खसबूदार तेल लेकै
उसकै धोरै आई, अर जिब वो खाणा खाण नै बेठ्या था तो उसकै सिर पै
उंडेल दिया। 8 न्यू देखकै उसके चेल्लें खीजकै अर कहण लाग्गे, “इसका
क्यांतै नाश करया गया? 9 इस ताहीं तो बढ़िया दाम्मां पै बेचकै कंगालां म्ह
बांडया जा सकै था।” 10 न्यू जाणकै यीशु नै उनतै कह्या, “बिरबान्नी नै
क्यांतै सताओ सो? उसनै मेरै गेल्या भलाई करी सै। 11 कंगाल तो थारे
गेल्या सारी हाण रहवै सै, पर मै थारे गेल्या सारी हाण कोनी रहूँगा। 12 उसनै
मेरी देह पै जो यो महँगा खसबूदार तेल उंडेला सै, वो मेरे गाड़े जाणकै खात्तर
करया सै। 13 मै थमनै साच्ची कहूँ सूं, के सारे दुनिया म्ह जित्त किते भी यो
सुसमाचार प्रचार करया जावैगा, ओड़ै उसकै इस काम का जिक्र भी उसकी
याद म्ह करया जावैगा।” 14 फेर यहूदा इस्करियोती नै, जो बारहां चेल्यां
म्ह तै एक था, प्रधान याजकां कै धोरै जाकै कह्या, 15 “जै मै यीशु नै थारे
हाथ्थां म्ह पकड़वा दियुँ, तो मन्नै के द्योगे?” उननै तीस चाँदी के सिक्के
तौलकै दे दिये। 16 अर वो उस्से बखत तै यीशु नै पकड़वाण का मौक्का टोह्ण
लाग्या। 17 अखमीरी रोट्टी कै त्यौहार कै पैहल्ड़े दिन, चेल्लें यीशु कै धोरै
आकै बुझ्झण लाग्गे, “तू कित्त चाहवै सै के हम तेरे खात्तर फसह खाण की
त्यारी करा?” 18 यीशु बोल्या, “नगर म्ह फलाणा माणस नै जाकै उसतै
कहो, ‘गुरु कहवै सै के मेरा बखत लोवै सै। मै अपणे चेल्यां कै गेल्या तेरे उरै
फसह का त्यौहार बणाऊँगा’।” 19 आखर चेल्यां नै यीशु का हुकम मान्या
अर फसह का भोज त्यार करया। 20 जिब साँझ होई तो यीशु बारहां चेल्यां
कै गेल्या खाणा खाण कै खात्तर बेठ्या। 21 जिब वे खाण लागरे थे तो यीशु
नै कह्या, “मै थमनै साच्ची कहूँ सूं के थारे म्ह तै एक मन्नै धोक्खा देकै
पकड़वावैगा।” 22 इसपै चेल्लें घणे उदास होए, अर हरेक उसतै बुझ्झण
लाग्या, “हे गुरु, के वो मै सूं?” 23 यीशु नै जवाब दिया, “जिसनै मेरै गेल्या

थाळी म्ह हाथ घाल्या सै, वोए मन्नै पकड़वावैगा। 24 मै माणस का बेट्टा तो
जिसा मेरे बारै म्ह लिख्या सै, अर जावै ए सै; पर उस माणस पै धिक्कार सै
जिसकै जरिये मै माणस का बेट्टा पकड़वाया जाऊँगा: जै उस माणस का
जन्म ए न्ही होंदा, तो उसकै खात्तर भला होंदा।" 25 फेर यीशु कै पकड़वाण
आळे यहूदा नै कह्या, "हे गुरु, के वो मै सूं?" यीशु उसतै बोल्या, "तन्नै कह
लिया।" 26 जिब वे फसह खाण लागरे थे, तो यीशु नै रोट्टी ली, अर आशीष
माँगकै तोड़ी, अर चेल्यां ताहीं देकै कह्या, "ल्यो, खाओ; या मेरी देह सै।" 27
फेर यीशु नै अपणा कटोरा लेकै परमेसवर का धन्यवाद करया, अर उन ताहीं
देकै कह्या, "थम सारे इस म्ह तै पियो, 28 क्यूँके यो करार का मेरा वो लहू
सै, जो घणखरयां कै खात्तर पापां की माफी कै खात्तर बहाया जावै सै। 29 मै
थमनै साच्ची कहूँ सूं के अंगूर का यो रस उस दिन ताहीं कदे न्ही पिऊँगा,
जिब थारे गेल्या अपणे पिता कै राज्य म्ह नया न्ही पीऊँ।" 30 फेर वे भजन
गाकै जैतून कै पहाड़ पै गए। 31 फेर यीशु नै उनतै कह्या, "थम आज ए रात
नै मेरै बाबत ठोक्कर खाओगे, क्यूँके लिख्या सै: 'मै पाळी नै मारूँगा, अर
टोळ की भेड़ तित्तर-बितर हो जावैंगी।'" 32 "पर मै अपणे जिन्दा उठण कै
बाद थारे तै पैहल्या गलील परदेस म्ह मिलूगाँ।" 33 इसपै पतरस नै उसतै
कह्या, "जै सारे छोड़ै तो छोड़ै, पर मै तेरा साथ कदे न्ही छोडूँगा।" 34 यीशु नै
उसतै कह्या, "मै तेरे तै सच कहूँ सूं के आज ए रात नै मुर्गे के बाँग देण तै
पैहल्या, तू तीन बर मेरै बारै म्ह मुकरैगा।" 35 पतरस नै उसतै कह्या, "जै
मन्नै तेरे गेल्या मरणा भी पड़ै, तोभी मै तेरा इन्कार कदे कोनी करुँगा।" इस्से
तरियां और सारे चेल्यां नै भी न्यूए कह्या। 36 फेर यीशु अपणे चेल्यां कै
गेल्या गतसमनी नामक एक जगहां म्ह आया अर अपणे चेल्यां तै कहण
लाग्या, "उरैए बेठ्ठे रहियो, जिब ताहीं मै ओड़ै प्रार्थना करुँ।" 37 वो पतरस
अर जब्दी के दोन्नु बेट्टा नै गेल्या लेग्या, अर उदास अर कांल होण लाग्या।
38 फेर उसनै उनतै कह्या, "मेरा मन घणा उदास सै, उरै ताहीं के मेरा जी
लिकड़ण नै होरया सै। थम उरै ठहरो अर जागदे रहो।" 39 फेर वो माड़ा और
आग्गै सरक कै मुँह कै बळ गिरया, अर या प्रार्थना करण लाग्या, "हे मेरे
पिता, जै हो सकै तो यो दुख का कटोरा मेरै तै टळ जावै, तोभी जिसा मै चाहूँ
सूं इसा न्ही, पर जिसा तू चाहवै सै उस्से तरियां ए होवै।" 40 फेर उसनै

चेल्यां कै धोरै आकै उन ताहीं सोन्दे पाया अर पतरस तै कह्या, “के थम मेरै
गेल्या एक घड़ी भी कोनी जाग सके? 41 जागदे रहो, अर प्रार्थना करदे रहो
के थम परखे ना जाओ, आत्मा तो त्यार सै पर देह कमजोर सै।” 42 फेर
उसनै दुसरी बार जाकै या प्रार्थना करी, “हे मेरे पिता, जै यो मेरै पिए बिना
न्ही हट सकदा, तो तेरी मर्जी पूरी हो।” 43 फेर उसनै आकै उन ताहीं फेर
सोन्दे पाया, क्यूँके उनकी आँखां म्ह नींद भरी थी। 44 उननै छोड़कै वो फेर
चल्या गया, अर उन्हे शब्दां म्ह फेर तीसरी बार प्रार्थना करी। 45 फेर उसनै
चेल्यां कै धोरै आकै उनतै कह्या, “इब सोन्दे रहो, अर आराम करो: देक्खो,
बखत आण पोंहच्या सै, अर मै माणस का बेट्टा पापियाँ के हाथ्थां पकड़वाया
जाऊँगा। 46 उठो, चाल्लां; देक्खो, मेरा पकड़ाण आळा धोरै आण पोंहच्या
सै।” 47 वो न्यू कहण ए लागरया था के यहूदा जो बारहां चेल्यां म्ह तै एक
था आया, अर उसकै गेल्या प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां की ओड़ तै बड्डी
भीड़, तलवार अर लाठ्ठी लिये होए, आई। 48 यीशु कै पकड़वाण आळे यहूदा
नै उन ताहीं यो इशारा दिया था: “जिस ताहीं मै चूम ल्यूँ वोए सै; उस ताहीं
पकड़ लियो।” 49 अर जिब्बे यीशु कै धोरै आकै कह्या, “हे गुरु, नमस्कार!”
अर उस ताहीं घणा चुम्या। 50 यीशु नै उसतै कह्या, “हे दोस्त, जिस काम कै
खात्तर तू आया सै, उसनै करले।” फेर उननै धोरै आकै यीशु पै हाथ गेरया
अर उस ताहीं पकड़ लिया। 51 यीशु के साथियाँ म्ह तै एक नै हाथ बढ़ाकै
अपणी तलवार खींच ली अर महायाजक के नौक्कर पै चलाकै उसका कान
उड़ा दिया। 52 फेर यीशु नै उसतै कह्या, “अपणी तलवार म्यान म्ह धर ले
क्यूँके जो तलवार चलावै सै वे सारे तलवार तै नाश करे जावैंगे। 53 के तन्नै
न्ही बेरा के मै अपणे पिता तै बिनती कर सकूँ सूं, अर वो सुर्गदूत्तां की बारहां
पलटन तै घणे मेरै धोरै इब्बे हाजर कर देवैगा? 54 पर पवित्र ग्रन्थ की ये बात
के इसाए होणा जरूरी सै, किस ढाळ पूरी होवैगी?” 55 उस बखत यीशु नै
भीड़ तै कह्या, “के थम तलवार अर लाठ्ठी लेकै मन्नै डाकू की ढाळ पकड़ण
कै खात्तर लिकड़े सो? मै हरेक दिन मन्दर म्ह बैठकै उपदेश दिया करूँ था,
अर थमनै मेरै ताहीं कोनी पकड्या। 56 पर यो सारा ज्यांतै होया सै के नबियाँ
के वचन पूरे होवै।” फेर सारे चेल्लें उसनै छोड़कै भाजगे। 57 फेर यीशु
के पकड़ण आळे उस ताहीं काइफा नामक महायाजक कै धोरै लेगे, जित्त

शास्त्री अर यहूदी अगुवें कठ्ठे होए थे। 58 पतरस दूर ए दूर उसकै पाच्छै-
पाच्छै महायाजक कै आँगण ताहीं गया, अर भीत्तर जाकै अन्त देखण नै
सिपाहियाँ कै गेल्या बैठग्या। 59 सारे प्रधान याजक अर यहूदी अगुवां की
सभा यीशु नै मारण कै खात्तर उसकै बिरोध म्ह झूठ्ठी गवाही की टोह् म्ह थे,
60 पर घणखरे झूठ्ठे गवाह कै आण पै भी कोनी पाई। आखर म्ह दो जणे
आये, 61 अर बोल्ले, "इसनै कह्या सै के मै परमेसवर कै मन्दर नै गेर सकूँ सूं
अर उस ताहीं तीन दिन म्ह बणा सकूँ सूं।" 62 फेर महायाजक नै खड़े होकै
यीशु तै कह्या, "के तू कोए जवाब न्ही देंदा? ये माणस तेरे बिरोध म्ह के
गवाही देवै सै?" 63 पर यीशु बोल-बाल्ला रहया। फेर महायाजक नै उसतै
कह्या, "मै तन्नै जिन्दे परमेसवर की कसम दियुँ सूं के जै तू परमेसवर का
बेट्टा मसीह सै, तो म्हारै ताहीं कह दे।" 64 यीशु नै उसतै कह्या, "तन्नै आप
ए कह दिया; बल्के मै तेरे तै यो भी कहूँ सूं के इब तै थम मुझ माणस के बेट्टे
नै सब तै सर्वशक्तिमान की सोळी ओड़ बेठ्ठे, अर अकास के बादळां पै आन्दे
देक्खोगे।" 65 फेर महायाजक नै अपणे लत्ते पाड़कै कह्या, "इसनै परमेसवर
की बुराई करी सै, इब हमनै गवाह की के जरूरत? देक्खो, थमनै इब्बे या
बुराई सुणी सै! 66 थम के सोच्चो सो?" उननै जवाब दिया, "यो मारण
जोग्गा सै।" 67 फेर उननै उसकै मुँह पै थुक्या अर उसकै घुस्से मारे, दुसरयां
नै थप्पड़ मारकै कह्या, 68 "हे मसीह, म्हारै तै भविष्यवाणी करकै कह के
किसनै तेरे ताहीं मारया?" 69 पतरस बाहरणै आँगण म्ह बेठ्या था के एक
नौकराणी उसकै धोरै आई अर बोल्ली, "तू भी तो गलीलवासी यीशु कै
गेल्या था।" 70 उसनै सारया कै स्याम्ही यो कहकै नाट्या, "मन्नै न्ही बेरा तू
के कहवै सै।" 71 जिब वो बाहरणै देहळियाँ म्ह गया, तो दुसरी नौकराणी
उसनै देखकै उनतै जो ओड़ै थे कह्या, "यो भी तो यीशु नासरी कै गेल्या था।"
72 वो कसम खाकै फेर नाट्या: "मै उस माणस नै कोनी जाण्दा।" 73 माड़ी
बार पाच्छै माणसां नै जो ओड़ै खड़े थे, पतरस कै धोरै आकै उसतै कह्या,
"साच्चए तू भी उन म्ह तै एक सै, क्यूँके तेरी बोल्ली तेरा भेद खोल्लै सै।"
74 फेर वो धिक्कारण अर कसम खाण लाग्या: "मै उस माणस नै कोनी
जाण्दा।" जिब्बे मुर्गे नै बाँग देई। 75 जिब पतरस नै यीशु की कही होई बात

याद आई "मुर्गे कै बाँग देण तै पैहल्या तीन बर तू मेरा इन्कार करैगा।" अर
वो बारणै ज्याकै फूट-फूटकै रोण लाग्या।

27 तड़कै ए तड़कै सारे प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां नै यीशु ताहीं
मारण की सलाह करी। 2 उननै यीशु ताहीं बाँधया अर ले जाकै पिलातुस
राज्यपाल कै हाथ्थां म्ह सौप दिया। 3 जिब उसकै पकड़वाण आळे यहूदा नै
अहसास होया के यीशु ताहीं मौत की सजा सुणाई गई सै तो वो पसताया
अर वे तीस चाँदी के सिक्के प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां ताहीं बोहड़ाया
4 अर कह्या, "मन्नै बेकसूर माणस ताहीं मारण कै खात्तर पकड़वाकै पाप
करया सै।" उननै कह्या, "हमनै के मतलब? तू ए जाणै।" 5 फेर वो उन
सिक्का नै मन्दर के आँगण म्ह बगाकै बाहरणै चल्या गया, अर जाकै अपणे-
आप ताहीं फाँसी लगा ली। 6 प्रधान याजकां नै उन सिक्का ताहीं लेकै
कह्या, "म्हारे नियम-कायदे इस बात की इजाजत कोनी देंदा के हम इन
सिक्कयां नै मन्दर के खजान्ने म्ह धरा, क्यूँके इसका इस्तमाल किसे ताहीं
मारवाण खात्तर करया गया सै, या लहू की किम्मत सै।" 7 आखर म्ह उननै
सलाह करकै उन सिक्कयां तै परदेशियाँ के गाड्डे जाणकै खात्तर कुम्हार
का खेत मोल ले लिया। 8 इस कारण वो खेत आज ताहीं लहू का खेत
कुह्वावै सै। 9 ताके जो वचन यिर्मयाह नबी कै जरिये कह्या गया था वो पूरा
होया: "उननै वे तीस सिक्के यानिके उस ठहराए होए मोल ताहीं (जिस ताहीं
इस्राएल की ऊलाद म्ह तै कितन्याँ नै ठहराया था) ले लिया, 10 अर जिस
तरियां प्रभु नै मेरै ताहीं हुकम दिया था, उस्से तरियां ए उननै कुम्हार के खेत
नै खरीदण खात्तर उसका इस्तमाल करया।" 11 जिब यीशु राज्यपाल कै
स्याम्ही खड्या था तो राज्यपाल नै उसतै बुझ्झया, "के तू यहूदियाँ का राजा
सै?" यीशु नै उसतै कह्या, "तू आप ए कहण लागरया सै।" 12 जिब प्रधान
याजक अर यहूदी अगुवें उसपै इल्जाम लावै थे, तो उसनै कुछ जवाब कोनी
दिया। 13 इसपै पिलातुस नै उसतै कह्या, "के तू न्ही सुणदा के ये तेरे बिरोध
म्ह कितनी गवाही देवै सै?" 14 पर उसनै उस ताहीं एक बात का भी जवाब
कोनी दिया, उरै ताहीं के राज्यपाल ताहीं घणी हैरानी होई। 15 राज्यपाल का
यो रिवाज था के उस त्यौहार म्ह माणसां कै खात्तर किसे एक कैदी नै जिसनै
वे चाहवै थे, रिहा कर देवै था। 16 उस बखत उनकै उरै बरअब्बा नाम का एक

मान्या होड़ कैदी था। 17 आखर जिब वो कठ्ठे होए, तो पिलातुस नै उनतै
कह्या, “थम किसनै चाहो सो के मै थारे खात्तर रिहा करुँ? बरअब्बा ताहीं, या
यीशु ताहीं जो मसीह कुह्रावै सै।” 18 क्यूँके उसनै बेरा था के उननै उस ताहीं
जळण तै पकड़वाया था। 19 जिब वो न्याय की गद्दी पै बेठ्या होया था तो
उसकी घरआळी नै उस ताहीं कुहवां भेज्या, “तू उस धर्मी कै मामलै म्ह हाथ
ना गेरिये, क्यूँके मन्नै आज सपनै म्ह उसकै कारण घणा दुख ठाया सै।” 20
प्रधान याजकां अर यहूदी अगुवां नै माणसां ताहीं उकसाया के वे बरअब्बा नै
माँग ले, अर यीशु का नाश करावै। 21 राज्यपाल नै उसतै बुझ्झया, “इन
दोनुआ म्ह तै किसनै चाहो सो के मै थारे खात्तर छोड़ दियुँ?” उननै कह्या,
“बरअब्बा ताहीं।” 22 पिलातुस नै उनतै कह्या, “फेर यीशु ताहीं, जो मसीह
कुह्रावै सै, के करुँ?” सारया नै उसतै कह्या, “यीशु क्रूस पै चढ़ाया जावै!”
23 हाकिम नै कह्या, “क्यांतै, उसनै के बुरा करया सै?” पर वे और भी रुक्के
मारण लाग्गे, “वो क्रूस पै चढ़ाया जावै।” 24 जिब पिलातुस नै देख्या के
किमे न्ही बण पडरया पर उल्टा दंगा बढ़दा जावै सै, तो उसनै पाणी लेकै
भीड़ कै स्याम्ही अपणे हाथ धोए अर कह्या, “मै इस धर्मी कै लहू तै बेकसूर
सूं: थमे जाणो।” 25 सारे माणसां नै जवाब दिया, “इसकी मौत के जिम्मेदार
हम अर म्हारी ऊलाद होवांगे!” 26 इसपै उसनै बरअब्बा ताहीं उनकै खात्तर
रिहा कर दिया, अर यीशु कै कोड़े लगवाकै सौप दिया, के क्रूस पै चढ़ाया
जावै। 27 फेर राज्यपाल के सिपाहियाँ नै यीशु ताहीं किले म्ह ले जाकै सारी
पलटन उसकै चौगरदे नै कठ्ठी करी, 28 अर उसके लत्ते तारकै उस ताहीं
लाल रंग का चोग्गा पिहराया, 29 अर काण्डयाँ का ताज गुन्दकै उसकै सिर
पै धरया, अर उसकै सोळे हात्थां म्ह सरकण्डा दिया अर उसकै आग्गै गोड्डे
टेक कै उसका मखौल उड़ाण लाग्गे अर कह्या, “हे यहूदिया परदेस के राजा,
नमस्कार!” 30 अर उसपै थुक्या; अर वोए सरकण्डा लेकै उसकै सिर पै
मारण लाग्गे। 31 जिब उननै उसका मखौल कर लिया, तो वो चोग्गा उसपै तै
तारकै फेर उस्से के लत्ते उस ताहीं पिहराए, अर क्रूस पै चढ़ाण कै खात्तर ले
चाल्ले। 32 बाहरणै जान्दे होए, उन ताहीं शमौन नाम का एक कुरेनी माणस
मिल्या। उननै उस ताहीं बेकार म्ह पकड्या के उसका क्रूस ठाकै ले चाल्लै।
33 उस जगहां पै पोहचे जो “खोपड़ी” यानी इब्रानी भाषा म्ह “गुलगुता”

कुह्वावै सै। 34 उननै सिरका मिल्या होड़ अंगूर का रस उस ताहीं पीण नै
दिया, पर उसनै चाखकै पीणा न्ही चाह्या। 35 फेर उननै उस ताहीं क्रूस पै
चढ़ाया, अर पर्ची गेर कै उसके लत्ते बांड लिये, 36 अर ओड़ै बैठकै उसका
पैहरा देण लागगे। 37 अर उसका दोषपत्र लिखकै उसकै सिर पै लगाया, के,
"यो यहूदियाँ का राजा यीशु सै।" 38 फेर उसकै गेल्या दो डाकू एक सोळी
ओड़ अर एक ओळी ओड़, क्रूस पै चढ़ाए गए। 39 राह म्ह आण-जाण आळे
सिर हला-हलाकै उसकी बेजती करै थे, 40 अर वे कहवै थे, "हे मन्दर नै ढाण
आळे अर तीन दिनां म्ह बणाण आळे, अपणे-आपनै तो बचा! जै तू परमेसवर
का बेट्टा सै, तो क्रूस पै तै उतर आ।" 41 इस्से तरियां तै प्रधान याजक भी
शास्त्रियाँ अर यहूदी अगुवां सुधा मजाक करकै कहवै थे, 42 "इसनै औरां
ताहीं बचाया, अर अपणे-आपनै न्ही बचा सकदा। यो तो 'इस्राएल का राजा'
सै। इब क्रूस पै तै उतर आवै तो हम उसपै बिश्वास करां। 43 उसनै परमेसवर
पै भरोस्सा राख्या सै; जै वो इसनै चाहवै सै, तो इब इसनै छुड़ा लेवै, क्यूँके
इसनै कह्या था, 'मै परमेसवर का बेट्टा सूं'।" 44 इस्से ढाळ डाक्कू भी जो
उसकै गेल्या क्रूस पै चढ़ाए गए थे, उसकी बेजती करै थे। 45 दोफारी तै
लेकै तीन बजे ताहीं उस सारे देश म्ह अँधेरा छाया रहया। 46 तीसरे पहर
कै लोवै यीशु नै जोर तै बोल्या, "एली, एली, लमा शबक्तनी?" यानिके
"हे मेरे परमेसवर, हे मेरे परमेसवर, तन्नै मेरै ताहीं क्यांतै छोड़ दिया?"
47 जो उड़ै खड़े थे, कितन्याँ नै न्यू सुणकै कह्या, "वो तो एलिय्याह ताहीं
बुलावै सै।" 48 उन म्ह तै एक जिब्बे भाज्या, अर स्पंज (फोम) लेकै सिरके
म्ह ड्बोया, अर सरकण्डे पै धरकै उस ताहीं चुसाया। 49 औरां नै कह्या,
"रहज्या, देक्खो एलिय्याह उसनै बचाण आवै सै के न्ही।" 50 फेर यीशु नै
जोर तै किल्की मारकै जी दे दिया। 51 अर देक्खो, मन्दर का पड़दा उप्पर तै
तळै ताहीं पाटकै दो टुकड़े होग्या अर धरती काम्बगी चट्टान तड़कगी, 52 अर
कब्रे खुलगी, अर मरे होड़ भोत-से पवित्र माणस जो पैहले मुर्दे थे वे जिन्दा
होग्ये, 53 अर उसकै जिन्दा होण कै पाच्छै वे कब्रां म्ह तै लिकड़कै पवित्र
नगर म्ह गए अर घणाए ताहीं दिक्खे। 54 फेर सूबेदार अर जो उसकै गेल्या
पैहरा दे रे थे, हाल्लण अर जो कुछ होया था उस ताहीं देखकै घणे डरगे अर
कह्या, "साच्चए यो परमेसवर का बेट्टा था।" 55 ओड़ै घणखरी बिरबान्नी

जो गलील परदेस तै यीशु की सेवा कर दी होई उसकै गेल्या आई थी, दूर
तै देक्खै थी। 56 उन म्ह मरियम मगदलीनी, अर याकूब अर योसेस की
माँ मरियम, अर जब्दी के बेट्याँ की माँ थी। 57 जिब साँझ होई तो यूसुफ
नामका अरिमतिया गाम का एक साहूकार माणस, जो खुदे यीशु का चेल्ला
था। 58 उसनै पिलातुस धोरै जाकै यीशु की लाश माँगी। इस करकै पिलातुस
नै यीशु की लाश देण का हुकम दिया। 59 यूसुफ नै यीशु की लाश ली, उस
ताहीं धोळी चाद्दर म्ह लपेट्या, 60 अर उस ताहीं अपणी नई कब्र म्ह धरया,
जो उसनै चट्टान म्ह खुदवाई थी, अर कब्र के बारणै पै एक बड्ड़ा पत्थर
गिरड़ा कै चल्या गया। 61 मरियम मगदलीनी अर दुसरी मरियम ओड़ैए कब्र
कै स्याम्ही बेठ्ठी थी। 62 आगला दिन आराम का दिन था, उस दिन प्रधान
याजकां अर फरीसियाँ नै पिलातुस कै धोरै कठ्ठे होकै कह्या, 63 "हे महाराज,
म्हारै ताहीं याद सै के उस धोक्खेबाज नै जिब वो जिन्दा था, तो उसनै न्यू
कह्या था, 'मै मरण के तीन दिन पाच्छै जिन्दा हो जाऊँगा।' 64 इस करकै
हुकम दे के तीसरे दिन ताहीं कब्र की रुखाळी सावधानी तै करी जावै, इसा ना
हो के उसके चेल्लें आकै उसकी लाश नै चुरा ले जावै, अर माणसां तै कहण
लाग्गै, 'वो मरे होया म्ह तै जिन्दा होग्या सै।' फेर पाच्छला धोक्खा पैहल्ड़े तै
भी बड्ड़ा होगा।" (पैहला धोक्खा के वो खुद नै परमेसवर का बेट्टा बतावै सै,
दुसरा यो के इब वो तीसरे दिन मरे होया मै तै जी उठ्ठँगा) 65 "पिलातुस नै
उनतै कह्या, 'थारे धोरै पहरेदार तो सै जाओ, अपणी समझकै मुताबिक कब्र
की रुखाळी करो'। 66 आखर वे पैहरेदारां नै गैल लेकै ग्ये, अर कब्र के पत्थर
पै मोंहर लगाकै कब्र की रुखाळी करी।"

**28** आराम कै दुसरे दिन पाच्छै, हफ्तै कै पैहल्ड़े दिन, तड़कै ए तड़कै
मगदला कस्बे की मरियम अर दुसरी मरियम कब्र नै देखण आई। 2 अर
देक्खो, एक बड्ड़ा हाल्लण आया, क्यूँके प्रभु का सुर्गदूत सुर्ग तै उतरया अर
धोरै आकै उसनै पत्थर ताहीं गिरड़या दिया, अर उसपै बैठग्या। 3 उसका रूप
बिजळी बरगा था अर उसके लत्ते पाळे की ढाळ धोळे थे। 4 उसकै डर तै
पहरेदार काम्बगें, अर मुर्दे की ढाळ होग्ये। 5 सुर्गदूत नै बिरबानियाँ ताहीं
कह्या, "मतना डरो, मन्नै बेरा सै के थम यीशु नै जो क्रूस पै चढ़ाया गया था,
टोह्वो सो। 6 वो उरै न्ही सै, पर अपणे वचन कै मुताबिक जिन्दा होग्या सै।

आओ, या जगहां देक्खो, जित्त प्रभु राख्या गया था, 7 अर तावळे जाकै
उसके चेल्यां ताहीं कहो के वो मरे होया म्ह तै जिन्दा होग्या सै, अर वो थारे
तै पैहल्या गलील परदेस म्ह जावै सै, उड़ै उसका दर्शन पाओगे! देक्खो,
मन्नै थारे तै कह दिया।” 8 वे भय अर घणी खुशी कै गेल्या कब्र तै तावळी
बोहड़कै उसके चेल्यां ताहीं खबर देण नै भाज्जी गई। 9 फेर यीशु उन ताहीं
मिल्या। अर कह्या, “सुखी रहो।” उननै धोरै आकै अर उसके पाँ पकड़कै उस
ताहीं प्रणाम करया। 10 फेर यीशु नै उनतै कह्या, “मतना डरो; मेरे चेल्यां तै
जाकै कहो के गलील परदेस म्ह चले जावै, उड़ै वो मन्नै देखैगें।” 11 जिब वे
चेल्यां ताहीं या खबर देण जाण लागरी थी। तो पैहरेदारां म्ह तै, जो कब्र की
रुखाळी करै थे, उन म्ह तै कईयाँ नै नगर म्ह आकै सारा हाल प्रधान याजकां
तै कह सुणाया। 12 फेर उननै यहूदी अगुवां कै गेल्या कठ्ठे होकै सलाह करी
अर सिपाहियाँ ताहीं घणाए धन देकै हुकम दिया, 13 “के माणसां तै न्यू
कहियो के जिब हम रात नै सोण लागरे थे, तो उसके चेल्लें आकै उसकी
लाश नै चुरा लेगे। 14 जै थारे सोण की खबर राज्यपाल कै कान्नां ताहीं
पोहोचैगी, तो हम उसनै समझा लेवैगें अर थमनै जोखिम तै बचा लेवांगें।” 15
आखर उननै रपिये लेकै जिसे सिखाए गये थे, उस्से तरियां ए करया। या
बात आज ताहीं यहूदी माणसां म्ह मान्नी जावै सै। 16 ग्यारहां चेल्लें गलील
परदेस म्ह उस पहाड़ पै गये, जिस ताहीं यीशु नै उन ताहीं बताया था। 17
उननै उसका दर्शन पाकै उस ताहीं प्रणाम करया, पर कईयाँ नै शक होया के
यीशु जिन्दा होग्या सै। 18 यीशु नै उनकै धोरै आकै कह्या, “सुर्ग अर धरती
का सारा हक मेरै ताहीं दिया गया सै। 19 इस करकै थम जाओ, सारी जात्तां
के माणसां ताहीं चेल्ला बणाओ; अर उननै पिता, पुत्र अर पवित्र आत्मा कै
नाम तै बपतिस्मा द्यो, 20 अर उननै सारी बात जो मन्नै थारे ताहीं हुकम
दिया सै, मानना सिखाओ: अर देक्खो मै दुनिया कै अंत तक सदा थारे गैल
रहूँगा।” **(aiōn g165)**

# मरकुस

**1** यो सुसमाचार यीशु मसीह के बारें म्ह सै। जो परमेसवर का बेट्टा सै। अर
इसकी शरुआत इस तरियां होई 2 जिसा के यशायाह नबी की किताब म्ह
परमेसवर नै अपणे बेट्टे ताहीं कह्या सै: "देख, मै अपणे दूत नै तेरे आग्गै
भेज्जू सूं, जो तेरे खात्तर लोग्गां नै तैयार करैगा। 3 जंगल-बियाबान म्ह एक
रुक्का मारणीये का बोल सुणाई देवै सै के प्रभु के आण खात्तर अपणे-
आपनै तैयार करो।" 4 वो दूत यूहन्ना था, जो जंगल-बियाबान म्ह कहवै
था, "पाप करणा छोड़ द्यो अर बपतिस्मा ल्यो परमेसवर थारे पाप माफ
कर देगा।" 5 सारे यहूदिया परदेस के, अर यरुशलेम नगर के सारे बासिन्दे
लिकड़कै उसकै धोरै गए, अर अपणे पापां नै मानकै यरदन नदी म्ह उसतै
बपतिस्मा लिया। 6 यूहन्ना ऊँट के रुए के लत्ते पहरे, अर अपणी कड़ म्ह
चमड़े की पेट्टी बाँधे रहवै था, अर टिड्डियाँ अर शहद खाया करै था। 7 अर न्यू
प्रचार करै था, "मेरे पाच्छै वो आण आळा सै, जो मेरै तै शक्तिशाली सै, मै
इस लायक कोनी के झुककै उसके जूत्याँ के फित्ते खोल्लूं। 8 मन्नै तो थारे
ताहीं पाणी तै बपतिस्मा दिया सै पर वो थमनै पवित्र आत्मा तै बपतिस्मा
देवैगा।" 9 उन दिनां म्ह यीशु नै गलील परदेस कै नासरत नगर तै होकै,
यरदन नदी म्ह यूहन्ना तै बपतिस्मा लिया। 10 अर जिब वो पाणी म्ह तै
लिकड़कै उप्पर आया, तो जिब्बे उसनै अकास ताहीं खुल्दे अर पवित्र आत्मा
ताहीं कबूतर की तरियां अपणे उप्पर आन्दे देख्या। 11 अर परमेसवर सुर्ग म्ह
तै बोल्या, "तू मेरा प्यारा बेट्टा सै, तेरे तै मै राज्जी सूं।" 12 फेर पवित्र आत्मा
नै जिब्बे उस ताहीं जंगल-बियाबान कान्ही भेज्या। 13 जंगल-बियाबान म्ह
चाळीस दिन ताहीं शैतान उस ताहीं परखता रहया, अर वो जंगल-बियाबान
म्ह पशुआं कै गेल्या रह्या, अर सुर्गदूत उसकी सेवा करदे रहे। 14 यूहन्ना कै
पकड़े जाणकै कुछ बखत पाच्छै, यीशु नै गलील परदेस म्ह आकै परमेसवर
कै राज्य का सुसमाचार प्रचार करया, 15 अर कह्या, "बखत पूरा होया सै,
अर परमेसवर का राज्य धोरै आरया सै; पाप करणा छोड़ द्यो, अर परमेसवर
के सुसमाचार पै बिश्वास करो।" 16 गलील परदेस म्ह गलील समुन्दर कै
किनारे जान्दे होड़, उसनै शमौन अर उसके भाई अन्द्रियास ताहीं समुन्दर म्ह
जाळ गेर दे देख्या; क्यूँके वे मछवारे थे। 17 यीशु नै उनतै कह्या, "मेरै पाच्छै

आओ, मै थमनै माणसां ताहीं कठ्ठे करण आळे बणाऊँगा ताके वो मेरे चेल्लें
बणे।" 18 वे जिब्बे जाळां नै छोड़कै उसके चेल्लें बणण खात्तर उसकै पाच्छै
हो लिये। 19 थोड़ा आग्गै चालकै, उसनै जब्दी के बेट्टे याकूब अर उसकै भाई
यूहन्ना ताहीं, किस्ती पै जाळां ताहीं ठीक करदे देख्या। 20 उसनै जिब्बे उन
ताहीं बुलाया; अर वे अपणे पिता जब्दी ताहीं मजदूरां कै गेल्या किस्ती पै
छोड़कै, उसके चेल्लें बणण खात्तर उसकै पाच्छै हो लिये। 21 जिब यीशु
अर उसके चेल्लें कफरनहूम नगर म्ह आए, अर वो जिब्बे आराम कै दिन
आराधनालय म्ह जाकै उपदेश देण लाग्या। 22 अर माणस उसके उपदेश तै
हैरान होगे; क्यूँके वो उननै शास्त्रियाँ की ढाळ न्ही, पर अधिकार तै उपदेश
देवै था। 23 उस्से बखत, उनकै आराधनालय म्ह एक माणस था, जिसम्ह
ओपरी आत्मा थी। 24 उसनै रुक्का मारकै कह्या, "हे नासरत के यीशु, हमनै
तेरे तै के काम? के तू म्हारा नाश करण नै आया सै? मै तन्नै जांणु सूं, तू
कौण सै? तू परमेसवर की ओड़ तै भेज्या होया पवित्र मसीह सै!" 25 यीशु
नै उसतै धमकाकै कह्या, "चुपचाप रहै, अर इस माणस म्ह तै लिकड़ जा।"
26 फेर ओपरी आत्मा ऊँच्ची आवाज म्ह किल्की मारकै उस म्ह तै लिकड़गी।
27 इस बात पै सारे माणस अचम्भा करदे होए आप्पस म्ह बहस करण
लाग्गे, "या के बात सै? यो तो कोए नया-ए उपदेश सै! वो हक कै गेल्या
ओपरी आत्मायाँ नै भी हुकम देवै सै, अर वे उसका हुकम मान्नै सै।" 28
अर उसका नाम जिब्बे गलील के पूरे परदेस म्ह हरेक जगहां फैलग्या। 29
यीशु अर उसके सारे चेल्लें जिब्बे आराधनालय म्ह तै लिकड़कै, याकूब अर
यूहन्ना कै गेल्या शमौन अर अन्द्रियास कै घरां आये। 30 शमौन की सास्सू
कै बुखार चढ़रया था, अर उसके चेल्यां नै जिब्बे उसकै बाबत यीशु ताहीं
बताया। 31 फेर यीशु नै धोरै जाकै उसका हाथ पकड़कै उस ताहीं ठाया, अर
उसका बुखार उतर ग्या, अर वा उनकी सेवा-पाणी करण लाग्गी। 32 साँझ
कै बखत जिब सूरज डूबग्या तो माणस सारे बिमारां ताहीं अर उननै, जीनम्ह
ओपरी आत्मा थी, यीशु कै धोरै ल्याए। 33 अर साब्ता नगर दरबाजे पै कठ्ठा
होया। 34 उसनै घणखरयां ताहीं जो कई ढाळ की बिमारियाँ तै दुखी थे, ठीक
करया, घणखरी ओपरी आत्मायाँ ताहीं काढ्या, अर ओपरी आत्मायाँ ताहीं
बोल्लण कोनी दिया, क्यूँके वे उसनै पिच्छाणै थी, के यीशु परमेसवर की

ओड़ तै भेज्या होया मसीह सै। 35 तड़कैए दिन लिकड़ण तै पैहल्या, यीशु
शमौन के घर तै उठकै लिकड़या, अर एक बियाबान जगहां म्ह गया अर उड़ै
प्रार्थना करण लागग्या। 36 फेर शमौन अर उसके साथी उसकी टोह् म्ह गए।
37 जिब वो मिल्या, तो उस ताहीं कह्या, "सारे नगर के माणस तन्नै टोहवै
सै।" 38 उसनै उनतै कह्या, "आओ; हम और किते लोवै-धोवै की बस्तियों
म्ह जावां, के मै उड़ै भी प्रचार करूँ, क्यूँके मै इसे खात्तर आया सूं।" 39 अर
वो सारे गलील परदेस म्ह उनके आराधनालयाँ म्ह जा-जाकै उन ताहीं उपदेश
सुणान्दा अर ओपरी आत्मायाँ ताहीं लिकाड़दा रह्या। 40 एक कोढ़ी उसकै
धोरै आया, उसतै बिनती करी, अर उसकै आग्गै गोड्डे टेककै उस ताहीं कह्या,
"जै तू चाहवै तो मन्नै ठीक कर सकै सै।" 41 उसनै उसपै तरस खाकै हाथ
बढ़ाकै, अर उस ताहीं छू कै कह्या, "मै चाहूँ सूं, के तू इस बीमारी तै ठीक हो
ज्या।" 42 अर जिब्बे उसका कोढ़ जान्दा रह्या, अर वो ठीक होग्या। 43
फेर उसनै उस ताहीं चेतावनी देकै जिब्बे बिदा करया, 44 अर उसतै कह्या,
"लखा, किसे तै कुछ मतना कहिये, पर जाकै अपणे-आपनै याजक ताहीं
दिखा, अर अपणे कोढ़ तै ठीक होण कै बारै म्ह जो कुछ मूसा नबी नै जो
पवित्र ग्रन्थ म्ह चढ़ावा बताया सै उसनै चढ़ा, के माणसां खात्तर या गवाही
हो, के तू ठीक होग्या सै।" 45 पर वो बाहरणै जाकै इस बात का घणा प्रचार
करण अर याड़ै ताहीं फैलाण लागग्या के यीशु दुबारै सरेआम नगर म्ह कोनी
जा सक्या, पर बाहरणै सुनसान स्थानां म्ह रह्या, अर चौगरदे तै माणस उसकै
धोरै आन्दे रहे।

**2** थोड़े दिनां पाच्छै यीशु फेर कफरनहूम नगर म्ह आया, अर माणसां नै
सुण्या के वो घर म्ह सै। 2 फेर इतने माणस कठ्ठे होए के दरबाजे धोरै भी
जगहां कोनी थी, अर वो उननै परमेसवर के वचन सुणाण लागरया था। 3
अर चार माणस एक लकवे कै मरीज ताहीं बिस्तर पै लिटाकै उसकै धोरै
ल्याए। 4 पर जिब वे भीड़ कै कारण उसकै धोरै कोनी पोहच सके, तो उननै
उस छात ताहीं जिसकै तळै यीशु था, खोल दिया; तो उस बिस्तर समेत
जिसपै वो लकवे का मरीज लेट्या था, नीच्चै उतार दिया। 5 यीशु नै उनका
बिश्वास देखकै उस लकवे के मरीज ताहीं कह्या, "हे बेट्टे, मन्नै तेरे पाप माफ
कर दिये।" 6 फेर घणे शास्त्री जो उड़ै बेठ्ठे थे, अपणे-अपणे मन म्ह सोच्चण

लाग्गे, 7 “यो माणस न्यू क्यांतै कहवै सै? यो तो परमेसवर की बुराई करै
सै! परमेसवर नै छोड़कै और कौण पाप माफ कर सकै सै?” 8 यीशु नै
जिब्बे अपणे मन म्ह जाण लिया के वे अपणे-अपणे मन म्ह इसा विचार
क्यांतै करण लागरे सै? अर उनतै कह्या, “थम अपणे-अपणे मन म्ह यो
विचार क्यूँ करण लागरे सो? 9 आसान के सै? के लकवे कै मरीज ताहीं यो
कहणा के तेरे पाप माफ होए, या फेर यो कहणा के उठ अपणा बिस्तर ठाकै
हाँड-फिर? 10 पर जिसतै थम जाण ल्यो के मुझ माणस कै बेट्टे नै धरती पै
पाप माफ करण का भी हक सै।” उसनै उस लकवे कै मरीज ताहीं कह्या, 11
“मै तेरे तै कहूँ सूं, उठ, अपणे बिस्तर ठाकै अपणे घरां चल्या जा।” 12 वो
उठ्या अर जिब्बे बिस्तर ठाकै उसकै स्याम्ही तै लिकड़ग्या; इसपै सारे हैरान
होगे, अर परमेसवर की बड़ाई करकै कहण लाग्गे, “हमनै इसा पैहल्या कदे
कोनी देख्या।” 13 यीशु दुबारा लिकड़कै गलील समुन्दर कै किनारे गया, अर
सारी भीड़ उसकै धोरै आई, अर वो उननै उपदेश देण लाग्या। 14 जान्दे होए
उसनै हलफई के बेट्टे लेवी जिसका नाम मत्ती था, चुंगी की चौकी पै बेठ्ठे
देख्या, अर उसतै कह्या, “मेरा चेल्ला बणण खात्तर मेरै पाच्छै हो ले।” अर वो
उठकै उसकै पाच्छै हो लिया। 15 जिब वो मत्ती के घर म्ह खाणा खाण
बेठ्या, तो घणेए चुंगी लेण आळे अर जिननै लोग पापी कहवै थे, यीशु अर
उसकै चेल्यां गेल्या खाणा खाण बेठ्ठे; क्यूँके वे घणे सारे थे, अर उसकै साथ
हो लिए थे। 16 शास्त्रियाँ अर फरीसियाँ नै न्यू देखकै के वो तो पापी अर
चुंगी लेण आळा गेल्या खाणा खावै सै, उसके चेल्यां ताहीं कह्या, “वो तो
चुंगी लेण आळे अर जिननै लोग पापी कहवै सै, उनकै गेल्या खावै-पीवै सै।”
17 यीशु नै या सुणकै उनतै कह्या, “आच्छे-बिच्छयां नै वैद की जरूरत कोनी,
पर बिमारां नै सै: जो अपणे-आपनै धर्मी कहवै सै, मै उननै न्ही, पर जो
अपणे-आपनै पापी कहवै सै उननै बुलाण आया सूं।” 18 यूहन्ना के चेल्लें,
अर फरीसी ब्रत करया करै थे, तो उननै आकै उसतै कह्या, “यूहन्ना के चेल्लें
अर फरीसियाँ के चेल्लें ब्रत क्यांतै करै सै, पर तेरे चेल्लें ब्रत न्ही राखदे?”
19 यीशु नै उनतै कह्या, “जिब ताहीं बन्दड़ा बरातियाँ कै गेल्या सै, के वे ब्रत
राख सकै सै? आखर जिब ताहीं बन्दड़ा उनकै गेल्या सै, जद ताहीं वे ब्रत
कोनी कर सकदे। 20 पर वे दिन भी आवैगें जिब बन्दड़ा उनतै न्यारा करया

जावैगा; उस बखत वे ब्रत करैगें। 21 “नये लत्यां की थेग्ळी पुराणे लत्यां पै
कोए न्ही लगान्दा, न्ही तो वा थेग्ळी उस म्ह तै खुस्का लेवैगी, यानिके नया,
पुराणे तै, अर वो पैहल्या तै घणा पाट जावैगा। 22 नये अंगूर के रस ताहीं
पुराणी मशकां म्ह कोए कोनी राखदा, न्ही तो अंगूर का रस मशकां नै पाड़
देवैगा, अर अंगूर का रस अर मशक दोनुआ का नाश हो जावैगा, पर नया
अंगूर का रस नई मशकां म्ह भरया जावै सै।” 23 न्यू होया के आराम कै दिन
यीशु चेल्यां कै गैल खेत्तां म्ह तै होकै जाण लागरया था, अर उसके चेल्लें
चाल्दे होए गेहूँ की बाल तोड़ण लाग्गे। 24 तो फरीसियाँ नै उस ताहीं कह्या,
“देख, ये आराम कै दिन वो काम क्यांतै करै सै? जो नियम-कायदा के
खिलाफ सै।” 25 यीशु नै उनतै कह्या, “के थमनै पवित्र ग्रन्थ म्ह यो न्ही
पढ़्या के जिब म्हारे पूर्वज दाऊद नै जरूरत होई, अर जिब वो अर उसके
साथी भूक्खे होए, फेर उसनै के करया था? 26 उसनै किस ढाळ अबियातार
महायाजक कै बखत, परमेसवर कै घर म्ह जाकै भेंट की रोट्टी खाई, जिनका
खाणा याजकां नै छोड़ और किसे कै खात्तर खाणा ठीक कोनी, अर अपणे
साथियाँ ताहीं भी दी?” 27 फेर उसनै उन ताहीं कह्या, “आराम का दिन
माणस खात्तर बणाया गया सै, ना के माणस आराम कै दिन के खात्तर। 28
इस करकै मै माणस का बेट्टा आराम कै दिन का भी माल्लिक सूं।”

**3** यीशु फेर आराम कै दिन आराधनालय म्ह गया; उड़ै एक माणस था
जिसका हाथ सूखरया था, 2 अर फरीसी यीशु पै दोष लाण खात्तर उसकी
टाह म्ह थे के देक्खै, वो आराम कै दिन उसनै ठीक करै सै के न्ही। 3 उसनै
सूखे हाथ आळे माणस तै कह्या, “बीच म्ह खड्या होज्या” 4 अर उनतै कह्या,
“के मूसा के नियम-कायदा कै मुताबिक आराम कै दिन भला करणा ठीक सै
या बुरा करणा, जान बचाणा या मारणा?” पर वे बोल-बाल्ले रहे। 5 फेर
उसनै उनकै मन की कठोरता तै काल होकै, उन ताहीं छो तै चोगरदेनै देख्या,
अर उस माणस ताहीं कह्या, “अपणा हाथ बढ़ा।” उसनै बढ़ाया, अर उसका
हाथ ठीक हो गया। 6 फेर फरीसी बाहरणै जाकै जिब्बे हेरोदेस राजा के
समर्थकां कै गेल्या उसकै बिरोध म्ह सलाह करण लाग्गे के उसका नाश किस
तरियां करया जावै। 7 यीशु अपणे चेल्यां गेल्या गलील समुन्दर कान्ही चल्या
गया: अर गलील तै एक बड्डी भीड़ उसकै पाच्छै हो ली; 8 अर यहूदिया नगर,

अर यरुशलेम नगर, अर इदूमिया परदेस, अर यरदन नदी के परली ओड़, अर
सूर अर सैदा नगर के लोवै-धोवै तै एक बड्डी भीड़ न्यू सुणकै के वो किसे
अचम्भे आळे काम करै सै, उसनै देक्खण आई। 9 यीशु नै अपणे चेल्यां तै
कह्या, "भीड़ की बजह तै एक छोट्टी किस्ती मेरै खात्तर त्यार राखियों ताके वे
मन्नै दाब न्ही सकै।" 10 क्यूँके उसनै घणखरयां ताहीं ठीक करया था, इस
करकै जितने माणस बीमार थे, उस ताहीं छूण खात्तर उसपै पड़ण लागरे थे।
11 जिन म्ह ओपरी आत्मा भी जिब उस ताहीं देक्खै थी, तो उसकै स्याम्ही
गिर ज्या थी, अर किल्की मारकै कहवै थी, तू परमेसवर का बेट्टा सै। 12 अर
उसनै ओपरी आत्मायाँ ताहीं चेतावनी देकै कह्या के मेरै बारै म्ह किसे तै ना
कहियो के मै कौण सूं। 13 फेर यीशु पहाड़ पै चढ़ग्या, अर जिन नै वो चाहवै
था उन ताहीं अपणे धोरै बुलाया; अर वे उसकै धोरै आए। 14 फेर उसनै उन
म्ह तै बारहा चेल्यां ताहीं नियुक्त करया के वे उसकै गेल्या-गेल्या रहवै, अर वो
उननै भेज्जै के वे प्रचार करै, 15 अर ओपरी आत्मा ताहीं काढ़ण का हक
राक्खै। 16 वे बारहा चेल्लें ये सै: "शमौन जिसका नाम उसनै पतरस धरया,
17 अर जब्दी का बेट्टा याकूब अर याकूब का भाई यूहन्ना, जिसका नाम
उसनै बुअनरगिस यानिके 'गरजण का बेट्टा' धरया।" 18 अर अन्द्रियास, अर
फिलिप्पुस, अर बरतुल्मै, अर मत्ती, अर थोमा, अर हलफई का बेट्टा याकूब,
अर तद्दै, अर शमौन कनानी, 19 अर यहूदा इस्करियोती जिसनै उस ताहीं
पकड़वा भी दिया था। 20 फेर यीशु घरां आया; अर इसी भीड़ कट्ठी होई, के
यीशु अर उसके चेल्यां पै रोट्टी भी कोनी खाई गई। 21 जिब उसके कुण्बा
आळा न्यू सुण्या, तो वे उस ताहीं घरां ले जाण खात्तर लिकड़े; क्यूँके वे कहवै
थे, "के उसका दिमाग ठिकाणै कोनी सै" 22 शास्त्री भी जो यरुशलेम नगर
तै आये थे, वे कहवै थे, "उस म्ह शैतान सै," अर न्यू भी के "वो ओपरी
आत्मायाँ के सरदार शैतान की मदद तै ओपरी आत्मायाँ नै लिकाड़ै सै।" 23
ज्यातै यीशु उननै धोरै बुलाकै उदाहरणां म्ह कहण लाग्या, "शैतान क्यूँकर
ओपरी आत्मायाँ नै काढ सकै सै?" 24 जै किसे राज्य म्ह फूट पड़ै, तो वो
राज्य किस तरियां टिक्या रह सकै सै? 25 अर जै किसे घर म्ह फूट पड़ै, तो
वो घर क्यूँकर डटया रह सकैगा? 26 इस करकै जै शैतान खुद का ए बिरोधी
होकै अपणे म्ह फूट गेरै, तो वो किस तरियां बण्या रहै सकै सै? उसका तो

नाश हो जावै सै। 27 “पर कोए माणस किसे ठाड्डे माणस कै घर म्ह बड़कै
उसका माळ कोनी लूट सकदा, जिब तक के पैहल्या उस ठाड्डे माणस ताहीं
ना जुड़ ले; जिब वो उसके घर नै लूट लेवैगा। 28 मै थमनै साच्ची-साच कहूँ
सूं के माणसां के सारे पाप अर बुराई जो वे करै सै, माफ करे जावैंगे, 29
पर जो कोए पवित्र आत्मा कै बिरोध म्ह बुराई करै सै, वो कदे माफ कोनी
करया जावैगा: बल्के वो अनन्त पाप का कसूरवार बण ज्यागा।” (aiōn g165,
aiōnios g166) 30 क्यूँके वे न्यू कहवै थे के उस म्ह ओपरी आत्मा सै। 31 फेर
यीशु की माँ अर उसके भाई आए, अर बाहरणै खड़े होकै उस ताहीं बुलावा
भेज्या। 32 भीड़ उसकै लोवै-धोवै बेठ्ठी थी, अर उननै उसतै कह्या, “देख, तेरी
माँ अर तेरे भाई बाहरणै तन्नै टोहवै सै।” 33 यीशु नै उनतै जवाब दिया, “मेरी
माँ अर मेरे भाई कौण सै?” 34 अर जो उसकै लोवै-धोवै बेठ्ठे थे, उनपै
निगांह करकै कह्या, “देक्खों, मेरी माँ अर मेरे भाई ये सै। 35 क्यूँके जो कोए
परमेसवर की इच्छा पै चाल्लै, वोए मेरा भाई, मेरी बेब्बे, अर मेरी माँ सै।”

**4** यीशु फेर गलील समुन्दर कै किनारे उपदेश देण लागग्या: अर इसी बड्डी
भीड़ उसकै धोरै कठ्ठी होगी के वो समुन्दर म्ह एक किस्ती पै चढ़कै बैठग्या,
अर सारी भीड़ जमीन पै समुन्दर कै किनारे खड़ी रही। 2 अर वो उननै
उदाहरणां म्ह घणीए बात सिखाण लाग्या, अर अपणे उपदेश म्ह उन ताहीं
कह्या, 3 “सुणो! एक किसान बीज बोण लिकड़या। 4 बोंदे बखत कुछ राही
कै किनारे पड़े, अर पंछियाँ नै आकै उन ताहीं चुग लिया। 5 कुछ पथरीली
धरती पै पड़े जड़ै उसनै घणी माट्टी ना मिली, अर ढुंघी माट्टी ना मिलण कै
कारण तोळाए उग्या, 6 अर जिब सूरज लिकड़या तो जळगे, अर जड़ ना
पकड़ण कै कारण सुखगे। 7 कुछ झाड़ियाँ म्ह पड़े, अर झाड़ियाँ नै आग्गै
बढ़कै उन ताहीं दाब दिया, अर वो फळ कोनी ल्याये। 8 पर कुछ आच्छी
धरती पै पड़े, अर वो उग्या अर बढ़कै फळ ल्याये; अर कोए तीस गुणा, कोए
साठ गुणा अर कोए सौ गुणा फळ ल्याया।” 9 फेर उसनै कह्या, “जिसके
कान हों, वो ध्यान तै सुण ले।” 10 जिब यीशु एक्ला रहग्या, तो उसके
साथियाँ नै उन बारहां चेल्यां सुधा उसतै इन उदाहरणां कै बारै म्ह बुझ्झया।
11 उसनै उनतै कह्या, “थारे ताहीं तो परमेसवर कै राज्य के भेद की समझ दे
राक्खी सै, पर बाहर आळा खात्तर सारी बात उदाहरणां म्ह होवै सै।” 12 इस

करकै के “वे देखदे होए देक्खै पर उननै दिखाई ना देवै अर सुणदे होए सुणै
भी पर ना समझै; इसा ना हो के वे पाप करणा छोड़दे, अर वे माफ करे
जावै।” **13** फेर यीशु नै उनतै कह्या, “के थम यो उदाहरण कोनी समझे? तो
फेर और सारे उदाहरणां नै किस तरियां समझोगे? **14** किसान जो बीज बोण
आळा सै वो वचन बोण आळे कै समान सै। **15** राही कै किनारे गिरे बीज उन
माणसां की तरियां सै जो वचन सुणै सै, तो शैतान जिब्बे आकै वचन नै जो
उन म्ह बोया गया था, ठा ले जावै सै। **16** उस्से तरियां-ए जो पथरीली धरती
पै बीज गिरे सै, ये वे सै जो वचन सुणकै जिब्बे खुश होकै अपणा लेवैं सै। **17**
पर उनकै भीत्तर जड़ न्ही पकड़ण कै कारण थोड़े-से दिनां कै खात्तर रहै सै;
इसकै बाद जिब वचन कै कारण उनपै क्लेश या संकट आवै सै, तो वे जिब्बे
ठोक्कर खा जावै सै। **18** जो झाड़ियाँ म्ह बीज गिरे ये वे सै जिन नै वचन
सुण्या, **19** अर दुनिया की फिक्र, अर धन का धोक्खा, अर दुसरी चिज्जां का
लालच म्ह पड़कै वचन नै दाब देवै सै अर वो फळदा कोनी। **(aiōn g165)** **20**
अर जो आच्छी धरती पै बीज गिरे, ये वे सै जो वचन सुणकै अपणा लेवैं सै
अर फळ ल्यावै सै, कोए तीस गुणा, कोए साठ गुणा अर कोए सौ गुणा।”
**21** यीशु नै उनतै एक और उदाहरण दिया, “के दीवै नै इस खात्तर कोनी
जळान्दे, के उसनै बरतन या खाट कै तळै धर देवां? पर इस खात्तर के टांडी पै
धरया जावै? **22** इसा कुछ भी न्ही जो लुक्या हो, अर खोल्या न्ही जावैगा अर
ना कुछ गुप्त सै, जिसके बारें म्ह बेरा ना लाग्गै। **23** जै किसे के कान हों, तो
ध्यान तै सुण ले।” **24** फेर उसनै उनतै कह्या, “चौक्कस रहियो की के सुणो
सो। जिस नाप तै थम नाप्पो सों उस्से नाप तै थारे खात्तर भी नाप्या जावैगा।
अर थारे ताहीं घणा दिया जावैगा। **25** क्यूँके जिसकै धोरै सै, उस ताहीं दिया
जावैगा, अर जिसकै धोरै न्ही सै, उसतै वो भी जो उसकै धोरै सै, ले लिया
जावैगा।” **26** फेर यीशु नै उन ताहीं एक और उदाहरण दिया, “परमेसवर का
राज्य इसा सै, जिसा कोए माणस धरती पै बीज छिडकै सै, **27** अर रात नै
सोग्या अर सबेरै जाग ग्या, अर वो बीज इसा उगै अर बधै सै के उसनै बेराए
कोनी लाग्या। **28** धरती खुद-बै-खुद फळ लावै सै, पैहल्या अंकुर, फेर बाल,
अर फेर बाल म्ह त्यार दाणा। **29** पर जिब दाणा पक जावै सै, फेर वो जिब्बे
दांती लावै सै, क्यूँके लामणी का बखत आण पोहचा सै।” **30** फेर यीशु नै उन

ताहीं एक और उदाहरण दिया, “हम परमेसवर के राज्य की बराबरी किसतै
करां अर किस उदाहरण तै उसका खुलास्सा करां? 31 वो राई कै दाणै की
ढाळ सै: जिब धरती म्ह बोया जावै सै तो धरती कै सारे बीज्जां तै छोट्टा होवै
सै, 32 पर जिब बोया गया, तो जामकै सारे सागपात तै बड्ड़ा हो जावै सै,
अर उसकी इतनी बड्डी डाळी लिकड़ै सै के अकास के पंछी उसकी छाया तळै
बसेरा कर सकै सै।” 33 यीशु उन ताहीं इस तरियां कै घणे उदाहरण दे-देकै
उनकी समझकै मुताबिक वचन सुणावै था, 34 अर इस तरियां की शिक्षा देण
खात्तर वो उदाहरणां का ए इस्तमाल करया करदा; पर एक्ले म्ह वो अपणे
चेल्यां ताहीं सारी बात्तां का मतलब बतावै था। 35 उस्से दिन जिब साँझ होई,
तो यीशु नै चेल्यां तै कह्या, “आओ, हम समुन्दर के परली ओड़ चाल्लां।” 36
अर वे भीड़ नै छोड़कै जिसा वो था, उसाए उस ताहीं किस्ती पै गेल्या ले
चाल्ले; अर उसकै गेल्या और भी किस्ती थी। 37 फेर बड़ीए आँधी आई, अर
पाणी की झाल किस्ती कै उरै ताहीं लाग्गी के वा पाणी तै भरण नै होगी। 38
पर यीशु पाच्छले हिस्से म्ह गद्दी लगाई सोण लाग रह्या था। फेर उननै उस
ताहीं जगाकै उसतै कह्या, “हे गुरु, के तन्नै चिन्ता कोनी के हम डूबके मरण
आळे सां?” 39 फेर उसनै उठकै आँधी ताहीं धमकाया, अर पाणी की झाल
तै कह्या, “शांत रहै, थम ज्या।” अर आँधी थमगी अर पूरी तरियां शान्ति
छागी। 40 उसनै उनतै कह्या, “थम क्यूँ डरो सों? के थमनै इब ताहीं बिश्वास
कोनी?” 41 वे घणे डरगे, अर आप्पस म्ह बोल्ले, “यो कौण सै के आँधी अर
पाणी की झाल भी उसका हुकम मान्नैं सै?”

**5** यीशु अर उसके चेल्लें गलील समुन्दर कै परली ओड़ गिरासेनियों कै
परदेस म्ह पोहचे, 2 जिब यीशु किस्ती पै तै उतरया तो जिब्बे एक माणस
जिसम्ह ओपरी आत्मा थी, कब्रिस्तान म्ह तै लिकड़कै उसतै मिल्या। 3 वो
कब्रिस्तान म्ह रह्या करै था अर कोए उस ताहीं बेल्लां तै भी कोनी जुड़ सकै
था, 4 क्यूँके वो घणीए बर बेड़ियाँ अर बेल्लां तै जुड्यां गया था, पर उसनै
बेल्लां ताहीं तोड़ दिया था अर बेड़ियाँ के टुकड़े-टुकड़े कर दिये थे, अर कोए
उस ताहीं बस म्ह कोनी कर सकै था। 5 वो सारीहाण रात-दिन कब्रिस्तानां
अर पहाड़ां म्ह किल्की मारदा अर खुद नै पत्थरां तै जख्मी करै था। 6 वो
यीशु नै दूर तै ए देखकै भाजकै आया, उसके पायां म्ह पड़कै घुटने टेक दिए,

7 अर जोर तै किल्की मारकै कह्या, "हे यीशु, परमप्रधान परमेसवर के बेट्टे,
मन्नै तेरे तै के काम? मै तन्नै परमेसवर की कसम दियुँ सूं के मन्नै काल ना
करै।" 8 क्यूँके उसनै उसतै कह्या था, "हे ओपरी आत्मा, इस माणस म्ह तै
लिकड़ आ!" 9 यीशु नै उसतै बुझ्झया, "तेरा के नाम सै?" उसनै उस ताहीं
कह्या, "मेरा नाम सेना सै, क्यूँके हम घणे सां।" 10 अर उसनै यीशु तै घणी
बिनती करी, "के हमनै इस परदेस तै बाहरणै ना खन्दावै।" 11 उड़ै पहाड़ पै
सूअरां का एक बड़्ड़ा टोळ चरै था। 12 ओपरी आत्मायाँ नै यीशु तै बिनती
करकै कह्या, "हमनै उन सूअरां म्ह भेजदे के हम उनकै भीत्तर समा जावां।"
13 यीशु नै उन ताहीं हुकम दिया अर ओपरी आत्मा लिकड़कै सूअरां कै
भीत्तर समागी अर टोळ, जो कोए दो हजार का था, ढळान पै तै झपटकै
गलील समुन्दर म्ह पड़कै डूब मरया। 14 उनके पाळीयाँ नै जो डरे होए थे,
भाजकै कस्बे अर गाम्मां म्ह खबर सुणाई, अर जो होया था, माणस उस
ताहीं देक्खण आए। 15 अर यीशु कै धोरै आकै वे उस ताहीं जिसम्ह ओपरी
आत्मा थी, यानिके जिस म्ह सेना बड़री थी, लत्ते पहरे अर सोध्दी म्ह बेठ्ठे
देख्या। 16 अर देखण आळा नै उसका, जिसम्ह ओपरी आत्मा थी, अर
सूअरां का पूरा किस्सा उन ताहीं कह सुणाया। 17 फेर वे उसतै बिनती करकै
कहण लाग्गे के म्हारी सीमा तै लिकड़ज्या। 18 जिब यीशु किस्ती पै चढ़ण
लागग्या, तो वो जिस म्ह पैहल्या ओपरी आत्मा थी, उसतै बिनती करण
लाग्या, के "मन्नै अपणे गेल्या रहण दे।" 19 पर यीशु नै उस ताहीं मंजूरी
मेरे बिश्वासी भाईयो, मेरे विचार तै मै इस ताहीं इब तक पा न्ही सका सूं, पर
हाँ, मै यो जरुर करण लागरया सूं, क्यूँके जो बात हो ली सै, मै उननै भूलकै
जो आग्गै होण आळा सै उसकै खात्तर मेहनत करण लागरया सूं। **14** मै
निशान्ने की ओड़ भाज्या चाल्या ज्या सूं ताके वो ईनाम पाऊँ, अर वो ईनाम

यो सै के परमेसवर मन्नै सुर्ग म्ह बुलाण लागरया सै क्यूँके मसीह यीशु मेरे
खात्तर मरया। 15 म्हारै म्ह तै जितने आत्मिक रूप तै सिध्द सै, जो इसा
विचार राक्खै सै, अर जै किसे बात म्ह थारा ए विचार न्ही हो, तो परमेसवर
उस ताहीं भी थारे पै जाहिर कर देगा। 16 इस करकै हमनै सच के मुताबिक
चालणा सै, जो परमेसवर नै म्हारे पै जाहिर करया। 17 हे मेरे बिश्वासी
भाईयो, थारा सुभाव मेरे जिसा हो, अर उन माणसां ताहीं पिच्छाणो, जिनका
सुभाव मेरे जिसा सै, अर उनकी तरियां जिन्दगी जिओ। 18 क्यूँके घणेए इसी
चाल चाल्लै सै, जिनका जिक्र मन्नै थारे ताहीं बार-बार करया सै, अर इब भी
रो-रोकै कहूँ सूं के उनका सुभाव यो दिखावै सै, के वे मसीह कै क्रूस पै मरण
के सन्देस का बिरोध करै सै। 19 उनका अंत विनाश सै, वो अपणी शारीरिक
इच्छा नै ए पूरी करणा चाहवै सै, अर वे अपणी शर्म के काम जो वे करै सै,
उनपै घमण्ड करै सै, अर दुनियावी चिज्जां के बारें म्ह सोचते रहवै सै। 20 पर
म्हारा देश सुर्ग म्ह सै, अर हम एक उद्धारकर्ता प्रभु यीशु मसीह के ओड़ै तै
आण की बेसबरी तै बाट देखण लाग रहे सां। 21 वो अपणी शक्ति कै असर
कै मुताबिक जिसकै जरिये वो सारी चिज्जां नै अपणे बस म्ह कर सकै सै,
म्हारी दीन-हीन देह का रूप बदलकै, अपणी देह कै अनुकूल बणा देगा।

**4** हे मेरे बिश्वासी भाईयो, मै थारे ताहीं भोत प्यार करुँ सूं, मन्नै थारे तै
मिलण की बड़ी इच्छा सै। थम मेरा आनन्द अर मुकुट हो, मजबुत्ती तै बिश्वास
करो, अर प्रभु के हुकम नै मानते रहों। 2 मै यूओदिया नै भी समझाऊँ सूं, अर
सुन्तुखे नै भी, के थम आप्पस म्ह एक-दुसरे तै बहस मत करो। 3 हे मेरे सच्चे
सहकर्मी, मै तेरे तै भी बिनती करुँ सूं के तू उन बिरबानियाँ की लड़ाई बन्द
करवाण म्ह मदद कर, क्यूँके उननै मेरै गैल सुसमाचार फैलाण म्ह, क्लेमेंस
अर मेरै और सहकर्मियाँ गैल मेहनत करी, जिनके नाम जीवन की किताब म्ह
लिखे होए सै। 4 प्रभु म्ह सदा आनन्दित रहों, मै फेर कहूँ सूं, आनन्दित रहों।
5 थारी कोमलता सारे माणसां पै जाहिर हो। प्रभु का आणा लोवै सै, 6 किसे
भी बात की चिंता ना करो, पर हर हालात म्ह थारे निवेदन, प्रार्थना, बिनती
अर धन्यवाद कै गैल परमेसवर कै आग्गै पेश करै जावै। 7 फेर परमेसवर की
शान्ति, जो माणस की समझ तै परै सै, थारे मन अर विचारां नै मसीह यीशु
म्ह सुरक्षित राक्खैगी। 8 इस करकै हे बिश्वासी भाईयो, जो बात सच सै, जो

बात आदरणीय, जो धर्मी सै, पवित्र सुहावनी अर जो-जो बात बड़ाई लायक
सै, यानी जो भी सद्गुण अर प्रशंसा की बात सै उनपै ए मन लगाया करो।
**9** जो बात थमनै मेरै तै सुणी, मेरे म्ह देक्खी, सीखी, अर पाई सै, उननै
मान्या करो, फेर शान्ति का परमेसवर थारे गैल रहैगा। **10** मै प्रभु मै घणा
आनन्दित सूं के जिब इतने दिनां कै पाच्छै थारी चिंता मेरै बारें म्ह फेर जाग्गी
सै, पक्का थारे शरुआत म्ह भी इसका विचार था, पर थमनै मौक्का न्ही
मिला। **11** क्यूँके मेरे धोरै वो कोनी जो मन्नै चाहिए, पर मन्नै यो सिख्या
सै के मै जिन हालातां म्ह मै सूं, उस्से म्ह सब्र करुँ। **12** मन्नै कंगाली अर
भरपूरी म्ह रहणा सीख लिया सै, हरेक हालातां अर हरेक बात म्ह मन्नै तृप्त
अर भूक्खा रहणा, बढ़णा अर घटणा सीख लिया सै। **13** मसीह मन्नै सामर्थ
देवै सै उस म्ह मै सब कुछ कर सकू सूं। **14** तोभी थमनै भला करया के मेरै
क्लेश म्ह मेरे साझीदार होए। **15** हे फिलिप्पी नगर के माणसों, थम आप भी
जाणो सों के सुसमाचार कै शरुआत म्ह, जिब मै मकिदुनिया परदेस तै बिदा
होया, जब थारे अलावा किसे कलीसिया के बिश्वासी नै लेण देण कै बारें म्ह
मेरी मदद न्ही करी। **16** इसे ढाळ थिस्सलुनीके नगर म्ह मेरी जरूरतां नै पूरा
करण म्ह थमनै दो बार रपिये भेजकै मेरी मदद करी। **17** मै यो न्ही लिखता,
के मै दान चाहूँ सूं पर मै चाहूँ सूं के थारे दान के बदले थमनै आशीष मिलै।
**18** मेरै धोरै सब कुछ सै, बल्के भोत घणाए सै, जो चीज थमनै इपफ्रुदीतुस
कै हाथ तै भेजी थी उननै पाकै मै तृप्त होग्या सूं, थारे दान तो मनमोहक
सुगन्धित भेट की तरियां सै, अर उस बलिदान की तरियां सै, जो याजक
परमेसवर नै चढ़ावै सै, अर वे उसनै भावै सै। **19** म्हारा पिता परमेसवर,
अपणे अपार धन के मुताबिक जो महिमा समेत मसीह यीशु म्ह थारी हरेक
जरूरत नै पूरी करैगा। **20** म्हारै परमेसवर अर पिता की बड़ाई युगानुयुग होंदी
रहवै। आमीन। **(aiōn g165)** **21** यीशु मसीह म्ह सभी पवित्र माणसां नै, मेरी
ओड़ तै नमस्कार कहो। जो बिश्वासी भाई मेरै गैल सै वे थारे ताहीं नमस्कार
कहवै सै। **22** सारे पवित्र माणस, जो मेरे साथ सै, अर खास करकै वे माणस
जो कैसर के घराने तै बिश्वासी बणे सै, थारे ताहीं नमस्कार कहवै सै। **23**
म्हारै यीशु मसीह का अनुग्रह थारी आत्मा कै गैल रहवै।

# कुलुस्सियों

**1** या चिट्ठी पौलुस अर म्हारे बिश्वासी भाई तीमुथियुस की ओड़ तै सै, जो
परमेसवर की इच्छा तै मसीह यीशु का प्रेरित सै। 2 मसीह म्ह उन पवित्र अर
बिश्वासी भाईयाँ के नाम जो कुलुस्से नगर म्ह रहवै सै: म्हारा पिता परमेसवर
थारे ताहीं अनुग्रह अर शान्ति देंदा रहवै। 3 जिब हम थारे खात्तर बिनती करां
सां, तो हम अपणे प्रभु यीशु मसीह के पिता, यानी परमेसवर का धन्यवाद
करा सां। 4 क्यूँके हमनै सुण्या सै के यीशु मसीह पै थारा बिश्वास सै, अर
सारे पवित्र माणसां तै थम प्यार करो सों। 5 जो बिश्वास अर प्यार इन
बिश्वासी भाईयाँ कै धोरै सै, वो उस आस की बजह तै ए सै, जो थारे खात्तर
सुर्ग म्ह धरी सै, जिसका वर्णन थमनै पैहले तै सुण राख्या सै। जिब माणस
थारे धोरै आए अर यीशु मसीह का सुसमाचार थारे ताहीं सुणाया, जो के
परमेसवर का वचन सै। 6 जो थारे धोरै पोहचा सै, अर जिसा दुनिया म्ह यो
नतिज्जा ल्याण लागरया सै अर दुनिया म्ह हरेक जगहां फैलण लागरया सै,
उस्से तरियां जिस दिन तै थमनै उस ताहीं सुण्या अर या सच्चाई आच्छी
तरियां समझी के परमेसवर मुफ्त म्ह उन माणसां का पाप माफ करै सै जो
यीशु पै बिश्वास करै सै। थारे म्ह भी इसाए करै सै। 7 उस्से की शिक्षा थमनै
म्हारे गैल काम करणीये प्यारे इपफ्रास तै पाई, जो म्हारे खात्तर मसीह का
बिश्वास लायक दास सै। 8 उस्से नै म्हारे ताहीं पवित्र आत्मा के प्यार के बारें
म्ह बताया सै, जो परमेसवर नै म्हारै ताहीं दिया सै। 9 इस करकै जिस दिन
तै हमनै यो सुण्या सै, हम भी थारे खात्तर सदा प्रार्थना करां सां। के थम
परमेसवर का आत्मा थारे ताहीं आत्मिक ज्ञान अर समझ देवै, ताके थम
उसकी इच्छा नै समझ सको। 10 थारा बरताव इसा होणा चाहिए जिसा
परमेसवर के माणसां का हो सै, ताके थम परमेसवर नै हरेक काम म्ह खुश
कर सको, ताके थम सारी हाण भले काम करते रहों अर थम परमेसवर की
पिच्छाण म्ह बढ़ते जाओ। 11 उसकी महिमा की शक्ति कै मुताबिक सारी
ढाळ की सामर्थ तै शक्तिशाली होन्दे जाओ, ताके थम खुशी अर धीरज कै
गैल दुखां नै सह सको। 12 अर पिता परमेसवर का धन्यवाद करते रहो,
जिसनै थारे ताहीं इस लायक बणाया के थम उसके राज्य म्ह साझीदार हो
सको, जो उसनै अपणे माणसां खात्तर सुर्ग म्ह तैयार करया सै। 13 उस्से नै

म्हारै ताहीं शैतान की सामर्थ तै छुड़ाकै अपणे प्यारे बेट्टे कै राज्य म्ह दाखल
कराया, 14 जिसतै अपणे बेट्टे की कुरबान्नी के जरिये म्हारे ताहीं छुटकारा
दिया, यानी पापां की माफी। 15 परमेसवर नै कोए न्ही देख सकता, पर जिब
उसका बेट्टा यीशु मसीह इन्सान की देह धारण करकै इस धरती पै आया तो
हम उसनै जाण पाए के परमेसवर किसा सै, वो बिलकुल उसके समान सै।
16 क्यूँके मसीह नै परमेसवर कै साथ मिलकै सारी चिज्जां की सृष्टि करी,
सुर्ग की हो या धरती की, देखी या अनदेक्खी, के सिंहासन, के प्रभुताएँ, के
प्रधानताएँ, के हक, सारी चीज उस्से कै जरिये अर उस्से खात्तर बणाई गई।
17 सारी चिज्जां के बणण तै पैहला मसीह था, अर सारी चीज उस्से म्ह
मिलकै काम करै सै। 18 मसीह की देह कलीसिया नै चलावै सै, जिस तरियां
सिर पूरे देह नै चलावै सै, यानी मसीह कलीसिया का सिर सै, वोए शरुआत
सै, अर मरे होया म्ह तै जी उठण आळा म्ह जेट्ठा सै, ताके सारी बात्तां म्ह वोए
प्रधान बणै। 19 क्यूँके पिता परमेसवर की खुशी इस्से म्ह सै के मसीह म्ह
परमेसवर की सारी भरपूरी रहवै। 20 अर उसके क्रूस पै बहे होए लहू कै
जरिये मेळ-मिलाप करकै, परमेसवर नै अपणे बेट्टे ताहीं भेज्जा, जिसनै
अपणा लहू बहाया अर अपणी जाण दे दी। परमेसवर नै यो इस खात्तर
करया ताके उसका अर सारी चिज्जां तै दुबारा मेळ हो सकै। इस तरियां तै
उसनै अपणे बीच अर सारी चीज जो सुर्ग म्ह सै या अर सारी चीज जो धरती
पै सै शान्ति की स्थापना करी। 21 थम जो पैहले पराये थे अर बुरे काम्मां कै
कारण मन तै बैरी थे। 22 परमेसवर नै इब अपणे बेट्टे ताहीं इन्सान बणाकै
भेज्जा ताके वो क्रूस पै मारया ज्या, जिसकी बजह तै थारा भी मेळ करवाया
ताके थमनै अपणे आग्गै पवित्र अर बिना कलंक अर बेकसूर बणाकै खड्या
करै। 23 जै थम मसीह म्ह बिश्वास करो सों, अर थारा बिश्वास उस घर की
तरियां हो जो मजबूत नीम पै खड्या सै, अर उस सुसमाचार की आस नै ना
छोड़ो, जिस ताहीं थमनै सुण्या सै, जिसका प्रचार दुनिया के माणसां म्ह
करया गया सै, उसका मै, पौलुस, वचन का सुणण आळा बण्या। 24 मै उन
दुखां कै कारण आनन्दित सूं, जो थारे खात्तर ठाऊँ सूं अर मसीह के क्लेश
की कमी उसकी देह कै खात्तर, यानी कलीसिया कै खात्तर, अपणे गात
म्ह पूरी करुँ सूं, 25 इस्से कलीसिया कै खात्तर मै थारे खात्तर परमेसवर

के जरिये सौंपी गई सेवा कै मुताबिक दास चुण्या गया के मै परमेसवर के
आदेश नै पूरी तरियां प्रचार करुँ। 26 यानी उस राज नै जो बखत अर पीढ़ियाँ
तै गुप्त रह्या, पर इब उसके उन पवित्र माणसां पै दिख्या सै। (aiōn g165) 27
परमेसवर चाहवै सै के मसीह के धन अर महिमा नै गैर यहूदियाँ के माणस
जाणै सै, अर वो राज यो सै के मसीह थारे म्ह रहवै सै, यो थमनै परमेसवर
की महिमा नै साँझा करण की आस देवै सै। 28 इस खात्तर हम दुसरयां नै
मसीह के बारें म्ह बतावां सां, अर हरेक आदमी नै चेतावनी देवा सां अर
परमेसवर के दिए गए ज्ञान तै हरेक आदमी नै सिखावा सां, हरेक आदमी नै
मसीह म्ह सिध्द करकै परमेसवर के स्याम्ही पेश करणा चाहवां सां। 29
इस्से ताहीं पूरा करण खात्तर मै भोत मेहनत अर कष्ट सहु सूं। उस सामर्थ के
जरिये जो मसीह देवै सै अर जो मेरे म्ह काम करण लागरया सै।

**2** मै चाहूँ सूं के थम जाण ल्यो के थारे अर उनकै खात्तर जो लौदीकिया नगर
म्ह सै अर उन सारया खात्तर जिनतै मै न्ही मिला, मै उनकै खात्तर किसी
मेहनत करुँ सूं। 2 मै इस खात्तर मेहनत करुँ सूं ताके मै उनकै बिश्वास नै
मजबूत कर सकूँ। थारा एक-दुसरे कै खात्तर प्यार थारे ताहीं आप्पस म्ह
बाँधकै राक्खै, मै चाहूँ सूं के उननै पूरा भरोस्सा हो क्यूँके उन ताहीं परमेसवर
की गुप्त योजना की पूरी समझ सै, जो के मसीह सै ए। 3 परमेसवर ए सै जो
बुद्धि अर ज्ञान की समझ देवै सै जो छिपे होए खजान्ने की ढाळ सै। 4 यो मै
इस करकै कहूँ सूं के कोए आदमी थमनै झूठ्ठी शिक्षा तै ना भरमावै। 5
हालाकि मै थारे तै दूर सूं, तोभी मै थारे बारें म्ह सोचता रहूँ सूं, अर जिसा
थमनै जीणा चाहिए उसा जीवन अर थारे मजबूत बिश्वास नै देखकै जो मसीह
म्ह सै, मै राज्जी होऊँ सूं। 6 इस करकै जिस तरियां थमनै मसीह यीशु
ताहीं प्रभु करकै मान लिया सै, उस्से तरियां उस ताहीं मानते रहो। 7 थारा
मसीह पै बिश्वास उस जमीन म्ह लगाये गये पेड़ की तरियां हो, जिसकी जड़
गहरी अर मजबूत हो सै। बिश्वास म्ह मजबूत होन्दे जाओ, जिसा के थारे
ताहीं सिखाया गया सै, अर सदा परमेसवर का धन्यवाद करते रहो। 8 इस
कारण हम मानवीय शिक्षा का पालन न्ही करणा चाहन्दे, ताके कोए थमनै
उस बेकार ज्ञान अर धोक्खे कै जरिये अपणे बस म्ह ना करले, जो माणसां
के रिवाज अर दुनियावी शिक्षा के मुताबिक तो सै, पर मसीह के मुताबिक

कोनी। 9 थारे ताहीं ये लोग धोक्खा ना देण पावै, जिब के मसीह नै मानव
रूप धारण करया पर वो पूरी तरियां तै परमेसवर था। 10 अर हरेक शक्ति अर
प्रधानता पै उसका अधिकार सै। जै थम मसीह के कहलाओ हो, तो थमनै
किसे चीज की कमी कोनी। 11 जिब थम मसीह म्ह बिश्वास करो सों, तो
थारा माणसां के जरिये खतना कोनी करया जान्दा, पर मसीह के जरिये
करया जावै सै, जो के खुद ताहीं पापमय सुभाव तै दूर करणा सै। 12 जिब
थारा बपतिस्मा होया (यो थारा पापमय सुभाव दिखावै सै) तो थम मसीह की
तरियां गाड़े गये, अर जिसा मसीह जिवाया गया, अर उस्से तरियां थम भी
जिन्दा करे गए (नये सुभाव तै)। यो इस खात्तर होया क्यूँके थम बिश्वास करो
सों, के परमेसवर नै मसीह ताहीं अपणी शक्ति तै मुर्दां म्ह तै जिवाया। 13 थम
जो अपणे कसूर अर अपणे पापमय सुभाव तै आजाद न्ही थे, परमेसवर नै
थारे ताहीं भी मसीह के गैल जिवाया, अर म्हारे सारे कसूर माफ कर दिए।
14 अर इसा लाग्गै सै जिसा परमेसवर नै म्हारे पापां का वो लेख मिटा दिया,
जो म्हारे खिलाफ इल्जाम नै बतावै थे। जिब मसीह ताहीं क्रूस पै कील्लां तै
जकड़ा गया तो उसनै उस लेख ताहीं पूरी तरियां हटा दिया। 15 अर उसनै
प्रधान्ता अर अधिकारां ताहीं हरा कै उनका खुल्लमखुल्ला तमाशा बणाया
अर क्रूस के जरिये उनपै जयजयकार की आवाज सुणाई। 16 इस करकै
थमनै कोए धोक्खा ना देवै, अर ना कोए थमनै खाण-पीण या त्यौहार, नये
चाँद अर आराम कै दिन के बारें म्ह परखै। 17 क्यूँके ये सारी आण आळी
बात्तां की छाया सै, पर मूल चीज मसीह की सै। 18 कोए आदमी झूठ्ठी
विनम्रता अर सुर्गदूत्तां की पूजा करा कै थारे ताहीं दौड़ के ईनाम तै राख ना
दे। इसा आदमी देखी होड़ बात्तां म्ह लाग्या रहवै सै अर अपणी शरीरिक
समझ पै बेकार फुल्लै सै, 19 उसनै बिश्वास अर मसीह का सच्चा सन्देस
सिखाणा छोड़ दिया सै, जो के देह म्ह सिर की तरियां सै। जिस तरियां एक
सिर देह नै निर्देश देवै सै, उस्से तरियां मसीह अपणे लोग्गां ताहीं निर्देश देवै
के वे एक साथ अर एक जुट रहवै जिस तरियां देह के जोड़ अर नस देह नै
पकड़ै सै, अर यो बढ़ै सै, जिस तरियां परमेसवर उन ताहीं बढ़ाणा चाहवै सै।
20 जिब के थम मसीह के गैल दुनिया की पुराणी शिक्षा की ओड़ तै मरगे सों,
तो फेर क्यूँ उनकी तरियां जो दुनिया के सै जीवन बिताओ सों? थम इसी

विधियाँ के बस म्ह क्यूँ रहों सों, 21 के ना तो “इसनै छुईये,” ना “उस
ताहीं खाकै देखिये,” अर ना उसकै हाथ लगाईये? 22 ये सारी चीज काम
म्ह लांदे-लांदे नाश हो जावैगी, क्यूँके ये माणस के हुकम अर शिक्षा कै
मुताबिक सै। 23 ये तीन नियम बुध्दिमानी का राह दिखावै सै, जो ये सै, खुद
ताहीं परमेसवर के प्रति समर्पित करणा, झूठ्ठी विनम्रता अर अपणी देह कै
गैल कठोरता तै बरताव करणा। पर माणस इन विधियाँ नै मान्नै सै, तोभी
पापमय सुभाव नै न्ही छोड़ पान्दा।

**3** यो इसा सै, के मान्नो जणु परमेसवर नै थारे ताहीं मुर्दां म्ह तै जिवा दिया
हो, जिस तरियां उसनै मसीह ताहीं मुर्दां म्ह तै जिवाया, तो सुर्गीय चिज्जां की
खोज म्ह रहों, जड़ै मसीह परमेसवर कै साथ महिमामय जगहां म्ह बेठ्या
होया सै। 2 धरती पै की न्ही पर सुर्गीय चिज्जां पै ध्यान लगाओ, 3 क्यूँके
यो इसा सै थम तो मर गये जिब मसीह मारा गया अर थारा जीवन मसीह
कै गैल परमेसवर म्ह छिप्या होया सै। 4 जिब मसीह जो म्हारा जीवन सै,
बोहड़ के आवैगा, तो थम भी उसकै गैल दिखोगे अर उसकी महिमा म्ह
शामिल होओगे। 5 इस करकै अपणे उन बुरे काम्मां नै छोड़ द्यो जो थारे
पापमय सुभाव का कारण बणै सै, जो धरती पै सै, यानी जारी, अशुद्धता,
दुष्कामना, बुरी लालसा अर लालची ना बणो यो मूर्तिपूजा कै बराबर सै। 6
क्यूँके माणस ये बुरे काम करै सै, इस कारण परमेसवर उन ताहीं बड्डा दण्ड
देवैगा। 7 अर थम भी, जिब इन बुराईयाँ म्ह जीवन बिताओ थे, तो इन बुरी
लालसा कै मुताबिक जिओ भी थे। 8 पर इब थम भी इन सारया नै, यानी छो
रोष, बैरभाव, बुराई अर मुँह तै गाळी बकणा ये सारी बात छोड़ द्यो। 9 एक-
दुसरे तै झूठ ना बोल्लो, क्यूँके थमनै बुरा सुभाव अर बुरे काम छोड़ दिये सै।
10 अर इब थमनै नये सुभाव ताहीं धारण कर लिया सै, यो नया सुभाव
ज्यादा तै ज्यादा म्हारे रचण आळे कै मुताबिक बणण लागरया सै, ताके हम
उसनै आच्छी तरियां जाण पावां। 11 इस नई जिन्दगी म्ह कोए फर्क कोनी
पड़ता चाहे यूनानी हो या यहूदी हो, खतना हो या खतनारहित हो, जंगळी हो
या असभ्य हो, दास हो या आजाद हो, पर मसीह ए सै, जो सब तै खास सै
अर वो हम सब म्ह बसै सै। 12 क्यूँके परमेसवर नै थारे ताहीं पवित्र माणस
बणण खात्तर चुण्या सै, अर वो थारे ताहीं प्यार करै सै, इस करकै बड़ी

करुणा, भलाई, दीनता, नम्रता, अर सहनशीलता नै धारण करो। 13 अर जै
किसे नै किसे पै दोष लगाण का कोए कारण हो, तो एक-दुसरे की सह ल्यो
अर एक-दुसरे के कसूर माफ करो, जिस तरियां प्रभु नै थारे कसूर माफ करे,
उस्से तरियां थम भी करो। 14 इन सारा तै बढ़कै थम जो काम कर सकों सों,
वो यो सै, के थम एक-दुसरे तै प्यार करो, प्यार ही सै जो म्हारे ताहीं एक-
दुसरे कै गैल एकता म्ह जोड़े राक्खै सै। 15 जो शान्ति मसीह देवै सै, वा थारे
दिलां पै राज करैगी, क्यूँके थम सारे एक देह के अंग सों, इस करकै थारे
ताहीं एक-दुसरे के साथ शान्ति तै रहण कै खात्तर बुलाया गया सै, अर थम
सदा उसका धन्यवाद करदे रहों। 16 हर बखत मसीह कै वचन कै उप्पर
ध्यान करते रहवों ताके थारा सोचणा अर काम करणा उसके मुताबिक हो,
अर सिध्द ज्ञानसुधा एक-दुसरे नै सिखाओ अर समझाओ, अर अपणे-अपणे
मन म्ह धन्यवाद कै गैल परमेसवर कै खात्तर भजन अर जै-जै कार अर
आत्मिक गीत गाओ। 17 वचन म्ह या काम म्ह जो किमे भी करो, सारा प्रभु
यीशु मसीह कै नाम तै करो, अर उसकै जरिये परमेसवर पिता का धन्यवाद
करो। 18 हे पत्नियों, जिसा प्रभु म्ह सही सै, उसाए अपणे-अपणे धणी कै
अधीन रहो। 19 हे पतियों, अपणी-अपणी घरआळी तै प्यार राक्खो, अर
उनकै गैल नरमाई तै पेश आओ। 20 हे बाळकों, सारी बात्तां म्ह अपणे-अपणे
माँ बाप के हुकम नै मान्नो, क्यूँके प्रभु इसतै खुश होवै सै। 21 हे बाळकां
आळो, अपणे बाळकां नै तंग ना करो, इसा ना होके वे परेशान हो जावै। 22
हे सेवको, जो इस दुनिया म्ह थारे माल्लिक सै, सारी बात्तां म्ह उनके हुकम
का पालन करो, माणसां नै राज्जी करण आळा कै समान दिखाण कै खात्तर
न्ही, पर मन की सीधाई अर परमेसवर कै डर तै। 23 जो किमे थम करो सों,
पूरे मन तै करो, यो समझकै के माणसां कै खात्तर न्ही पर प्रभु कै खात्तर
करो सों, 24 याद राक्खों परमेसवर थमनै ईनाम देवैगा, या फेर वो थमनै
आशीष म्ह साझीदार करैगा जो उसनै अपणे माणसां कै खात्तर राक्खी
सै, क्यूँके थम मसीह यीशु की सेवा करो सो। 25 जो बुरा काम करै सै,
परमेसवर हरेक ताहीं उसकी बुराई का उसनै दण्ड देवैगा, क्यूँके परमेसवर
किसे कै गैल पक्षपात कोनी करदा।

4 हे मालिकों, अपणे-अपणे नौकरां कै गैल न्याय अर एक सा बरताव करो,
या समझकै के सुर्ग म्ह थारा भी एक माल्लिक सै। 2 प्रार्थना म्ह लाग्गे रहो,
अर जिब प्रार्थना करो तो सावधान रहियो अर परमेसवर का धन्यवाद हमेशा
करते रहो। 3 अर उसकै गैल ए गैल म्हारे खात्तर भी प्रार्थना करते रहो के
परमेसवर म्हारै खात्तर वचन सुणाण का इसा द्वार खोल दे, के हम मसीह कै
उस भेद का वर्णन कर सकां जिसकै कारण मै कैद म्ह सूं, 4 प्रार्थना करो के
मै स्पष्ट रूप तै अर खुल्ले तौर पै मसीह के भेद नै बता पाऊँ। 5 अबिश्वासी कै
गैल जिब बात करो तो उस मौक्कै का सही इस्तमाल करो। 6 थारा बोलणा
सदा अनुग्रह समेत सलोना हो ताके थमनै हरेक माणस ताहीं बढ़िया ढाळ तै
जवाब देणा आ जावै। 7 प्यारे बिश्वासी भाईयो अर बिश्वास लायक दास
तुखिकुस, जो प्रभु म्ह मेरै गैल दास सै, वो थमनै सारी बात बता देगा। 8 उस
ताहीं मन्नै इस खात्तर थारे धोरै भेज्जा, ताके थमनै म्हारे हाल का बेरा पाट
जावै अर वो थमनै उत्साहित करैगा। 9 उसकै गैल मन्नै उनेसिमुस ताहीं भी
भेज्जा सै, जो बिश्वास लायक अर प्रिय बिश्वासी भाई सै, अर वो भी थारे
ए नगर का सै, ये थमनै याड़ै की सारी बात बता देंगे। 10 मेरै गैल कैदी
अरिस्तर्खुस अर मरकुस की ओड़ तै थमनै नमस्कार, मरकुस जो बरनबास
का चचेरा भाई सै, जिसके बारें म्ह थमनै चिट्ठी मिली सै, के जै वो थारे धोरै
आवै, तो उसतै आच्छी ढाळ बरताव करियो। 11 अर यीशु जो यूस्तुस कुह्वावै
सै, थारे ताहीं नमस्कार कहवै सै। यहूदी बिश्वासियाँ म्ह तै सिर्फ ये तीन
माणस सै, जो परमेसवर कै राज्य कै खात्तर मेरै गैल काम करणीये अर मेरे
उत्साहित होण का कारण सै। 12 इपफ्रास, जो थारे नगर का सै, अर मसीह
यीशु का दास सै, थारे तै नमस्कार कहवै सै। वो सदा थारे खात्तर मन लगाकै
प्रार्थना करै सै, अर परमेसवर तै सदा बिनती करै सै, के परमेसवर थमनै
मजबूत अर सिध्द बणावै, अर थमनै पूरा भरोस्सा हो के थम परमेसवर की
इच्छा का पालन करो सों। 13 मै उसका गवाह सूं, कै वो थारे खात्तर अर
लौदीकिया अर हियरपुलिस नगर के माणसां कै खात्तर बड़ी मेहनत करदा
रहवै सै। 14 म्हारे प्रिय वैद लूका अर देमास का थारे ताहीं नमस्कार। 15
लौदीकिया नगर के बिश्वासी भाईयाँ नै, अर नुमफास अर उनकै घर की
कलीसिया नै नमस्कार कहिये। 16 जिब या चिट्ठी थम पढ़ ल्यो तो इसा

करियो के लौदीकिया की कलीसिया म्ह भी या पढ़ी जावै, अर वा चिट्ठी जो
लौदीकिया तै आवै उसनै थम भी पढ़ईयो। **17** अर अरखिप्पुस तै कहिये के
जो सेवा प्रभु म्ह तेरे ताहीं सौप्यी ग्यी सै, पक्का इरादा करो के उस सेवकाई
नै पूरा कर सको। **18** मै (पौलुस) अपणे हाथ्थां तै थमनै नमस्कार लिखूँ सूं।
याद राखियो के मै कैद म्ह सूं, अर मेरे खात्तर प्रार्थना करो। परमेसवर का
अनुग्रह थारे पै होंदा रहवै। आमीन।

# 1 थिस्सलुनीकियों

**1** या चिट्ठी पौलुस अर सिलवानुस अर तीमुथियुस की ओड़ तै थिस्सलुनीकियों
नगर की कलीसिया के उन बिश्वासियाँ के नाम लिखी सै, जो परमेसवर पिता
अर प्रभु यीशु मसीह म्ह सै। परमेसवर का अनुग्रह अर शान्ति थारे ताहीं
मिल्दी रहवै। 2 हम अपणी प्रार्थनायां म्ह थारे ताहीं याद करदे अर सारी
हाण थम सारया कै बारै म्ह परमेसवर का धन्यवाद करा सां। 3 अर अपणे
परमेसवर अर पिता कै स्याम्ही जो काम बिश्वास तै करे, अर बिश्वासियाँ
खात्तर इतने प्यार तै मेहनत करी, अर प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण की आस
के कारण बड़ी धीरजता तै दुखां नै सहन्दे होए, सारी हाण थमनै याद करा
सां। 4 हे बिश्वासी भाईयो, अर परमेसवर के प्यारे माणसों हम जाणा सां, के
परमेसवर नै थारे ताहीं अपणे माणस होण खात्तर छाट्या सै। 5 क्यूँके म्हारा
सुसमाचार जो यीशु मसीह के बारें म्ह था, थारे धोरै ना सिर्फ बात्तां तै ए न्ही
बल्के पवित्र आत्मा की सामर्थ अर बड़े पक्के सबूत कै गैल पोंहच्या सै;
जिसा थमनै बेरा सै, के थारे कल्याण खात्तर थारे म्ह म्हारा बरताव किसा
था। 6 थारे उप्पर बड़े क्लेश थे, पर थमनै पवित्र आत्मा के जरिये दिए गये
आनन्द कै गेल्या सुसमाचार ताहीं मान लिया, थमनै म्हारी अर प्रभु यीशु की
तरियां बरताव कराया। 7 उरै ताहीं के मकिदुनिया परदेस अर अखाया परदेस
के सारे बिश्वासियाँ कै खात्तर थम बढ़िया मिसाल बणै। 8 क्यूँके थारे उरै तै
ना सिर्फ मकिदुनिया परदेस अर अखाया परदेस म्ह प्रभु का वचन सुणाया
गया, पर थारे बिश्वास की जो परमेसवर पै सै, हरेक जगहां जित्त भी हम गये,
तो हमनै माणसां तै थारे बिश्वास के बारें म्ह सुण्या, इस करकै हमनै माणसां
ताहीं थारे बारें म्ह बताण की जरूरत ए कोनी। 9 क्यूँके वे आप ए म्हारै बारै
म्ह बतावै सै, के जिब हम थारे धोरै आये, तो थमनै म्हारा स्वागत किस ढाळ
कराया; अर थम किस ढाळ मूर्तियाँ तै दूर होकै, परमेसवर की ओड़ मुड़ गये,
ताके जिन्दे अर सच्चे परमेसवर की सेवा करो। 10 अर परमेसवर के बेट्टे
यीशु की सुर्ग तै बोहड़ के आण की बाट देखदे होए, जिस ताहीं परमेसवर नै
मरे होयां म्ह तै जिन्दा करया, जो म्हारै ताहीं आण आळे न्याय तै बचावै सै।

**2** हे बिश्वासी भाईयो, थमनै आप्पे बेरा सै, के म्हारा थारे धोरै आणा कितना
फायदेमन्द था, 2 बल्के थमनै खुद नै ए बेरा सै, के पैहल्या हमनै फिलिप्पी

नगर म्ह दुख ठाया, के म्हारा नगर के माणसां नै सख्त बिरोध करया, अर
परमेसवर नै म्हारै तै इसी हिम्मत देई, के हम परमेसवर का सुसमाचार घणे
बिरोध्द होण के बावजूद भी थमनै सुणावां। 3 क्यूँके म्हारा उपदेश ना भ्रम तै
सै, अर ना गलत इरादे तै, अर ना छळ कै गैल सै; 4 पर परमेसवर नै म्हारै
ताहीं लायक समझकै सुसमाचार सौंप्या, इस करकै हम माणसां नै न्ही, पर
जो म्हारै मनां नै जांच्चण आळे परमेसवर ताहीं राज्जी करण खात्तर उपदेश
देवा सां। 5 थमनै बेरा सै, परमेसवर गवाह सै, के हमनै कदे चापलूसी की
बात कोनी करी, अर ना ए लोभ के खात्तर हमनै कोए इसा काम करया, अर
ना कुछ थारे तै छुपाया। 6 तोभी हम माणसां तै आदर कोनी चाहवां थे, अर
ना थारे तै, ना और किसे तै, हालाकि हम मसीह के प्रेरित होण कै कारण
थारी मदद पाणा म्हारा हक था। 7 पर जिस तरियां माँ अपणे बाळकां का
पालन-पोषण करै सै, उस्से तरियां ए हमनै भी थारे बिचाळै रहकै नरमाई
दिखाई सै; 8 एक माँ की तरियां ए हम थारी चाहना करदे होए, ना सिर्फ
परमेसवर का सुसमाचार, पर अपणा-अपणा प्राण भी थारे ताहीं देण नै त्यार
थे, क्यूँके के हम थारे तै भोत प्यारे करां सां। 9 हे बिश्वासी भाईयो, म्हारी
कड़ी मेहनत नै याद राक्खो, हमनै ज्यांतै दिन-रात काम-धन्धा करदे होए,
परमेसवर का सुसमाचार प्रचार करया, के थारे म्ह तै किसे पै बोझ ना बण
जावां। 10 थम अर परमेसवर भी इस बात के गवाह सों, के सारे बिश्वासी
भाईयाँ कै गैल म्हारा सुभाव कितना सच्चा, धर्मी अर बेकसूर था। 11 थमनै
बेरा सै के जिसा पिता अपणे बाळकां कै गेल्या बरताव करै सै, उस्से तरियां
ए हम भी थारे म्ह तै हरेक ताहीं उपदेश देन्दे, अर शान्ति देन्दे, अर समझावां
थे 12 के थम इसा जीवन जिओ, जिसा परमेसवर चाहवै सै, जो थमनै अपणे
राज्य अर महिमा म्ह बुलावै सै। 13 ज्यांतै हम भी परमेसवर का धन्यवाद
सारी हाण करा सां के जिब म्हारै जरिये परमेसवर के सुसमाचार का वचन
थमनै सुण्या, तो थमनै उस ताहीं माणसां का न्ही पर परमेसवर का वचन
समझकै अपणाया; अर सच म्ह यो परमेसवर का वचन सै भी, अर यो
सुसमाचार थारे म्ह काम करण लागरया सै, जो यीशु पै थम बिश्वास करो
सो। 14 ज्यांतै थम, हे बिश्वासी भाईयो, परमेसवर की उस कलीसियाओं कै
स्याम्ही दुख सहण लाग्गे जो यहूदिया परदेस म्ह सै, अर मसीह यीशु पै

बिश्वास राक्खै सै, क्यूँके थमनै भी अपणे माणसां तै उसाए दुख पाया, जिसा
उननै अपणे यहूदी माणसां तै पाया था। **15** जिन नै प्रभु यीशु ताहीं अर
नबियाँ ताहीं मार दिया। अर म्हारै ताहीं भी सताया, अर परमेसवर उनतै
राज्जी कोनी, अर वे सारे माणसां का बिरोध करै सै। **16** अर वे दुसरी जात्तां
म्ह उनकै उद्धार कै खात्तर बात करण तै हमनै रोक्कै सै, अर वे पाप पै पाप
करते जावै सै, जिब ताहीं के परमेसवर उननै दण्ड ना दे दे; अर इब परमेसवर
उननै बड़ा भरी दण्ड देण आळा सै। **17** हे बिश्वासी भाईयो, जिब हम थोड़े
बखत खात्तर थारे धोरै न्ही थे, पर हम सदा थारे बारें म्ह ए सोच्चा थे, तो
हमनै और भी बड़ी लालसा तै थारे ताहीं मिलण की अर देखण की कोशिश
करी। **18** ज्यांतै हमनै (यानिके मुझ पौलुस नै) एक बर न्ही बल्के दो या तीन
बार आण की कोशिश करी, पर शैतान हमनै रोक्के रहया। **19** भला! म्हारी
आस, खुशी या बड़ाई का ताज कौण सै? वो थमे होओगे जिब यीशु बोहड़ के
आवैगें? **20** म्हारी बड़ाई अर खुशी थमे सो।

**3** आखिर जिब हम थारे तै दूर ना रह पाए, तो मै पौलुस अर सीलास नै यो
तय करया के एथेंस नगर म्ह एक्ले रह जावां। **2** अर हमनै तीमुथियुस ताहीं
जो मसीह कै सुसमाचार म्ह म्हारा भाई, अर परमेसवर का सेवक सै, इस
करकै भेज्या, के वो थारे ताहीं मसीह के बिश्वास म्ह मजबूत अर उत्साहित
करै। **3** ताके कोए इन क्ळेशां कै कारण डगमगा न्ही जावै; क्यूँके थम जाणो
सो, के म्हारे ताहीं परमेसवर नै इसे तरियां सताये जाण खात्तर छाट्या सै। **4**
क्यूँके पैहल्या भी, जिब हम थारे साथ थे, तो थारे तै कह्या करा थे, के म्हारे
ताहीं सताया जावैगा, अर इसाए होया सै, अर थम जाणो भी सो। **5** इस
कारण जिब मेरै तै और न्ही रहया गया, तो थारे बिश्वास का हाल जाणण कै
खात्तर मन्नै तीमुथियुस ताहीं भेज्या, मन्नै डर था, के परखण आळे शैतान नै
थारे ताहीं परख्या ना हो, अर म्हारी मेहनत बेकार ना होगी हो। **6** पर इब्बे
तीमुथियुस नै जो थारे धोरै तै म्हारै उरै आकै थारे बिश्वास अर प्यार का
सुसमाचार सुणाया अर इस बात ताहीं भी सुणाया, के थम सारी हाण प्यार
कै गेल्या म्हारै ताहीं याद करो सो, अर म्हारै देखण की चाहना राक्खो सो,
जिसा हम भी थमनै देखण की। **7** हे बिश्वासी भाईयो, हम अपणी सारे दुख
अर क्ळेश म्ह उत्साहित सां, क्यूँके हमनै थारे बिश्वास के बारै म्ह सुण्या के

थम इब भी यीशु मसीह के बिश्वास म्ह मजबूत सों। 8 क्यूँके इब जै थम प्रभु
म्ह मजबूत हो तो हम जिन्दे सां। 9 अर थारे बारै म्ह जो खुशी हमनै मिली से,
उसकी बजह तै हम परमेसवर का धन्यवाद किस तरियां तै करा? 10 हम
दिन-रात घणीए प्रार्थना करदे रहवां सां, के थमनै दुबारा देक्खां, अर थारे
मसीह पै मजबूती तै बिश्वास करण म्ह मदद करा। 11 हम प्रार्थना करां सां,
के म्हारा परमेसवर अर पिता आप ए अर म्हारा प्रभु यीशु, थारे ताहीं पोहचने
म्ह म्हारी मदद करै। 12 हम प्रार्थना करां, के जिसा हम थारे तै प्यार करां सां;
उस्से तरियां ए थारा प्यार भी आप्पस म्ह, अर सारे माणसां कै गेल्या बधै,
अर परमेसवर थारे प्यार म्ह बढ़ोतरी करदा जावै। 13 हम प्रार्थना करां सां, के
वो थारे मनां नै इसा मजबूत करै, के जिब म्हारा प्रभु यीशु अपणे सारे पवित्र
लोगां कै गैल बोहड़ के आवै, तो वे म्हारे परमेसवर अर पिता कै स्याम्ही
पवित्रता म्ह बेकसूर ठहरै।

**4** हे बिश्वासी भाईयो, हम थारे तै बिनती करा सां, अर थारे तै प्रभु यीशु म्ह
समझावां सां, के इसे जिओ के, परमेसवर ताहीं हम राज्जी करणा आळे बण
सकां, जिसा हमनै थारे तै सिखाया सै, थम इस्से तरियां जीण लागरे थे, अर
थमनै उत्साहित करां सां के और भी ज्यादा इसा करते रहों। 2 क्यूँके थमनै
बेरा सै के हमनै प्रभु यीशु के हक तै थारे ताहीं कौण-कौण से आदेश दिये सै।
3 परमेसवर की मर्जी या सै के थम पवित्र बणो: अर जारी ना करो, 4 थारे म्ह
तै हरेक माणस अपणी देह नै काब्बू करणा जाणे क्यूँके थारी देह पवित्र अर
सम्मान जोग्गी रहवै। 5 यो काम अभिलाषा तै न्ही, ना उन जात्तां कै तरियां,
जो परमेसवर नै न्ही जाणदी, 6 ताके इस बात म्ह कोए अपणे बिश्वासी भाई
के विरुध्द पाप ना करै, अर ना इसा मौक्का देक्खै के वो पाप करै, क्यूँके
प्रभु यीशु उसनै दण्ड देवैगा, जो इसे काम करै सै; जिसा के हमनै पैहल्याए
थारे तै कह्या अर चिताया भी था। 7 क्यूँके परमेसवर नै म्हारै ताहीं अपवित्र
जीवन जीण खात्तर न्ही, पर पवित्र जीवन जीण खात्तर बुलाया सै। 8 इस
करकै जो इन हुकमां नै न्ही मानता, वो माणस नै न्ही, पर परमेसवर नै तुच्छ
जाणै सै, जो अपणा पवित्र आत्मा थारे ताहीं देवै सै। 9 पर बिश्वासी भाई-
चारे के प्यार कै बारै म्ह यो जरूरी न्ही, के मै थारे धोरै कुछ लिक्खूँ, क्यूँके
आप्पस म्ह प्यार राखणा थमनै आप ए परमेसवर तै सिख्या सै; 10 थमनै

पैहले ए अपणे बिश्वासी भाईयाँ के प्यार ताहीं दिखाया सै, जो हर जगहां सारे
मकिदुनिया परदेस म्ह सै। पर हे बिश्वासी भाईयो, हम थारे तै बिनती करां
सां, के थम और भी बढ़ते जाओ। 11 अर जिसी हमनै थारे ताहीं हुकम दिया
सै, के शान्ति तै जीवन जिओ अर दुसरे माणसां की बात्तां म्ह दखल ना दो,
अर अपणे-अपणे हाथ्थां तै कमाण की कोशिश करो। 12 ताके अबिश्वासी
माणस देक्खै, के थारा रोज का जीवन किसा सै, अर थारे बरताव नै देखकै
थारा आदर करै, अर अपणी जरूरत कै खात्तर थम किसे के मोहताज ना
रहो। 13 हे बिश्वासी भाईयो, हम न्ही चाहन्दे के थम उनकै बारै म्ह जो मर
लिये सै, अनजाण रहो; इसा ना हो के थम दुसरयां की तरियां दुख करो जिन
नै आस कोनी, के वो मरकै जिन्दा होवैगा। 14 क्यूँके जै हम बिश्वास करा सां
के यीशु मरया अर जिन्दा भी उठ्या, तो उस्से तरियां ए परमेसवर उननै भी
जो यीशु पै बिश्वास करते होए मरै सै, उन ताहीं भी वापिस ले आवैगा। 15
क्यूँके हम प्रभु यीशु कै वचन कै मुताबिक थारे तै न्यू कह्वां सां के हम जो
जिन्दे सां अर प्रभु कै दुबारा आण ताहीं बचे रहवांगें, तो पक्के उनतै पैहले
प्रभु तै न्ही मिलैगे जो मौत की नींद सो ग्ये सै। 16 क्यूँके प्रभु यीशु आप ए
सुर्ग तै उतरैगा; अर लोग उस बखत उसकी ललकार सुणैगें, अर प्रधान दूत
का बोल नै भी सुणैगें, अर सुर्गदूत्तां जरिये परमेसवर की तुरही फूँकी जावैगी;
अर जो बिश्वासी लोग मसीह म्ह मरे सै, वे पैहल्या जी उठैगें। 17 फेर हम
जो जिन्दे अर बचे होड़े सां, उनकै गेल्या बादळां पै ठा लिए जावांगें, ताके
आसमान म्ह प्रभु यीशु तै मिला; अर इस तरियां तै हम हमेशा कै खात्तर प्रभु
कै गेल्या रहवांगें। 18 इस तरियां इन बात्तां तै एक-दुसरे ताहीं तसल्ली दिया
करो।

**5** पर हे बिश्वासी भाईयो, इसकी कोए जरूरत कोनी, के हम यीशु के दोबारा
आण के बखत अर काल्लां कै बारै म्ह थारे धोरै कुछ लिखां। 2 क्यूँके थम
जाणो सों, के परमेसवर के आण का दिन, उस चोर की तरियां होगा, जो रात
नै चोरी करण आवै सै, अर थमनै बेरा भी कोनी लाग्गैगा के चोर कद आवैगा।
3 जिब माणस कहन्दे होंगे, "राज्जी-खुशी सां, अर किमे डर कोनी," तो उनपै
चाणचक विनाश आण पड़ैगा, जिस ढाळ गर्भवती बच्चा जनन के दुख तै बच
न्ही सकदी, उस्से तरियां वो भी बच न्ही पावैंगें। 4 पर हे बिश्वासी भाईयो,

थम तो अन्धकार के काम्मां तै अनजाण न्ही सो, के प्रभु के आण का दिन
थारे पै चोर की ढाळ आ पड़ै। 5 क्यूँके थम सारे चाँदणे की ऊलाद अर
दिन की ऊलाद सो; हम ना रात के सां, ना अन्धकार के सां। 6 ज्यांतै हम
अबिश्वासी माणसां की तरियां सोन्दे ना रहवां, पर जागदे अर चौकन्ने रहवां।
7 क्यूँके जो सोवैं सै, वे रात ए नै सोवैं सै, अर जो मतवाले होवै सै वे रात ए नै
मतवाले होवै सै। 8 पर हम जो दिन के सां, बिश्वास अर प्यार की झिलम
पैहर कै अर उद्धार की आस का टोप पैहर कै होशियार रहवां। 9 क्यूँके
परमेसवर नै म्हारै ताहीं छो कै खात्तर न्ही, पर ज्यांतै ठहराया सै, के हम
अपणे प्रभु यीशु मसीह कै जरिये उद्धार पावां। 10 वो म्हारै खात्तर इस कारण
मरया, के हम चाहे जिन्दा हों, चाहे मर लिये हों, सारे मिलकै उस्से कै गेल्या
जिवां। 11 इस कारण एक-दुसरे ताहीं तसल्ली द्यो अर एक-दुसरे ताहीं
बिश्वास म्ह मजबूत करो, जिसा के थम करो भी सो। 12 हे बिश्वासी भाईयो,
हम थारे तै बिनती करा सां, के जो थारे म्ह मेहनत करै सै, अर प्रभु म्ह थारे
अगुवें सै, अर थमनै शिक्षा देवैं सै, उनका आदर करो। 13 अर उनकै काम्मां
कै कारण प्यार कै गेल्या उन ताहीं घणाए आदर कै जोग्गा समझो। आप्पस
म्ह मेळ-मिलाप तै रहो। 14 हे बिश्वासी भाईयो, हम थारे तै बिनती करां सां
के जो आलसी सै, उन ताहीं समझाओ, डरपोकां ताहीं हिम्मत द्यो, कमजोरां
ताहीं सम्भाळो, सारया की ओड़ सहनशीलता दिखाओ। 15 सावधान रहों!
कोए किसे तै बुराई कै बदले बुराई ना करै; पर सारी हाण भलाई करण
खात्तर त्यार रहवै, आप्पस म्ह एक-दुसरे खात्तर आच्छे काम करो, अर
दुसरयां खात्तर भी। 16 सारी हाण राज्जी रहो। 17 लगातार प्रार्थना म्ह लाग्गे
रहो। 18 हरेक हालात म्ह धन्यवाद करो; क्यूँके थारे खात्तर मसीह यीशु
म्ह परमेसवर की याए मर्जी सै। 19 पवित्र आत्मा ताहीं माणसां के जीवन
म्ह काम करण तै ना रोक्को। 20 परमेसवर के जरिये जो भविष्यवाणीयाँ
माणसां ताहीं बताई गई सै उननै तुच्छ ना जाणो। 21 इन सारी बात्तां ताहीं
परखो; जो आच्छी सै उसनै थाम्बे राक्खो। 22 सारी ढाळ की बुराई तै बचे
रहो। 23 शान्ति देण आळा परमेसवर आप ए थमनै पूरी तरियां तै पवित्र करै;
अर थारी आत्मा अर प्राण अर देह म्हारै प्रभु यीशु मसीह कै बोहड़ण ताहीं
पूरे-पूरे अर बेकसूर सुरक्षित रहवैं। 24 थारा बुलाण आळा साच्चा सै, अर वो

इसाए करैगा। **25** हे बिश्वासी भाईयो, म्हारै खात्तर प्रार्थना करो। **26** आप्पस
म्ह एक-दुसरे ताहीं गळे मिलकै मसीह के प्यार म्ह नमस्कार करो। **27** मै थारे
ताहीं प्रभु की हुकम देऊँ सूं के या चिट्ठी सारे बिश्वासी भाईयाँ नै पढ़कै सुणाई
जावै। **28** म्हारे प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थारे पै होंदा रहवै।

# 2 थिस्सलुनीकियों

1 या चिट्ठी हम पौलुस, सिलवानुस अर तीमुथियुस की ओड़ तै
थिस्सलुनीकियों नगर की कलीसिया के बिश्वासियाँ ताहीं लिखां सां, जो म्हारै
पिता परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह के सै। 2 म्हारै पिता परमेसवर अर प्रभु
यीशु मसीह की ओड़ तै थमनै अनुग्रह अर शान्ति मिलदी रहवै। 3 हे बिश्वासी
भाईयो, थारे बारै म्ह हमनै हरेक बखत परमेसवर का धन्यवाद करणा चाहिये,
अर यो सही भी सै ज्यांतै के थारा बिश्वास यीशु मसीह म्ह घणा बढ़दा जावै
सै, अर थारा एक-दुसरे कै खात्तर आप्पस म्ह प्यार घणाए बढ़ता जावै। 4
इस करकै हम परमेसवर की कलीसिया के बिश्वासियाँ के बारै म्ह गर्व करा
सां, के जितने थम इम्तिहान अर मुसीबतां तै गुजरो सों, थम उननै धीरज तै
सहण लागरे सों, अर थम फेर भी यीशु मसीह पै बिश्वास राक्खों सों। 5 अर
परमेसवर इन दुखां का इस्तमाल अपणे न्याय ताहीं दिखाण अर थारे ताहीं
अपणे राज्य के लायक बणाण खात्तर करैगा, जिस खात्तर थम दुख भी ठाओ
सो। 6 क्यूँके परमेसवर हमेशा सही न्याय करै सै, ताके जो थमनै दुख देवैं
सै, उननै बदले म्ह वो दुख देवै। 7 अर थमनै वो इस दुख तै राहत देवैगा, जो
थम इब उठाण लागरे सों, अर म्हारे ताहीं भी राहत दे, यो उस बखत होगा
जिब प्रभु यीशु अपणे सामर्थी सुर्गदूत्तां कै गैल, धधकती होई आग म्ह सुर्ग तै
आवैगा। 8 अर जो परमेसवर नै न्ही पिच्छाणदे, अर जो म्हारे प्रभु यीशु कै
बारें म्ह सुसमाचार ताहीं न्ही मानते उनतै वो बदला लेवैगा। 9 वे परमेसवर तै
हमेशा खात्तर अलग हो जावैंगे अर उसकी महिमामय शक्ति म्ह शामिल न्ही
हो पावैंगें अर वे अनन्त विनाश का दण्ड पावैंगें। (aiōnios g166) 10 यो उस
दिन होवैगा, जिब प्रभु यीशु मसीह बोहड़कै आवैगा, ताके वो उन माणसां तै
महिमा पावै जो उसके कहलावै सै, उन माणसां तै सम्मानित करया जावैगा
जो उसपै बिश्वास करै सै, अर उस दिन थम भी उनकी तारीफ करण आळा
म्ह तै एक होओगे, क्यूँके थमनै उसपै बिश्वास करा, जो हमनै थारे ताहीं
बताया। 11 ज्यांतै हम सारी हाण थारे बारै म्ह प्रार्थना भी करा सां, के म्हारा
परमेसवर थारे ताहीं इसा करण म्ह काबिल बणावैगा, जिसकै खात्तर उसनै
म्हारे ताहीं बुलाया सै, अर वो थारी हरेक भली इच्छा नै सामर्थी रूप तै पूरा
करै, अर हर उस काम नै पूरा करा जो थम बिश्वास तै करो सों। 12 इस

तरियां म्हारे प्रभु यीशु मसीह का नाम थारे जरिये महिमा पावैगा, यो सब कुछ
म्हारे परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह के अनुग्रह तै होवैगा।

**2** हे बिश्वासी भाईयो, इब हम अपणे प्रभु यीशु मसीह कै बोहड़ण, अर जिब
हम कठ्ठे होकै उसतै मिलागें तो उस दिन कै बारें म्ह थारे ताहीं बताणा चाहूँ
सूं। **2** थम किसे भविष्यवाणी या किसे उपदेश या किसे चिट्ठी नै म्हारी ओड़
तै लिखी होई मानकै चाणचक बोखळा ना जाइयो, अर ना ए अपणे-आप म्ह
घबराईयो के परमेसवर का दिन पैहले ए आ लिया सै। **3** किसे ढाळ तै भी
किसे कै धोक्खे म्ह ना आइयो, क्यूँके प्रभु यीशु के आण तै पैहले इसा बखत
आवैगा, जिब भोत सारे लोग परमेसवर के बिरोधी हो जावैंगे, अर वो अधर्मी
माणस यानिके विनाश का बेट्टा दिखाई देवैगा, जिस ताहीं परमेसवर सदा
खात्तर खतम कर देवैगा। **4** वो अधर्मी माणस परमेसवर अर उन दुसरी
चिज्जां का बिरोध करैगा। जिनकी लोग भगति करै, वो दावा करैगा के वो
उनतै भी घणा बड़ा सै, उरै ताहीं के वो परमेसवर के मन्दर म्ह बैठकै अपणे-
आप ताहीं ईश्वर बतावैगा। **5** के थमनै याद कोनी के जिब मै थारे धोरै था, तो
थारे तै ये बात कह्या करुँ था? **6** वो जो अधर्मी माणस इब ताहीं दिख्या न्ही
सै, क्यूँके इसा कुछ तो सै जिसनै उस ताहीं रोक राख्या सै, पक्का थम
जाणो सों, के वो के सै। इस करकै जिब परमेसवर का बखत आवैगा तो वो
अधर्मी माणस दिख जावैगा। **7** अर उस अधर्मी माणस की शक्ति पैहले तै
गुप्त रूप तै इस दुनिया म्ह काम करण लागरी सै, पर वो सै जो उस शक्ति नै
रोक्कण लागरया सै, अर जिब ताहीं वो दूर ना हो जावै तब तक वो इस ताहीं
रोकणा जारी राक्खैगा। **8** फेर वो अधर्मी माणस दिख जावैगा, पर बाद म्ह
जिब प्रभु यीशु आवैगा तो वो अपणे मुँह की फूँक तै अधर्मी माणस ताहीं मार
देवैगा, अर अपणे आगमन के तेज तै भस्म करैगा। **9** वो अधर्मी माणस
शैतान की शक्ति गैल आवैगा, वो सारे ढाळ के झूठ्ठे चमत्कार, अर अचम्भे के
काम करैगा, जो हमनै यो सोच्चण कै खात्तर मजबूर करैगा के योए परमेसवर
सै जो इननै करण लागरया सै। **10** वो सारी ढाळ के बुरे तरिक्कें अपणावैगा
उन माणसां खात्तर जो अनन्त विनाश के राह की ओड़ जावै सै, क्यूँके उननै
सच्चाई पै बिश्वास कोनी करया जिसतै उनका उद्धार हों सकै सै। **11** इस्से
कारण परमेसवर उन माणसां म्ह एक भटकाण आळी शक्ति नै भेज्जै सै, जो

उन ताहीं सच्चाई तै दूर ले जावैगी, ताके वे झूठ पै बिश्वास करै। 12 परमेसवर
उन सब का न्याय करैगा जिननै सच्चे सन्देस (यीशु मसीह के बारें म्ह)
बिश्वास कोनी करया, अर जिननै अधर्म के काम्मां तै प्यार करया। 13 हे
बिश्वासी भाईयो, उरै थारे खात्तर परमेसवर कै स्याम्ही म्हारा हमेशा धन्यवाद
देणा सही सै, थम प्रभु के प्यारे सों, क्यूँके परमेसवर नै थारे ताहीं दुनिया की
शरुआत तै ए उद्धार कै खात्तर चुण लिया सै। ताके वो थमनै पवित्र आत्मा के
काम के जरिये पवित्र बणावै, अर यीशु मसीह के सच्चे सुसमाचार पै बिश्वास
करण के जरिये थमनै बचाले। 14 म्हारे सुसमाचार के जरिये उसनै थारे ताहीं
बचाण खात्तर बुलाया सै, ताके थम उसकी महिमा म्ह हिस्सा ले सको, जो
परमेसवर नै म्हारे प्रभु यीशु मसीह ताहीं दी सै। 15 ज्यांतै हे बिश्वासी भाईयो,
मजबूत रहो, अर जो-जो शिक्षा थमनै चाहे वचन या चिट्ठी कै जरिये म्हारै
जरिये सीक्खी सै, उननै थाम्बे राक्खो। 16 हम प्रार्थना करां सां के खुद म्हारा
प्रभु यीशु मसीह, अर म्हारा पिता परमेसवर, जिसनै म्हारै तै प्यार करया अर
अनुग्रह तै अनन्त शान्ति अर घणी बढ़िया उम्मीद देई सै, (aiōnios g166) 17
थारे मनां म्ह शान्ति दे अर थमनै हरेक आच्छे काम अर वचन म्ह मजबूत
करै।

**3** इस करकै, हे बिश्वासी भाईयो, म्हारै खात्तर प्रार्थना करया करो के प्रभु के
बारें म्ह सन्देस भोत तावळा दुसरी जगहां म्ह भी सुणाया जा सकै, अर लोग
उसपै बिश्वास करैगें जिसा थम बिश्वास करो सों। 2 या भी प्रार्थना करया
करो के परमेसवर हमनै बैरी अर बुरे माणसां के जरिये दिए जाण आळे
नुकसान तै भी बचावै, क्यूँके भोत-से लोग सुसमाचार पै बिश्वास कोनी
करते। 3 पर प्रभु भरोस्सेमंद सै, वो थमनै अन्दरूनी रूप तै मजबूत करैगा अर
उसकी रक्षा करैगा, ताके बुराई, शैतान थमनै नुकसान ना पंहुचा सकै। 4
हमनै प्रभु म्ह थारे उप्पर भरोस्सा सै हमनै जो कुछ थारे ताहीं करण खात्तर
कह्या सै थम उसाए करण लागरे सों अर करते भी रहोगे। 5 हम प्रार्थना करा
सां के प्रभु यीशु थमनै यो समझण कै काबिल बणावै के परमेसवर थमनै
कितना प्यार करै सै, अर धीरज राखणा सिखावै जिसा मसीह राक्खै सै। 6
हे बिश्वासी भाईयो, प्रभु यीशु मसीह नै जो हक म्हारे ताहीं दिया सै, उसके
कारण हम थमनै हुक्म देवां सां, के थम हरेक इसे बिश्वासी भाई तै न्यारे रहो

जो कोए काम न्ही करदा, अर जो शिक्षा उसनै म्हारै तै पाई उसकै मुताबिक
न्ही करदा। 7 क्यूँके थम सारे अपणे-आपनै आच्छी तरियां जाणो सों, के
थमनै उस्से तरियां जीणा चाहिए जिस तरियां हम जिवां सां, क्यूँके जिब हम
थारे बिचाळै रहण लागरे थे, तो हम आलसी कोनी थे। 8 अर किसे की रोट्टी
मुफ्त म्ह कोनी खाई, मेहनत अर कष्ट तै दिन-रात काम-धन्धा करा थे, ताके
हम अपणी जरूरतां खात्तर थारे भरोस्से ना रह्वां। 9 हालाकि थारे तै आर्थिक
मदद पाण का म्हारा हक बणै सै, फेर भी हम कड़ी मेहनत करा सां, पर
ज्यांतै के अपणे-आप ताहीं थारे खात्तर आच्छा नमूना बणावां ताके थम भी
म्हारै जिसा जीवन जिओ। 10 क्यूँके जिब हम थारे धोरै थे, तब भी योए कह्या
करा थे, के जै कोए काम करणा ना चाहवै तो उसका खाण का भी हक
कोनी। 11 हम सुणां सां के कुछ माणस थारे बिचाळै सुस्त सै अर वे कोए
काम न्ही करदे, पर दुसरयां कै काम म्ह रुकावट करै सै, अर उन ताहीं भी
काम करण तै रोक्कै सै। 12 प्रभु यीशु मसीह नै म्हारे ताहीं हक दिया सै, अर
हम थमनै भी समझावां सां, के चुपचाप काम करकै अपणी ए कमाई तै रोट्टी
खाया कर। 13 पर हे बिश्वासी भाईयो, थम खुद वो काम करण तै पाच्छै ना
हटियो, जो सही अर भले सै। 14 जै कोए म्हारी इस चिट्ठी म्ह दी गई हिदायत
नै कोनी मान्नै तो सब जाण ल्यो के वो कौण सै, अर उसकी संगति ना
करो, जिसतै वो शर्मिन्दा होवै। 15 तोभी उस ताहीं दुश्मन मतना समझो, पर
बिश्वासी भाई जाणकै समझाओ। 16 मै प्रार्थना करूँ सूं, के प्रभु जो शान्ति
का चोवा सै आप ए थारे ताहीं सारी हाण अर हरेक तरियां तै शान्ति देवै। प्रभु
थम सारया कै साथ रहवै। 17 मै, पौलुस, अपणे हाथ तै नमस्कार लिक्खूँ
सूं। इस्से तरियां तै मै अपणी सारी चिट्ठियाँ के अन्त म्ह न्यूए लिक्खूँ सूं,
ताके थम जाण ल्यो के ये मेरी ओड़ तै सै। 18 मै प्रार्थना करूँ सूं, के म्हारे
प्रभु यीशु मसीह का अनुग्रह थम सारया पै होंदा रहवै।

# 1 तीमुथियुस

1 या चिट्ठी पौलुस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह का प्रेरित सै, अर
परमेसवर जो म्हारा उद्धारकर्ता सै, अर यीशु मसीह जो म्हारी आस सै, उसनै
मेरे ताहीं प्रेरित होण खात्तर बुलाया सै। 2 मै या चिट्ठी तीमुथियुस नै लिखूँ सूं,
मसीह पै बिश्वास करण के नाते तू मेरे आत्मिक बेट्टे की तरियां सै, मै प्रार्थना
करुँ सूं, के पिता परमेसवर, अर म्हारै प्रभु मसीह यीशु की ओड़ तै तन्नै
अनुग्रह, दया अर शान्ति मिलदी रहवै। 3 जिसा के तू तीमुथियुस जाणै सै,
इफिसुस नगर म्ह कई माणस सै जो झूठ्ठी शिक्षा देवै सै, वे माणसां ताहीं
लगातार झूठ्ठी कहाणियाँ अर पूर्वजां की लम्बी वंशावलियाँ नै सिखावै सै,
जिसा के मन्नै मकिदुनिया जान्दे बखत तेरे तै कह्या था, के इफिसुस नगर
म्ह रहकै उन ताहीं कह के इसी शिक्षा ना देवै, जिब वे इसी शिक्षा देवै सै,
तो माणसां म्ह विवाद पैदा होवै सै, इसका नतिज्जा यो सै के ये शिक्षक
परमेसवर का काम न्ही करते जो परमेसवर नै उन ताहीं दिया सै, यो तो सिर्फ
मसीह पैए बिश्वास करण के जरिये करया जा सकै सै। 5 योए म्हारे हुकम का
मकसद सै, के थम सच्चे मन, शुद्ध अन्तरात्मा अर सच्चे बिश्वास तै एक-दुसरे
कै गेल्या बिना कपट के प्यार करो। 6 झूठ्ठे शिक्षकां नै इन सारी चिज्जां ताहीं
छोड़ दिया सै, अर सिर्फ बेकार की चिज्जां पै बातचीत करै सै। 7 अर वकील
तो बणणा चाहवैं सै, पर जो बात कहवै अर जिन ताहीं मजबूती तै बोल्लै सै,
उन ताहीं समझदे भी कोनी। 8 हम जाणा सां के मूसा के नियम-कायदा नै जै
सही तरिक्कें तै सिखावै तो वो भला सै। 9 हम यो जाणा सां, के मूसा नबी
के नियम-कायदे धर्मी माणस कै खात्तर कोनी, पर उन माणसां खात्तर सै जो
परमेसवर के नियम-कायदा नै अणदेखा करै सै, अर उन ताहीं मानते कोनी,
अर उन माणसां खात्तर जो परमेसवर की आराधना कोनी करते, अर जो
सारी हाण पाप करते रहवै सै, जो माणस दुष्ट सै, अर परमेसवर का आदर
कोनी करते, अर जो अपणे माँ-बाप नै, अर दुसरयां नै मार देवै सै। 10
जारी करणीये, माणसां गैल कुकर्म करणीये, माणस नै बेचण आळे, झूठ
बोल्लण आळे, झूठ्ठी कसम खाण आळे, अर इनकै अलावा खरे उपदेश के
सारे बिरोधियाँ कै खात्तर बणाई गई सै। 11 या सही शिक्षा उस सुसमाचार पै
आधारित सै, जो के धन्य परमेसवर की महिमा के बारें म्ह सै, जिसकी मेरै

ताहीं प्रचार करण की जिम्मेदारी दी गई सै। 12 मै अपणे प्रभु मसीह यीशु
का जिसनै मेरै ताहीं सामर्थ दी सै, धन्यवाद करुँ सूं, के उसनै मेरै ताहीं
बिश्वास जोग्गा समझकै अपणी सेवा कै खात्तर चुण्या। 13 बिश्वास करण तै
पैहले, मै बुराई करण आळा, सताण आळा, अर अन्धेर करण आळा था,
तोभी मेरै पै दया होई, क्यूँके यीशु मसीह पै बिश्वास करण तै पैहले मन्नै
अबिश्वास अर बिना सोच्चे-समझे ये काम करे थे। 14 अर परमेसवर का
अनुग्रह मेरे पै भोत-ए घणा होया, उसनै मेरे ताहीं बिश्वास अर प्यार दिया,
क्यूँके मै मसीह यीशु म्ह सूं। 15 या बात साच्ची अर हरेक तरियां तै मानण
जोग्गी सै, के मसीह यीशु पापियाँ का उद्धार करण खात्तर दुनिया म्ह आया,
जिन म्ह सारया तै बड्ड़ा पापी मै सूं। 16 परमेसवर नै अपणी दया मेरे पै
दिखाई, उसनै यो इस कारण करया ताके मुझ माणस के जरिये, जिसनै दुसरे
माणसां तै ज्यादा बुरे काम करे सै, मसीह यीशु दिखा सकै सै, के वो मेरे
खात्तर कितना धीरज राक्खै सै, या उन माणसां खात्तर एक मिसाल सै जो
बाद म्ह उसपै बिश्वास करैगें, अर वे अनन्त जीवन पावैंगें। (aiōnios g166) 17
इब राजा जो सदा खात्तर जिन्दा सै, उस अविनाशी, अनदेक्खे, एकमात्र
परमेसवर का आदर अर उसकी महिमा युगानुयुग होंदी रहवै। आमीन। (aiōn
g165) 18 हे बेट्टे तीमुथियुस, मै यो हुकम सौंपू सूं, जो उन भविष्यवाणीयाँ
कै मुताबिक सै, जो पैहल्या तेरे बारै म्ह करी गई थी, उनकै मुताबिक एक
सिपाही की तरियां आच्छी लड़ाई नै लड़ता रह। 19 थम मसीह पै लगातार
बिश्वास करते रहो, ताके थारी अन्तरात्मा साफ रहवै, कई माणसां नै अपणी
साफ अन्तरात्मा ताहीं त्याग दिया सै, अर उनकी मसीह पै बिश्वास करण की
काबलियत भी खतम होगी सै, अर इब वे बिश्वास भी कोनी करते। 20 उन
म्ह हुमिनयुस अर सिकन्दर भी शामिल सै, जिन ताहीं मन्नै शैतान की बुरी
शक्तियाँ के हाथ सौंप दिया सै, ताके वे परमेसवर की बुराई करणा छोड़ दे।
**2** इब मै सारया तै पैहल्या यो आग्रह करुँ सूं, के बिनती, प्रार्थना, निवेदन,
अर धन्यवाद सारे माणसां कै खात्तर करे जावै। 2 राजयां अर सारे ऊँच्चे
ओह्‌या आळा कै खात्तर ज्यांतै ताके वो हमनै आराम अर चैन कै गेल्या सारी
भगति अर गम्भीरता तै जीवन बिताण देवै। 3 इसी प्रार्थना सही सै अर म्हारै
परमेसवर उद्धारकर्ता नै आच्छी लाग्गै सै। 4 वो चाहवै सै के हरेक इन्सान

सच्चाई के ज्ञान नै समझ ले अर वे बच जावै। 5 क्यूँके परमेसवर एके सै, अर
परमेसवर अर माणसां कै बीच म्ह भी एक ए बिचोल्ला सै, जो मसीह यीशु
सै, जो मानव रूप धारण करकै आया। 6 मसीह नै अपणे-आप ताहीं बलिदान
कर दिया, ताके लोग्गां नै पाप अर मौत की शक्ति तै आजाद करै। मसीह की
मौत के जरिये, परमेसवर नै यो सबूत दिया के सही बखत पै सब लोग बच
जावै। 7 इस कारण तै परमेसवर नै मेरे ताहीं सुसमाचार का प्रचारक अर
प्रेरित चुण्या सै, उसनै मेरे ताहीं गैर यहूदियाँ ताहीं बिश्वास अर सच्चाई का
सन्देस सुणाण आळा बणाया सै, मै झूठ न्ही बोल्दा, सच कहूँ सूं। 8 ज्यांतै
मै चाहूँ सूं, के हरेक जगहां सभाओं म्ह माणस जो पवित्र जिन्दगी जीवै सै, वे
हाथ्थां नै ठाकै बिना छो अर विवाद के परमेसवर तै प्रार्थना करै। 9 इस्से
तरियां मै चाहूँ सूं के मसीह बिरबानियाँ नै भी सही तरियां के लत्ते पैहरणे
चाहिए, जो के साद्दे हो, ना के भड़कीले। ना के खूबसूरती तै बाळ गूँथणा, ना
सोन्ने, मोतियाँ अर घणे महँगे लत्यां तै अपणे-आपनै सवारणा। 10 पर
इसके बजाए वो लोग्गां की भलाई करै, जो उननै खूबसूरत बणावै सै, क्यूँके
परमेसवर की भगति करण आळी बिरबानियाँ कै खात्तर योए सही सै। 11
जिब कोए, बिश्वासियाँ ताहीं सिखाण लागरया हो तो, बिरबानियाँ नै चुपचाप
रहकै पूरी शान्ति तै सिखणा चाहिये। 12 मै बिरबानियाँ ताहीं मर्दां नै सिखाण
या उसपै हावी होण की इजाजत कोनी देंदा, जिब थम आराधना म्ह मिलो हो,
तो बिरबानियाँ नै चुप रहणा चाहिए। 13 मै इस करकै कहूँ सूं, क्यूँके पैहल्या
आदम, उसकै पाच्छै हव्वा बणाई गई। 14 आदम साँप के जरिये भकाया न्ही
गया, पर बिरबान्नी भकाई म्ह आकै कसूरवार होई। 15 तोभी बिरबान्नी
बाळक पैदा करण कै जरिये उद्धार पावैगीं, जै वा मसीह पै बिश्वास करै, दुसरे
तै प्यार, अर पवित्र अर सही बरताव करै।

3 या बात सच्ची सै, के जो कलीसिया का अगुवां बणणा चाहवै सै, तो वो
भले काम की चाह करै सै। 2 यो जरूरी सै के अगुवां नै बेकसूर, अर एक
ए बिरबान्नी का धणी, संयमी, सुशील, सभ्य, मेहमान का आदर-सत्कार
करणीया, अर सिखाण म्ह सही होणा चाहिए। 3 दारूबाज या मारपीट करण
आळा ना हो, बल्के नरम हो, अर ना रोळा करण आळा, अर ना धन का
लोभ्भी हो। 4 अपणे घर का सही इन्तजाम करण आळा हो, अर उसनै

अपणे बाळ-बच्यां ताहीं हरेक काम म्ह आदरपूर्वक उनका कहणा मानना
सिखाणा चाहिए। 5 जिब कोए अपणे घर का ए इन्तजाम करणा ना जाण्दा
हो, तो परमेसवर की कलीसिया की रुखाळी किस ढाळ करैगा? 6 वो नया
बिश्वासी ना हो, इसा ना हो के घमण्ड करकै शैतान की तरियां सजा भुगतै।
7 अर कलीसिया के बाहर के माणसां म्ह भी वो सम्मान लायक हो, ताके वो
बदनामी अर शैतान कै फंदे म्ह ना फँस जावै। 8 उस्से तरियां ए कलीसिया
के सेवकां नै भी गम्भीर होणा चाहिये, दोगली बात करण आळा, दारूबाज
अर नीच कमाई का लोभ्भी ना हो। 9 उनकै धोरै साफ अन्तरात्मा हो, क्यूँके
वे मानते रहवैंगे, के परमेसवर नै जो शिक्षाएँ जाहिर करी वे सच सै। 10 अर
ये इन सारी बात्तां म्ह पैहले परखे जावै, फेर जै बेकसूर लिकड़ै तो सेवक का
काम करै। 11 इस्से तरियां तै बिरबानियाँ नै भी गम्भीर होणा चाहिये, दोष
लाण आळी ना हों, पर सचेत अर सारी बात्तां म्ह बिश्वास जोग्गी हों। 12
कलीसिया का सेवक एक ए बिरबान्नी का धणी हों अर बाळ-बच्यां अर
अपणे घरां का आच्छा इन्तजाम करणा जाणदे हों। 13 क्यूँके जो कलीसिया
के सेवक का काम आच्छी ढाळ तै कर सकै सै, वो माणसां म्ह सम्मान
लायक होगा, पर मसीह यीशु म्ह अपणे बिश्वास के बारें म्ह वो बड़ी दिलेरी तै
बोल्लण आळा हो। 14 मै तेरे धोरै तावळा आण की आस करते होए भी, ये
बात तेरे तै ज्यांतै लिक्खूँ सूं, 15 ताके जै मेरै ओड़ै आण म्ह देर हो भी जावै,
तो मै चाहूँ सूं, थम इस बात नै जाण ल्यो, के परमेसवर का परिवार जो के
एक कलीसिया सै, उस म्ह हमनै एक-दुसरे तै किसा बरताव करणा चाहिए।
जिन्दे परमेसवर की कलीसिया के माणस सच्चाई की शिक्षा की नीम अर
खम्भे की तरियां सै। 16 हम दावे के साथ कह सका सां, के परमेसवर नै जो
शिक्षाएँ जाहिर करी सै, वो पूरी तरियां तै सच सै, यानी, वो जो देह म्ह जाहिर
होया, वो पवित्र आत्मा के जरिये परमेसवर का बेट्टा साबित होया, अर उस
ताहीं सुर्गदूत्तां नै देख्या, दुनिया के माणसां नै उसपै बिश्वास करया, दुसरी
जात्तां म्ह उसका प्रचार होया, अर महिमा म्ह उप्पर ठाया गया।

**4** पर पवित्र आत्मा साफ तौर पै कहवै सै, के अन्त के दिनां म्ह कुछ लोग
मसीह शिक्षा ताहीं मानना छोड़ देवैगें, वो ओपरी आत्मायाँ ताहीं अपणा लेवैंगे
जो उन ताहीं भटका देवैगी, अर वो उस झूठ्ठी शिक्षा पै मन लगावैंगे जो

ओपरी आत्मा की ओड़ तै सै। 2 वे पाखण्डी झूठ्ठे लोग सै जो झूठ्ठी शिक्षा
सिखावै सै, उनकी अन्तरात्मा, जो सही या गलत के बीच का फैसला करै सै,
वा मर चुकी सै, जिस तरियां के एक गरम लोहे नै अन्तरात्मा ताहीं जळा
दिया हो। 3 ये झूठ्ठे लोग सिखावै सै, के ब्याह करणा अर कई चीज जो
खाण-पीण की सै, वे गलत सै, पर परमेसवर नै इन खाण-पीण की चिज्जां
ताहीं बिश्वासियाँ खात्तर बणाया सै, जो सच्ची शिक्षा नै जाणै सै के परमेसवर
की बणाई हरेक चीज आच्छी सै, कोए भी चीज नकारन की कोनी, जै उस
ताहीं धन्यवाद देकै खावै। 5 क्यूँके परमेसवर के वचन अर प्रार्थना कै जरिये
सब कबूल हो जावै सै। 6 जै तू लगातार बिश्वासी भाई-भाणा नै याद दुआन्दा
रहवै, के जो मन्नै निर्देश दिए सै, अर तू जो बिश्वास अर आच्छे शिक्षा के
सन्देस के जरिये मजबूत बणाया गया सै, जिसका तन्नै पालन करया सै,
तो तू यीशु मसीह का एक आच्छा सेवक सै। 7 सांसारिक अर मनघडन्त
कहाँनियाँ तै दूर रहों, अर थम अपणे-आपनै ईश्वरीय जीवन जीण खात्तर
अनुशासित कर ल्यो। 8 क्यूँके देह की कसरत तै माड़ा सा फायदा होवै सै,
पर भगति सारी बात्तां कै खात्तर फैयदेमन्द सै, क्यूँके यो इस धरती पै जिन्दा
रहन्दे होए अर मरण कै बाद भी एक ईनाम का वादा सै। 9 या बात सच्ची
अर हरेक ढाळ तै मानण जोग्गी सै। 10 क्यूँके हम मेहनत अर कोशिश इस्से
खात्तर करा सां के म्हारी आस उस जिन्दे परमेसवर पै सै, जो सारे माणसां
अर खास करकै अपणे बिश्वासियाँ का उद्धार करणीया सै। 11 बिश्वासियाँ
नै ये बात करणा अर उननै मानना सीखा। 12 छोट्टी उम्र के कारण कोए
तन्नै तुच्छ ना समझै पर वचन, अर चाल-चलण, अर प्यार, अर बिश्वास,
अर पवित्रता म्ह बिश्वासियाँ कै खात्तर बढ़िया नमूना बण जा। 13 जिब
ताहीं मै न्ही जाऊँ, जिब तक बखत लिकाड़कै पवित्र ग्रन्थ बिश्वासियाँ ताहीं
पढ़कै सुणा, अर उन ताहीं उत्साहित अर वचन सिखाण म्ह लग्या रह। 14
उस आत्मिक वरदान कै बारै म्ह, जो तेरे म्ह सै, अर भविष्यवाणी कै जरिये
कलीसिया के अगुवां के हाथ धरदे बखत तन्नै मिल्या था, निश्चिन्त मतना
रह। 15 इन बात्तां नै सोचदा रह अर इन्नै म्ह अपणा ध्यान लाये रह, ताके
तेरी बढ़ोतरी सारया पै दिख जावै। 16 यो ध्यान राक्खों के थम किस तरियां
जिन्दगी जिओ सों, अर के सिखाओ सों। इन बात्तां पै स्थिर रह, क्यूँके इसा

करदा रहवैगा तो तू अपणे अर अपणे सुणण आळा कै खात्तर भी उद्धार का
कारण होगा।

5 किसे बूढ़े ताहीं छो म्ह ना धमका, पर उस ताहीं अपणा बाप जाणकै
समझा दे, अर जवानां नै अपणा भाई जाणकै समझा दे। 2 बूढ़ी बिरबानियाँ
नै माँ जाणकै, अर जवान बिरबानियाँ नै पूरी पवित्रता तै भाण मानकै समझा
दे। 3 उन बिधवा बिरबानियाँ का, जिनकी देखभाळ करणीया कोए कोनी
उनका आदर कर। 4 जै किसे बिधवा के बाळक या नात्ती-पोत्ते हों, तो वे सब
तै पैहल्या अपणे ए कुण्बे कै प्रति अपणे फर्ज नै पूरा करकै परमेसवर का
भगत बणणा सीखै, अर अपणे माँ-बाप के उपकारां का फळ दे, क्यूँके यो
परमेसवर नै भावै सै। 5 जो सच म्ह ए बिधवा सै, अर उसका मदद करण
आळा कोए न्ही, वा परमेसवर पै आस राक्खै सै, अर दिन-रात बिनती अर
प्रार्थना म्ह लाग्गी रहवै सै। 6 पर जो बिधवा भोगविलास म्ह पड़गी, वा जिन्दे
जी मरगी सै। 7 इन बात्तां का भी हुकम दिया कर ताके कोए उनपै दोष ना
लगा सकै। 8 पर जै कोए अपणे रिश्तेदारां की अर खास करकै अपणे कुण्बे
की फिक्र ना करै, तो वो बिश्वास तै मुकर गया सै अर अबिश्वासी तै भी बुरा
बण गया सै। 9 उस्से बिधवा का नाम लिख्या जावै जो साठ साल तै उप्पर
की हो, अर जो एके धणी की बिश्वास लायक रही हों। 10 अर भले काम
म्ह आच्छी नाम्मी रही हो, जिसनै बाळकां का पालन-पोषण, मेहमानां की
सेवा, परमेसवर के माणसां की सेवा, दुखियाँ की मदद करी हो, अर हरेक
भले काम म्ह मन लगाया हो। 11 पर जवान बिधवा बिरबानियाँ कै नाम ना
लिखिए, क्यूँके जिब उनकी शारीरिक अभिलाषा मसीह की सेवा करण तै
बढ़कै हो जावै सै, तो वा ब्याह करणा चाहवैं सै। 12 दुबारै ब्याह करकै, वे
खुद कसूरवार बणैगी, क्यूँके उननै अपणे पैहल्ड़े वादे ताहीं जो के ब्याह ना
करण का था, उस ताहीं तोड़ दिया सै। 13 इसकै गेल्या ए गेल्या वे घर-
घर हाँड कै आलसी होणा सिक्खैं सै, अर सिर्फ आलसी न्ही पर बकबक
कर दी रहै सै, अर दुसरयां कै काम म्ह भी दखल देती रहवै सै, अर चुगली
कर दी रहवै सै। 14 ज्यांतै मै न्यू चाहूँ सूं के जवान बिधवां ब्याह करै, अर
बाळक जामै अर घर-बार सम्भाळै, अर किसे बिरोधी नै बदनाम करण का
मौक्का ना देवैं। 15 मै इस करकै कहूँ सूं, के उन म्ह तै कईयाँ नै प्रभु का

तो कमजोर माणसां ताहीं महायाजक नियुक्त करै सै, पर कसम जो नियम-
कायदा के बाद आवै सै, उस बेट्टे नै नियुक्त करै सै जो युगानुयुग कै खात्तर
सिध्द महायाजक सै। (aiōn g165)

**8** इब जो बात हम कहण लागरे सां उन म्ह तै सारया तै बड्डी बात या सै म्हारे
धोरै इस तरियां का महायाजक सै, जो सुर्ग पै महामहीम के सिंहासन कै
सोळी ओड़ सै, 2 म्हारा महायाजक सब तै घणी पवित्र जगहां अर उस सच्चे
तम्बू (सुर्ग म्ह) काम करै सै, जो के माणसां के जरिये न्ही, परमेसवर के
जरिये बणाया गया सै। 3 क्यूँके हरेक महायाजक पापां की माफी कै खात्तर
बलिदान अर भेंट चढ़ावै सै, इस कारण जरूरी सै के म्हारे महायाजक मसीह
यीशु कै धोरै भी चढ़ाण खात्तर किमे हो। 4 जै वो धरती पै होंदा तो कदे
भी याजक न्ही होंदा, ज्यांतै के मूसा के नियम-कायदे कै मुताबिक भेंट
चढ़ाण खात्तर याजक सै। 5 वे सुर्ग म्ह की चिज्जां के नकल अर छाया की
सेवा करै सै, जिसा जिब मूसा नबी तम्बू बणाण पै था, तो उस ताहीं या
चेतावनी मिली, “लखा, जो नमूना तेरे ताहीं पहाड़ पै दिखाया गया था, उसकै
मुताबिक सारा किमे बणाणा।” 6 पर जो काम यीशु ताहीं दिया गया सै, वो
दुसरे याजकां तै दिए गये काम तै ज्यादा बाध सै, क्यूँके वो जिस करार का
बिचौलिया सै, वो पुराणे करार तै बढ़िया सै, अर बढ़िया चिज्जां की कसमां पै

आधारित सै। 7 क्यूँके जै वो पैहल्ड़ा करार बेकसूर होन्दा, तो दुसरे करार कै
खात्तर मौक्का ना टोहया जान्दा। 8 पर प्रभु उनपै दोष लाकै कहवै सै, “प्रभु
कहवै सै, लखाओ, वे दिन आवै सै के मै इस्राएल के माणसां कै गेल्या, अर
यहूदा के माणसां कै गेल्या नया करार करुँगा। 9 यो उस करार की तरियां
न्ही होवैगा, जिसा मन्नै उनकै पूर्वजां कै गेल्या उस बखत करया था, जिब
मन्नै उनका हाथ मिस्र देश तै लिकाड़ ल्याण खात्तर पकड्या था, क्यूँके प्रभु
कहवै सै, के वे मेरे करार के बिश्वासी न्ही रहे, ज्यांतै मन्नै उनतै मुँह फेर
लिया। 10 फेर प्रभु कहवै सै, के जो करार मै आण आळे दिनां म्ह इस्राएल
कै माणसां कै गेल्या करुँगा, वो यो सै के मै अपणे नियमां नै उनके मनां म्ह
गेरूँगा, मै उन ताहीं अपणे नियमां कै बारें म्ह उननै याद दुआऊँगा, अर मै
उनका परमेसवर ठहरूँगा अर वे मेरे माणस ठहरैंगें। 11 अर हरेक अपणे
यहूदी भाई ताहीं अर अपणे सगे-सम्बन्धी ताहीं या शिक्षा न्ही देवैगा, के तू
प्रभु ताहीं पिच्छाण, क्यूँके छोट्टे माणसां तै लेकै बड़े माणसां ताहीं सारे मन्नै
जाण लेवैगें। 12 मै उनकी दुष्टता की ओड़ दया करुँगा, अर उनकै पापां नै
दुबारा याद कोनी करुँगा।” 13 परमेसवर नै इस ताहीं नया करार कह्या, इस
करकै उसनै पैहल्ड़े करार ताहीं पुराणा ठहरा दिया, जो चीज पुराणी अर
घिसी होई सै उसका मिट जाणा जरूरी सै।

9 इब, उस पैहल्ड़े करार म्ह भी सेवा के नियम थे, अर इसी पवित्र जगहां
थी, जो इस दुनिया की थी। 2 यानी के एक तम्बू बणाया गया जिस म्ह दो
कमरे थे, पैहले कमरे म्ह दीवट, मेज अर मेज कै उप्पर भेंट की चढ़ाई होई
रोटियाँ थी, अर वा पवित्र जगहां कुह्वावै सै। 3 ओड़ै एक परदा था उस परदे
कै पाच्छै दुसरा कमरा था, जो परमपवित्र जगहां कुह्वावै सै। 4 उस दुसरे
कमरे म्ह सोन्ने की धूपदानी, अर चौगरदेकै सोन्ने तै मन्ढया होया करार का
सन्दूक था, अर उस म्ह मन्ना तै भरया होया सोने का मर्तबान भी था, अर
हारुन की छड़ी जिस म्ह फूल फळ आ गये थे, अर करार की पत्थर की
पटियाँ भी थी। 5 इसकै अलावा सन्दूक कै उप्पर दोन्नु ओड़ तेजोमय करुब
थे, जो प्रायश्चित के ढक्कण जिस ताहीं प्रायश्चित के दिन पापबलि के लहू तै
छिड़क दिया जावै था। इनका एक-एक करकै जिक्र करण का इब्बै बखत
न्ही सै। 6 ये चीज इस तरियां तै धरी गई थी। उस पैहल्ड़े कमरे म्ह परमेसवर

की आराधना करण कै खात्तर याजक हरेक दिन पैहले कमरे म्ह जाया करै
था। 7 पर दुसरे कमरे म्ह यानी घणी पवित्र जगहां म्ह, सिर्फ महायाजक
साल भर म्ह एक ए बर जावै सै, अर बलिदान के जानवर का लहू लिये जाया
करै था, जिस ताहीं वो अपणे खात्तर अर माणसां की भूल-चूक म्ह करया
पापां खात्तर भेंट चढ़ावै सै। 8 इसतै पवित्र आत्मा योए दिखावै सै, के पुराणे
करार के मुताबिक दुसरा कमरा यानी घणी पवित्र जगहां जो सुर्ग म्ह सै,
जित्त परमेसवर रहवै था, ओड़ तक पुहचण का रास्ता बन्द था। 9 यो तम्बू
आज कै दिन का एक उदाहरण सै, जिस म्ह याजक भेंट अर बलिदान चढ़ावै
सै, जिब माणस बलिदान की भेट लेकै आवै थे, तो उनकी अन्तरात्मा समझ
न्ही पावै थी, के इब उसके पाप माफ होए सै या न्ही। 10 क्यूँके ये उपहार
अर बलिदान सिर्फ खाण-पीण की चिज्जां, अर कई ढाळ की शुद्ध करण की
शारीरिक विधियाँ, तब तक थी, जिब तक परमेसवर कोए नई विधि न्ही
देता। 11 पर जिब मसीह म्हारा महायाजक बणकै आया, तो अपणे साथ
बढ़िया-बढ़िया चीज लेकै आया जो इब भी मौजूद सै, जिब वो दिख्या तो
वो परमेसवर की मौजूदगी म्ह चला गया, यो तम्बू हाथ का बणाया होया
कोनी यानिके इस सृष्टि का कोनी। 12 जिब मसीह तम्बू म्ह चला गया तो
वो सब खात्तर सब तै पवित्र जगहां म्ह दाखल होया, उसनै बलिदान के
रूप म्ह बकरयां अर बाछड़याँ का लहू न्ही लिया, बल्के उसनै अपणा लहू
लिया, ताके हम अनन्त छुटकारा पा सकै। (aiōnios g166) 13 क्यूँके जै मूसा
नबी के नियम-कायदा के मुताबिक जिब बकरयां अर बळधां का लहू अर
बाछड़े की राख का अपवित्र माणसां पै छिड़के जाण की विधि के मुताबिक,
अशुद्धता दूर हो जावै सै। 14 तो मसीह का बेकसूर लहू जो म्हारी अन्तरात्मा
नै, म्हारे पाप, जो म्हारी मौत की बजह बणै सै, उनतै शुद्ध करै सै, ताके हम
जिन्दे परमेसवर की आराधना कर सका। पवित्र आत्मा की शक्ति के जरिये
मसीह नै म्हारे ताहीं अपणे पापां खात्तर एक सम्पूर्ण बलिदान के रूप म्ह
परमेसवर ताहीं अपणे-आप ताहीं दे दिया। (aiōnios g166) 15 इस कारण
मसीह परमेसवर अर माणसां के बीच म्ह नये करार का बिचोल्ला सै, ताके
जो माणस परमेसवर के जरिये बुलाये गये सै, वो सनातन आशीषें पा सकै,
जिसका परमेसवर नै वादा करया सै, क्यूँके पैहल्ड़े करार के अधीन रहन्दे

होए जितने माणसां नै पाप कराया, उन ताहीं छुड़ाण खात्तर यीशु नै अपणी
जान दे दी। (aiōnios g166) 16 करार एक वसियत के समान हो सै। एक
वसियत के नियम नै लाग्गू करण खात्तर यो साबित करणा जरूरी होवै सै, के
जिसनै वा वसियत बणाई हो, वो मर चुक्या हो। 17 क्यूँके एक वसियत
जिब्बे लाग्गू हो सकै सै, जिब उसके बणाण आळा की मौत होगी हो। वो
जिब तक लाग्गू न्ही होन्दी जिब ताहीं उसका बणाण आळा जिन्दा हो। 18
इस कारण पैहल्ड़ा करार का नियम जानवरां के लहू ताहीं बहाए जाण पै
लाग्गू होवै था। 19 क्यूँके जिब मूसा नबी सारे माणसां नै नियम-कायदे का
हरेक हुकम सुणा चुक्या तो उसनै बकरयां अर बाछड़याँ का लहू लेकै, पाणी
म्ह मिला लिया अर लाल ऊन अर जूफा (झाड़ी) की छड़ी कै गेल्या, उस
नियम-कायदे की किताब अर सारे माणसां पै छिड़क दिया 20 अर कह्या,
"के यो लहू परमेसवर के साथ करे गये करार नै पक्का करै सै, जिसका
हुकम परमेसवर नै थारे खात्तर दिया सै।" 21 अर इस्से तरियां तै उसनै तम्बू
अर सेवा के सारे समान पै लहू छिड़क्या, जित्त सारे माणस आराधना करण
लागरे थे। 22 सच तो यो सै के नियम-कायदे कै मुताबिक आमतौर पै सारी
चीज लहू कै जरिये शुद्ध करी जावै सै, मसीह नै जो लहू बहाया उसके बगैर
पापां की माफी कोन्या। 23 यो जरूरी सै के तम्बू अर उसकी सारी चीज, जो
सुर्ग की चिज्जां का हुबहू सै, इन जानवरां का लहू सै, जो शुद्ध करया जा, पर
सुर्ग की चीज नै शुद्ध करण कै खात्तर बढ़िया बलिदानां की जरूरत थी। 24
क्यूँके मसीह जिस पवित्र जगहां म्ह दाखल होया, वो माणसां के हाथ की
बणाई होई न्ही थी, वो असली तम्बू की सिर्फ एक नकल सै, बल्के वो सीध्धा
सुर्ग गया अर इब म्हारी मदद करण खात्तर परमेसवर कै साथ सै। 25 वो सुर्ग
म्ह इस करकै दाखल होया के माणसां के पापां के कारण बारबार अपणे-
आपनै बलिदान करै, जिस तरियां महायाजक हरेक साल दुसरे का लहू लिए
पवित्र जगहां म्ह दाखल होया करै था, 26 जै इसा करणा जरूरी था तो
दुनिया की शरुआत तै लेकै इब तक उसनै बार-बार दुख ठाणा पड़दा, पर
इब युग कै आखरी म्ह वो एक ए बर जाहिर होया सै, ताके अपणे क्रूस पै
बलिदान कै जरिये पाप ताहीं दूर कर देवै। (aiōn g165) 27 अर जिस तरियां
माणसां कै खात्तर एक बर मरणा अर उसकै पाच्छै न्याय का होणा तय

सै, 28 उस्से तरियां ए मसीह भी माणसां के पापां की माफी खात्तर एक
बर धरती पै आया अर सूळी पै अपणी जान दे दी, अर जो माणस उसकी
बोहड़ण की बाट देक्खै सै, उनकै उद्धार कै खात्तर दुसरी बर बिना पाप उठाए
होए दिखैगा।

10 मूसा नबी के नियम-कायदे, आण आळी असली चिज्जां की छाया
सै, पर ये वो आळी असली चीज कोनी, ज्यांतै नियम-कायदा की विधि के
मुताबिक बलिदानां कै जरिये जो हरेक साल हर बार चढ़ाए जावै सै, बलिदान
चढ़ाण आळा, कदे भी माणसां नै पूरी तरियां तै शुद्ध न्ही कर सकदा। 2 जै
बलिदानां कै जरिये माणस पूरी तरियां शुद्ध हो जावै, तो उनका चढ़ाणा बन्द
क्यांतै न्ही हो जान्दा? बलिदान करण आळा, आराधना करण आळा अर
सेवा करण आळे एक ए बर शुद्ध हो जान्दे, तो उनका बलिदान चढ़ाण पै भी
उनका मन उन ताहीं क्यूँ कहवै सै, के वे पापी सै। 3 उनके जरिये चढ़ाया
गया बलिदान उन ताहीं हर साल यो याद दुआवै सै, के उननै पाप करया सै।
4 क्यूँके या अनहोणी बात सै, के बळधां अर बकरयां का लहू माणसां के
पापां नै माफ करै। 5 इस्से कारण जिब मसीह इस दुनिया म्ह आया तो उसनै
परमेसवर तै कह्या, “बलिदान अर भेंट तन्नै कोनी चाही, पर मेरै खात्तर एक
देह त्यार करी सै। 6 बलिदान के रूप म्ह चढ़ाये गये जानवरां की भेट अर
पाप के खात्तर चढ़ाये गये बलिदान तै तू खुश कोनी होया। 7 फेर मसीह नै
कह्या, ‘लखा, परमेसवर मै तेरी इच्छा पूरी करण खात्तर आ ग्या सूं, जिसा
पवित्र ग्रन्थ मेरै बारै म्ह कहवै सै।’” 8 पैहले तो मसीह कहवै सै, “बलिदान
के रूप म्ह चढ़ाये गये जानवरां की भेट अर पाप कै खात्तर चढ़ाया गया
बलिदान कोनी मांग्या, अर ना ए उन भेटां तै तू खुश होया।” हालाकि ये
बलिदान तो नियम-कायदे कै मुताबिक चढ़ाए जावै सै। 9 फेर मसीह यो भी
कहवै सै, “लखा, मै तेरी इच्छा पूरी करण आ ग्या सूं,” इस करकै पापां की
माफी के पैहले तरिक्कें ताहीं, जो नियम-कायदा के मुताबिक थे, उननै हटा
के नये तरिक्कें तै जो मेरे लहू के जरिये माफ होवै सै, उन ताहीं लाग्गू करूँ।
10 परमेसवर याए चाहवै था, के हम मसीह यीशु की देह के एके बार बलिदान
चढ़ाए जाणकै जरिये पवित्र करे जावां। 11 पैहले करार के मुताबिक हरेक
याजक वेदी के स्याम्ही खड़े होकै रोज सेवा करै सै, अर एक ए ढाळ के

बलिदान नै, जो पापां नै कदे भी दूर न्ही कर सकदे, बार-बार चढ़ावै सै। 12
पर मसीह जो म्हारा बड़ा याजक सै, उसनै माणसां के पापां कै खात्तर एक ए
बलिदान के रूप म्ह, परमेसवर के स्याम्ही सदा कै खात्तर अपणे-आप ताहीं
चढ़ा दिया, अर परमेसवर कै सोळी ओड़ महिमामय जगहां म्ह पै जा बेठ्या,
13 अर उस्से बखत तै मसीह इस बात की बाट देखण लागरया सै, के कद
परमेसवर उसके बैरियाँ नै पूरी तरियां तै हरावैगा। 14 क्यूँके क्रूस पै बलिदान
के जरिये, परमेसवर नै जिन माणसां ताहीं पवित्र करया, उन ताहीं सदा
खात्तर सिध्द कर दिया सै। 15 अर पवित्र आत्मा भी हमनै यीशु के बलिदान
के बारें म्ह याए गवाही देवै सै, के यो सच सै, अर म्हारे ताहीं यो बतावै सै
के परमेसवर नै इस बलिदान के बारें म्ह के कह्या सै। 16 “प्रभु कहवै सै,
के जो नया करार, मै आण आळे दिनां म्ह, उनतै करुँगा, वो यो सै, के मै
अपणे नियम उन ताहीं याद दुआऊँ, अर नियमां नै मानण म्ह उनकी मदद
करुँगा।” 17 फेर यो भी कहवै सै, “मै उनकै पापां नै अर उनकै अधर्म के
काम्मां नै दुबारा याद कोनी करुँगा।” 18 अर जिब पापां की माफी होग्यी तो
पापां खात्तर बलिदान चढ़ाण की कोए जरूरत कोनी। 19 ज्यांतै हे बिश्वासी
भाईयो, यीशु कै सलीब पै लहू बहाण कै जरिये हम पिता कै धोरै बिना डरे
घणी पवित्र जगहां म्ह जा सका सां। 20 इस करकै हे बिश्वासी भाईयो,
परमेसवर के परिवार म्ह म्हारे खात्तर एक सबतै उत्तम याजक निर्धारित सै,
यीशु कै सलीब पै लहू बहाण कै जरिये म्हारे खात्तर एक नया अर जिन्दगी
देण आळा राह खोल दिया सै। जिस ताहीं उसनै उस पड़दे, यानिके अपणी
देह के बलिदान के जरिये म्हारे ताहीं घणी पवित्र जगहां म्ह जाण का साहस
होया सै। 22 तो आओ, हम सचे मन अर पूरे बिश्वास कै गेल्या, अर अपणी
अन्तरात्मा ताहीं पापां तै मुक्त करण खात्तर अर सच्चे मन तै, देह ताहीं शुद्ध
पाणी तै धोकै, परमेसवर कै लोवै जांवा। 23 अर इब हम बिना किसे शक के
अपणी उस आस म्ह मजबूत रहवां, जिस ताहीं हमनै मान्या सै, क्यूँके जिसनै
वादा करया सै, वो बिश्वास जोग्गा सै। 24 अर हम यो भी खास ध्यान राक्खां
के हम आप्पस म्ह प्यार, अर भले काम्मां म्ह उकसाण कै खात्तर हम एक-
दुसरे की फिक्र करते रहवां। 25 अर हम आराधना सभायां म्ह लगातार कठ्ठे
होण म्ह सुस्त ना हो जावां, जिसा के भोत-से तो सुस्त हो भी लिये सै, पर

एक-दुसरे नै उत्साहित करते रहों, जिसा के थम जाणो सों, के यीशु का
आण का बखत लोवै सै। 26 क्यूँके मसीह नै जाणण कै बाद जै हम जाण-
बुझकै पाप करदे रहवां, तो पापां की माफी खात्तर फेर कोए बलिदान बाकी
न्ही बचा। 27 तो हाँ, परमेसवर के न्याय का दिन आवैगा, अर वो अपणे
बिरोधियाँ नै नाश कर देवैगा, अर ये सारी बात होण आळी सै। 28 जो माणस
मूसा नबी के नियम-कायदा के मुताबिक दो या तीन माणसां की गवाही पै,
बिना दया कै मार दिया जावै सै, 29 तो सोच ल्यो के वो माणस और भी
भारया दण्ड कै जोग्गा ठहरैगा, जिसनै परमेसवर के बेट्टे की कदर न्ही जाणी
अर मसीह के लहू ताहीं अपवित्र जाण्या, जो उस ताहीं शुद्ध करै सै, अर उस
पवित्र आत्मा का अपमान करै सै, जो हमनै अनुग्रह देवै सै। 30 क्यूँके हम
उसनै जाणा सा, जिसनै कह्या सै, "बदला लेणा मेरा काम सै, मै ए बदला
दियुँगा।" अर फेर यो भी कह्या के "प्रभु अपणे माणसां का न्याय करैगा।"
31 जिन्दे परमेसवर कै हाथ्थां म्ह पड़णा भयानक (डरावणी) बात सै। 32 पर
उन पाच्छले दिनां नै याद करो, जिब थमनै पैहली बार मसीह पै बिश्वास
करया अर परमेसवर कै खात्तर दुख ठाण म्ह पाच्छै न्ही हटे। 33 कदे-कदे तो
माणसां नै सब कै स्याम्ही थारी बुराई करी अर थारे ताहीं मारा पिट्या भी,
अर थमनै उन माणसां कै गैल भी दुख सहया जो इसे दुख ठावै सै। 34 क्यूँके
जो लोग कैद म्ह थे, उनकै दुख म्ह भी थम दुखी होए, अर अबिश्वासी नै थारी
सम्पत्ति ताहीं भी लूट ली, तो थम लुटण खात्तर भी तैयार होगे, न्यू जाणकै
के थारे गेल्या एक और भी सारया तै बढ़िया अर सारी हाण ठहरण आळी
सम्पत्ति सै। 35 ज्यांतै अपणे दुख म्ह भी बिश्वास म्ह बणे रहों क्यूँके उसका
ईनाम बड्ड़ा सै। 36 क्यूँके थारा धीरज धरणा जरूरी सै, ताके थम परमेसवर
की इच्छा नै पूरी करकै वो पा सको जो परमेसवर नै थारे तै वादा करया सै।
37 "क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, घणाए थोड़ा बखत रहग्या सै, जिब के
आण आळा आवैगा अर वार न्ही करैगा। 38 पर मेरे धर्मी माणस बिश्वास तै
जिन्दा रहवैंगे, जै वो बिश्वास तै पाच्छै हट जावै तो मेरा मन उसतै राज्जी
कोनी होवैगा।" 39 पर हम बिश्वास तै हटण आळे कोनी के नाश हो जावै पर
परमेसवर पै बिश्वास करण आळे सां ताके हम अनन्त मौत तै बचाएँ जावां।

**11** जो माणस परमेसवर म्ह बिश्वास करै सै, वो ये बात आच्छी तरियां जाणै
सै, के परमेसवर वे चीज उन ताहीं जरुर देवैगा, जिसकी आस वे राक्खै सै।
उननै पूरा बिश्वास सै, के जो चीज उननै इब्बे न्ही देक्खी, वो असलियत म्ह
सै। 2 म्हारे पूर्वजां नै परमेसवर म्ह इस तरियां बिश्वास करया था, इस करकै
परमेसवर उनतै खुश थे। 3 बिश्वास तै ए हम जाणा सां, के सृष्टि परमेसवर के
वचन तै बणी सै। हम या भी जाणै सां, के जो चीज हम देख सका सां,
वे अनदेक्खी चिज्जां म्ह तै बणी सै। **(aiōn g165)** 4 बिश्वास तै ए आदम
के बेट्टे हाबिल नै, अपणे बड़े भाई कैन तै घणा बढ़िया बलिदान परमेसवर
कै खात्तर चढ़ाया, अर उस बलिदान के जरिये परमेसवर नै गवाही दी, के
हाबिल एक धर्मी जन सै, क्यूँके परमेसवर उसकी भेंट तै खुश था, इब हाबिल
मर लिया सै, अर हमनै उसके जरिये परमेसवर पै बिश्वास करणा सिख्या
सै। 5 हनोक के बिश्वास के जरिये परमेसवर नै उस ताहीं जिन्दा ए सुर्ग पै
उठा लिया, इस बजह तै इब ताहीं किसे नै उसकी लाश न्ही मिली, सुर्ग म्ह
जाण तै पैहले उसनै परमेसवर ताहीं खुश करया था, जिसा के परमेसवर
का पवित्र ग्रन्थ बतावै सै। 6 माणस परमेसवर नै खुश कर सकै सै, जै वे
उसपै बिश्वास करै तो। क्यूँके परमेसवर कै धोरै आणआळै माणस नै बिश्वास
करणा चाहिये के वो परमेसवर सै, अर वो पूरी सच्चाई तै अपणे टोह्ण आळे नै
ईनाम देवै सै। 7 बिश्वास ए तै नूह नै परमेसवर के जरिये बाढ़ की चेतावनी
पाकै, जिस ताहीं उसनै देख्या भी कोनी था। परमेसवर का डर मानते होए,
अपणे कुण्बे नै बचाण कै खात्तर उसनै जहाज बणाया, नूह के बिश्वास के
कारण उसनै उस बखत के माणसां ताहीं जिननै बिश्वास न्ही करया था, उन
ताहीं दोषी ठैहराया, अर वो डूबके मरगे। नूह नै परमेसवर पै बिश्वास करया
था, इस करकै परमेसवर नै उस ताहीं धर्मी ठैहराया था। 8 जिब परमेसवर नै
अब्राहम ताहीं किते जाण खात्तर बुलाया था, तो उसनै बिश्वास तै ए परमेसवर
के हुकम ताहीं मानकै, एक इसी जगहां लिकड़ गया, जो जगहां परमेसवर
अब्राहम ताहीं उसकी जायदाद के तौर पै देण आळा था, पर वो या कोनी
जाणै था के वो कित्त जावै सै, अर वो फेर भी चला गया। 9 बिश्वास ए तै
जिस देश ताहीं परमेसवर नै देण का वादा करया था, ओड़ अब्राहम नै एक
परदेशी की तरियां रहकै अपणे बेट्टे इसहाक अर अपणे पोत्ते याकूब सुधा

तम्बुआ म्ह बसेरा करया, जो उसकै गेल्या उस्से वादे के वारिस थे। 10 क्यूँके
वो उस नगर की जो सुर्ग म्ह सै, अर जिसकी नीम पक्की सै, उसकी बाट
देक्खै था, जिसका रचण आळा अर बणाण आळा परमेसवर सै। 11 यो
सिर्फ बिश्वास ए सै, जिसकै जरिये अब्राहम बाप बण सका, हालाकि अब्राहम
भोत बूढ़ा था, अर उसकी पत्नी सारा भी बाळक न्ही पैदा कर सकै थी,
परमेसवर वो जरुर करै सै, जो उन ताहीं वादा करया था। 12 जिब अब्राहम
इतणा बूढ़ा होग्या था, के मरण आळा ए था, तो अकास म्ह सुर्ग के तारां अर
समुन्दर के किनारे की बाळू की तरियां उसके अनगिणत वंश पैदा होए। 13
ये सारे माणस जिननै परमेसवर पै बिश्वास करया था, वे उन चिज्जां नै पाए
बिना मरगे, जिसका परमेसवर नै उन खात्तर वादा करया था। वादा करी होई
चीज न्ही पाई, पर उननै अपणे मन म्ह देखकै राज्जी होए अर मान लिया के
हम धरती पै परदेशी अर बाहर के सां। 14 ये उन माणसां के बारें म्ह सै, जो
कहवै सै के वे इस दुनिया म्ह अजनबी सै, वे दिखावै सै के अपणे देश की
टोह् म्ह सै। 15 अर जिस देश तै वे लिकड़ आये थे, जै उसके बारें म्ह सोचते
तो वे उल्टा जा सकै था। 16 पर वे एक घणा बढ़िया यानिके सुर्गीय देश के
चाहण आळे सै, इस्से खात्तर परमेसवर उनका परमेसवर कुह्वाण म्ह खुशी
महसूस करै सै, क्यूँके उसनै उनकै खात्तर एक नगर त्यार करया सै। 17
बिश्वास ए तै अब्राहम नै, परखे जाणकै बखत म्ह, अपणे बेट्टे इसहाक ताहीं
बलिदान चढ़ाया, उस्से नै परमेसवर के वादा ताहीं पाया, क्यूँके वो अपणे
इकलौते बेट्टे की बलि देण खात्तर भी तैयार होग्या था। 18 अर जिसतै न्यू
कह्या गया था, "इसहाक तै तेरा वंश कुह्वावैगा," वोए अपणे एकलौते बेट्टै
ताहीं बलिदान चढ़ाण लाग्या। 19 क्यूँके उसनै मान लिया, के परमेसवर
सामर्थी सै के इसहाक ताहीं मरे होया म्ह तै जिन्दा कर सकै सै। यो इसाए था
के उननै इसहाक ताहीं मौत के मुँह तै उल्टा पा लिया हो, उदाहरण की रीत पै
वो उस ताहीं फेर मिल्या। 20 बिश्वास ए तै इसहाक नै अपणे दो बेट्टे याकूब
अर एसाव ताहीं आण आळी बात्तां कै बारै म्ह आशीर्वाद दिया। 21 बिश्वास ए
तै याकूब नै मरदे बखत यूसुफ के दोन्नु बेट्याँ म्ह तै एक-एक ताहीं आशीर्वाद
दिया, अर अपणी लाठ्ठी का सहारा लेकै प्रभु की आराधना करी। 22 बिश्वास
ए तै यूसुफ नै, जिब वो मरण पै था, तो आत्मबिश्वास तै कह्या, के इस्राएल

के माणस मिस्र देश छोड़ देंगे, हुकम देकै जिब वो मिस्र देश छोड़ के जान्दे,
तो उसकी हाड्डियाँ ले जान्दे। 23 तब मिस्र के राजा नै यो हुकम दिया था
के सारे इस्राएली छोरे पैदा होण पै मारे जावैंगे, तो बिश्वास के कारण ए
तै मूसा नबी कै माँ-बाप नै उस ताहीं, पैदा होए पाच्छै तीन महिन्ने ताहीं
ल्हकोए राख्या, क्यूँके उननै देख्या के बाळक भोत सुथरा सै, अर वे राजा कै
हुकम मानण तै डरे कोनी थे। 24 मिस्र देश के फिरौन की बेट्टी नै मूसा ताहीं
अपणालिया था, जिब मूसा बड़ा होया, बिश्वास तै वो न्ही चाहवै था, के
माणस उस ताहीं राजकुमारी के बेट्टे कै रूप म्ह बुलावै। 25 ज्यांतै के उस
ताहीं पाप म्ह माड़े-से दिन के सुख भोग्गण तै परमेसवर के माणसां कै
गेल्या दुख भोगणा घणा बढ़िया लाग्या। 26 उसनै मसीह कै कारण बदनाम
होण ताहीं मिस्र देश कै भण्डार तै बड्ड़ा धन समझया, क्यूँके वो जो करण
लागरया था, उस ताहीं वो जाणे था, के सुर्ग म्ह उसका ईनाम मिलैगा। 27
बिश्वास ए तै राजा कै छो तै ना डरकै उसनै मिस्र देश ताहीं छोड़ दिया, क्यूँके
वो समझ गया था, के उसनै इसा लाग्या, के मान्नो उसनै परमेसवर ताहीं
देख लिया हो, जो अदृश्य सै। 28 बिश्वास ए तै मूसा नबी नै फसह अर लहू
छिड़कण का तरीका मान्या, जिसतै के जेट्ठा का विनाशक दूत इस्राएलियाँ के
जेठ्ठे बेट्टा पै हाथ न्ही गेरै। 29 बिश्वास ए तै इस्राएल के माणस लाल समुन्दर
कै पार इसे उतरगे, जिस तरियां सूक्खी धरती पर तै, अर जिब मिस्र देश नै
उस्से तरियां ए करणा चाह्या तो समुन्दर उल्टा अपणी जगहां पै आ ग्या अर
बाढ़ आ गयी अर सब डूब मरे। 30 क्यूँके इस्राएल के माणस परमेसवर पै
बिश्वास करै थे, इस करकै वे यरीहो नगर की चारदीवारी के च्यारु ओड़
सात दिनां तक लगातार चालते रहे, तो चारदीवारी पड़गी। 31 बिश्वास ए तै
राहाब बेश्या परमेसवर का हुकम ना मानण आळा कै गेल्या नाश न्ही होई,
उसनै इस्राएली जासूसां का स्वागत करया जो यरीहो नगर नै छुप के देखण
आये थे। 32 इब और के कहूँ? क्यूँके बखत कोनी रहया के गिदोन का, अर
बाराक का अर शिमशोन का, अर यिफतह जिसा माणसां के बारें म्ह, अर
दाऊद अर शमूएल का, अर नबियाँ का जिक्र करुँ। 33 इसे बिश्वास कै जरिये
राज्य जीत्ते, धर्म के काम करे, वादा करी होई चीज पाई, शेर उन ताहीं खा
न्ही सका। 34 आग की ज्वाला ताहीं शीळा करया, तलवार की धार तै बच

लिकड़े, एक बार कमजोर होण पै फेर तै ठाड्डे बणा दिया, वे लड़ाई म्ह वीर
लिकड़े, उननै अपणे दुश्मनां की पलटन ताहीं खदेड़ दिया। **35** लुगाईयाँ नै
अपणे मरे होया ताहीं दुबारा जिन्दा पाया, कितने तो मार खांदे-खांदे मरगे
अर वे अपणा बिश्वास न्ही छोड़णा चाहवै थे, ताके वे जेळ तै रिहा करे जा
सकै, ज्यांतै के घणे मरण के बाद फेर तै जिन्दा हो जावै, अर वे एक बढ़िया
जिन्दगी पा सकै। **36** घणखरयां नै मखौल म्ह उड़ाया गया, अर कई नै कोड़े
खाणे पड़े, बल्के कई नै बेलां तै जुड़कै, जेळ म्ह गेरया गया। **37** कईयाँ पै
पत्थर बरसाए गए, आरै तै चीरे गये, कईयाँ ताहीं तलवार तै मौत के घाट
उतार दिया गया, वे गरीब थे, उन ताहीं यातनाए भी दी गई, अर उनकै गैल
बुरा व्यवहार करया गया, वे भेड्डां अर बकरियाँ की खाल ओढ़ कै आस्सै-
पास्सै भटकदे रहे। **38** अर जंगळां, अर पहाड़ां, अर गुफायां म्ह, अर धरती
की दरारां म्ह भटकदे हाँडें। या बुरी दुनिया इन बिश्वासियाँ जोग्गी कोनी थी।
**39** बिश्वास ए कै जरिये इन सारया कै बारै म्ह परमेसवर नै उनके तारीफ करी
सै, तोभी वादा करी होई उस चीज नै वो पा न्ही सकै जो परमेसवर नै उन
ताहीं वादा करया था। **40** क्यूँके परमेसवर कै धोरै सिर्फ उनकै खात्तर न्ही,
बल्के म्हारै खात्तर भी एक घणी बढ़िया तरकीब सै, परमेसवर उन ताहीं
सिध्द बणाणा चाहवै सै, पर सिर्फ म्हारै साथ मिलकै।

**12**
इस बजह तै जिब घणखरे माणसां के बिश्वास की गवाही जो उनकी
जिन्दगी म्ह सै, म्हारे बारें म्ह बड़े बाद्दळ की तरियां घेरे होए सै, तो आओ,
हरेक रोकणआळी चीज अर उलझाण आळे पाप ताहीं दूर करकै, अर राह पै
हमनै चालणा सै, धीरज तै चाल्ला। **2** अर बिश्वास के कर्ता अर सिध्द करण
आळे यीशु की ओड़ लखान्दे रहवां, उस आनन्द कै खात्तर जो बिश्वास म्ह
मिलण आळा था, शर्म की कुछ परवाह न्ही करकै क्रूस का दुख सहया, अर
परमेसवर कै सिंहासन कै सोळी ओड़ महिमामय जगहां जा बेठ्या। **3** यीशु
के उदाहरण कै बारें म्ह सोच्चो, जिसनै अपणे बिरोध म्ह पापियाँ का इतणा
बिरोध सह लिया ताके थम निराश होकै हिम्मत ना छोड़ द्यो। **4** पाप के
बिरुध्द अपणे संघर्ष म्ह थमनै उसतै इसी मुठभेड़ न्ही करी के थारा लहू बह्या
हो, **5** अर थम उस उपदेश ताहीं, जो थारे ताहीं बेट्टा की तरियां दिया जावै सै,
भूल गये सो: "हे मेरे बेट्टे, प्रभु की ताड़ना नै हल्की बात ना जाण, अर जिब

वो तन्नै घुड़कै तो हिम्मत ना छोड्डै। 6 क्यूँके प्रभु जिसतै प्यार करै सै, उसकी
ताड़ना भी करै सै, अर जिस ताहीं बेट्टा बणा लेवै सै, उसकै कोड़े भी मारै
सै, ताके अपणे बाळकां नै सुधार सकै।" 7 थम दुख नै पिता की ताड़ना
समझकै सह ल्यो, परमेसवर थारे ताहीं बेट्टा जाणकै थारे गेल्या सलूक करै
सै वो कौण सा बेट्टा सै, जिसकी ताड़ना पिता न्ही करदा? 8 जै वा ताड़ना
जिसकै सब भागी होवै सै, अर थारी कोनी होई, तो थम परमेसवर की ऊलाद
कोनी। 9 फेर जिब के म्हारा शारीरिक पिता भी म्हारी ताड़ना करया करै था
अर हमनै उसका आदर-मान करया, तो यो और भी जरूरी सै के अपणी
आत्मायाँ के पिता के ओड़ तै अनुशासन स्वीकार करा सां, ताके म्हारे धोरै
अनन्त जीवन हो। 10 म्हारे धन्यवादी पिता तो, अपणी समझकै मुताबिक
थोड़े-से बखत कै खात्तर म्हारी ताड़ना करै सै, पर वो तो म्हारै फैयदे कै
खात्तर करै सै, के हम भी उसके समान पवित्र बण जावां। 11 इस बखत
ताड़ना दी जावै सै, उस बखत ताड़ना आच्छी कोनी लाग्गै, बल्के वा दुख की
बात दिखाई देवै सै। तोभी जो उस ताहीं सहन्दे-सहन्दे पक्के होगे सै, बाद म्ह
उननै चैन कै गेल्या धर्म का ईनाम मिलै सै। 12 इन सारी बात्तां के कारण सब
मजबूत बणो अर उत्साहित होओ, 13 अर अपणे पायां कै खात्तर सीध्धी
राही बणाओ के लंगड़ा भटक ना जावै पर भला-चंगा हो जावै। 14 सारया तै
मेळ-मिलाप राक्खो, अर पवित्र होण खात्तर हरेक ढाळ की कोशिश म्ह रहों,
जिसकै बिना कोए प्रभु ताहीं कदे भी न्ही देक्खैगा। 15 सावधान रहो, इसा
ना हो के कोए परमेसवर कै अनुग्रह तै दूर रह जावै या कोए कड़वी जड़
फूटकै दर्द देवै, अर उसकै जरिये घणखरे माणस परमेसवर के सच्चे रास्ते तै
भटक जावै सै। 16 इसा ना हो के कोए माणस जार, या अब्राहम के पोत्ते
एसाव की तरियां उस म्ह कोए बुराई ना होवै, क्यूँके वो जेट्ठा बेट्टा था, उसनै
खास उत्तराधिकारी होण का हक था, पर उसनै अपणे जन्म सिध्द होण के
पद का सम्मान न्ही करया, इस करकै उसनै अपणे छोट्टे भाई याकूब ताहीं
एक बर के खाणे कै बदले म्ह अपणा जन्म सिध्द होण का पद बेच दिया। 17
थमनै बेरा सै के बाद म्ह जिब उसनै आशीष पाणी चाही तो उस ताहीं मना
कर दिया गया, अर आँसू बहा-बहाकै आशीष के मांग्गण पै भी वो पैहले जो
कुछ भी करया था, उस ताहीं बदलण खात्तर कुछ भी न्ही कर सका। 18 थम

आग की लपटे, अन्धेरे, काळी घटा जिसा असली पहाड़ पै न्ही आये सों,
जिसा के इस्राएल के माणस सीनै पहाड़ पै आये थे, जिब परमेसवर नै उन
ताहीं अपणे नियम दिए थे। **19** थम तुरही की आवाज कै धोरै कोनी सों, अर
बोल्लण आळे के इसे शब्द कै धोरै न्ही आए, जिसकै सुनणआळे तै बिनती
करी के इब म्हारै तै और बात ना करी जावै। **20** उननै इसा इस करकै कह्या,
क्यूँके वे इस हुकम नै बर्दाश्त न्ही कर सकै, के परमेसवर नै उनतै कह्या था,
"जै कोए पशु भी पहाड़ ताहीं छुवै तो उसपै पत्थर बरसाये जावै।" **21** अर वो
दर्शन इसा डरावणा था के मूसा नबी नै भी कह्या, "मै घणा डरुँ अर काप्पू
सूं।" **22** पर थम सिय्योन कै पहाड़ पै आये सों, जित्त सुर्गीय यरुशलेम सै,
जो जिन्दे परमेसवर का नगर सै, उसकै धोरै अर लाखों सुर्गदूत खुशी उत्सव
मनावै सै। **23** थम उन परमेसवर के खास बाळकां की सभा अर कलीसिया
म्ह आये सों, जिनकै नाम सुर्ग म्ह लिक्खे होए सै, परमेसवर कै धोरै जो सब
का न्यायी सै, सुर्ग म्ह धर्मी माणसां की आत्मायाँ खात्तर जो इब सिध्द करे
गये सै। **24** थम यीशु कै धोरै आए सों, जो परमेसवर अर माणसां के बीच म्ह
करार बणाया, अर छिड़काव का लहू जो माफी के बारें म्ह बोल्लै सै, ना के
न्याय के बारें म्ह, जो हाबिल कै लहू तै घणी बढ़िया बात कहवै सै। **25**
सावधान रहो, परमेसवर के हुकम मान्नो, जो थारे तै बात करण लागरया सै,
क्यूँके इस्राएल के माणस जिब धरती पै मूसा नबी की चेतावनी पाकै बच
पाए, क्यूँके उननै मूसा नबी की बात कोनी मान्नी थी, तो हम सुर्ग पै तै
चेतावनी देण आळे परमेसवर तै मुँह मोड़कै उसके छो तै किस तरियां बच
सकांगें? **26** जिब परमेसवर सीनै पहाड़ पै तै बोल्या, तो उसकै शब्द नै धरती
ताहीं भी हला दिया, पर इब उसनै यो वादा करा सै, "एक बर फेर मै ना सिर्फ
धरती ताहीं बल्के अकास ताहीं भी हला देऊँगा।" **27** अर यो बोल "एक
बर फेर" इस बात ताहीं दिखावै सै के बणाई होई चीज हलाई, अर हटा दी
जावैंगी, ताके जो चीज हलाई न्ही जान्दी, वे पक्की तरियां बणी रहवैं। **28**
हमनै जो राज्य मिला सै वो न्ही हिलाया जा सकता, इस कारण हमनै उसका
धन्यवादी होणा चाहिए, जिसकै जरिये हम भगति, अर भय सुधा परमेसवर
की इसी आराधना कर सकां सां जिसतै वो राज्जी होवै सै, **29** क्यूँके म्हारा
परमेसवर राख करण आळी आग सै।

**13** एक-दुसरे तै भाण-भाई की तरियां प्यार करो। 2 अजनबी की भी सेवा
पाणी करो, क्यूँके इसके जरिये कई माणसां नै अनजाणे म्ह सुर्गदूत्तां का
आदर-मान करया सै। 3 कैदियाँ का इस ढाळ बेरा लेओ के मान्नो उनकै गैल
थम भी कैद सो, अर जिन ताहीं पीड़ित करया जावै सै, जिसा के थम अपणी
देह म्ह दर्द महसूस करो सों। 4 ब्याह सारया म्ह आदर की बात समझी जावै,
अर ब्याह होण के बाद एक-दुसरे के प्रति वफादार रहों, क्यूँके परमेसवर
जार, अर बिगान्नी लुगाई कै धोरै जाणीयां का न्याय करैगा। 5 अपणी
जिन्दगी नै धन के लालच तै मुक्त राक्खों, अर जो थारे धोरै सै उस्से पै सन्तोष
करो, क्यूँके उसनै आप्पे ए कह्या सै, "मै तन्नै कदे भी न्ही छोड्ँूगा, अर ना
कदे भी त्यागूँगा।" 6 ज्यांतै हम बिना डरे कहां सां, "प्रभु मेरा मददगार सै, मै
न्ही डरुँगा, माणस मेरा के करै सकै सै।" 7 जो थारे अगुवें थे, अर जिन नै
थारे ताहीं परमेसवर का वचन सुणाया सै, उननै याद राक्खो, अर गौर करो
के किस तरियां जीणा अर मरणा सै, परमेसवर म्ह एके तरियां का बिश्वास
दिखाओ जो उननै दिखाया। 8 यीशु मसीह काल अर आज अर युगानुयुग
एक सा सै, वो कदे न्ही बदलता। (aiōn g165) 9 क्यूँके यीशु मसीह कदे न्ही
बदलता, इस करकै थम नई अर अलग शिक्षा ना अपणाओ। क्यूँके थारे मनां
खात्तर आच्छा सै, के वे अनुग्रह के जरिये मजबूत बणै, ना के उन खाण-पीण
आळी चिज्जां के जरिये, उन माणसां नै कोए फायदा न्ही होन्दा जो इसे काम
करै सै। 10 म्हारै धोरै एक वेदी सै जिस म्ह तै तम्बू के याजक नै खाण
का कोए हक कोनी, जो तम्बू की सेवा करै सै। 11 क्यूँके पैहले करार के
मुताबिक हर साल जिन जानवरां का लहू महायाजक पापबलि कै खात्तर
घणी पवित्र जगहां म्ह पापां की माफी खात्तर ले जावै सै, उनकी देह छावणी
कै बाहरणै जळाई जावै सै। 12 इस्से कै कारण, यीशु नै भी माणसां ताहीं
अपणे ए लहू कै जरिये पवित्र करण कै खात्तर यरुशलेम नगर के बाहरणै
दुख सहया अर मारा गया। 13 आओ हम यहूदी नियम-कायदा नै छोड़कै
यीशु म्ह बिश्वास करां, अर उसके साथ दुख ठावां। 14 क्यूँके इस दुनिया म्ह
म्हारा कोए स्थाई घर कोनी, बल्के हम एक आण आळे नगर की टोह् म्ह सां।
15 इस करकै हम प्रभु यीशु कै जरिये हम अपणे होठ्ठां तै परमेसवर की स्तुति
करणा जारी राक्खां, वो म्हारा बलिदान सै, यानिके उन होंठा का फळ जो

उसकै नाम का अंगीकार करै सै, परमेसवर ताहीं सारी हाण चढ़ाया करै। 16
भलाई करणा अर उदारता दिखाणा ना भूलो, क्यूँके परमेसवर इसे बलिदानां
तै राज्जी होवै सै। 17 अपणे अगुवां का हुकम मान्नो अर उनकै अधीन रहो,
क्यूँके वे थमनै देक्खण लागरे सै, ताके थम भटक ना जाओ, अर उन ताहीं
अपणी सेवा के बारें म्ह परमेसवर ताहीं लेखा देणा सै, वे यो काम राज्जी
होकै करै, यो काम उदास्सी कै साथ कोनी करणा, क्यूँके इस हालत म्ह
थमनै किमे फायदा कोनी। 18 म्हारै खात्तर प्रार्थना करदे रहो, क्यूँके हमनै
भरोस्सा सै के म्हारी अन्तरात्मा शुद्ध सै: हम हर बखत भले काम करणा
चाहवां सां। 19 प्रार्थना करण कै खात्तर मै थमनै और भी समझाऊँ सूं के मै
तावळा थारे धोरै दुबारा आ सकूँ। 20 अर इब शान्तिदाता परमेसवर, जिसनै
म्हारै प्रभु यीशु ताहीं मुर्दा म्ह तै जिन्दा करया, वो थारे ताहीं सब कुछ दे, जो
उसकी इच्छा पूरी करण खात्तर चाहिये सै, परमेसवर यीशु मसीह की शक्ति
के जरिये वो सब थारे म्ह पूरा करै, जो उस ताहीं खुशी दे सकै सै, यीशु
मसीह भेड्डां का महान् रुखाळा सै, उसनै अपणे लहू कै जरिये सदा के करार
नै स्थापित करया सै, (aiōnios g166) 21 उस ताहीं सदा महिमा मिलती
रहवै। आमीन। (aiōn g165) 22 हे बिश्वासी भाईयो, मै थारे तै बिनती करुँ सूं,
के उत्साहित करण आळे इन सन्देसां ताहीं धीरज तै सह ल्यो, क्यूँके मन्नै
थारे ताहीं थोड़े-से शब्दां म्ह लिख्या सै। 23 थमनै यो बेरा लाग्या हो के
तीमुथियुस, म्हारा भाई जेळ की कैद तै छुटग्या सै, अर जै वो तावळा आ ग्या
तो मै उसकै गेल्या थारे तै भेंट करुँगा। 24 अपणे सारे अगुवां अर सारे पवित्र
माणसां ताहीं नमस्कार कहो। इटली देश के बिश्वासी थमनै नमस्कार कहवै
सै। 25 थम सारया पै परमेसवर का अनुग्रह होंदा रहवैं। आमीन।

# याकूब

**1** मै याकूब, परमेसवर अर प्रभु यीशु मसीह का दास सूं, मेरी ओड़ तै थम
सारया नै मेरा नमस्कार। मै या चिट्ठी इस्राएल के उन यहूदी मसीह बिश्वासियाँ
नै लिखूँ सूं, जिनके बाराह गोत्र सारी दुनिया म्ह तित्तर-बितर होकै रहण
लागरे सै। 2 हे मेरै बिश्वासी भाईयो, जिब थम कई ढाळ की मुसीबतां का
सामना करो सो, तो इसनै पूरे आनन्द की बात समझो, 3 क्यूँके थम जाणो
सों, के थारे बिश्वास कै परखे जाण तै धीरज बढ़ै सै। 4 हरेक बात म्ह धीरज
धरणा सीखों, ताके थम आत्मिकता म्ह पूरे सिध्द हो जाओ, अर थारे म्ह
किसे बात की कमी ना रहवै। 5 पर थारे म्ह तै जै किसे नै बुद्धि की कमी सै,
तो परमेसवर तै माँग्गै, जो बिना उल्हाणा दिये, सारया नै बड़ी उदारता तै देवै
सै, अर उस ताहीं दी जावैगी। 6 पर वो बिना शंका के बिश्वास तै माँग्गै, अर
कुछ शक ना करै, क्यूँके शक करण आळा माणस टिक्या न्ही रहन्दा जो
समुन्दर की उस लैहर की तरियां सै जो हवा के चाल्लण तै उच्छळै सै। 7
शक करण आळा माणस या बात बिल्कुल ना सोच्चै, कै उसनै प्रभु तै कुछ
मिलैगा, 8 वो माणस दोगला सै अर अपणी किसे बात म्ह टिकता कोनी। 9
जो बिश्वासी भाई गरीब सै, उननै खुश होणा चाहिए, क्यूँके परमेसवर उनकी
इज्जत करै सै, 10 अर धनवान अपणे ऊँच्चे पद पै घमण्ड ना करै, क्यूँके वो
घास कै फूल की ढाळ सूख जावैगा। 11 सूरज लिकड़दे ए घणा घाम पड़ै
सै, अर घास नै सुक्खा देवै सै, अर उसका फूल झड़ जावै सै, अर उसकी
खूबसूरती जान्दी रहै सै। इस ढाळ धनवान भी अपणे काम करदे-करदे माट्टी
म्ह मिल ज्या जावैगा। 12 धन्य सै वो माणस जो परखे जाण पै खरे उतरै
सै, क्यूँके परखे जाणकै बाद ए जीवन का वो मुकुट पावैंगें, जिसका वादा
परमेसवर नै उन माणसां तै करया सै, जो परमेसवर तै प्यार करै सै। 13 जिब
किसे की परख हो सै, तो वो या ना कहवै के परमेसवर मन्नै परखण लागरया
सै, क्यूँके परमेसवर बुरी बात्तां की परख म्ह कोनी पड़ता, अर ना वो किसे
की परख आप करै सै। 14 पर हरेक माणस अपणी ए लालसा म्ह पड़कै अर
फँसकै परख्या ज्या सै। 15 जिब बुरी इच्छा भोत घणी बढ़ ज्या सै, तो पाप
नै जन्म देवै सै, अर पाप जिब भोत घणा बढ़ जावै सै, तो अनन्त मौत नै जन्म
देवै सै। 16 हे मेरे प्यारे बिश्वासी भाईयो, धोक्खे म्ह ना रहों। 17 क्यूँके हरेक

आच्छा वरदान अर हरेक उत्तम दान परमेसवर की ओड़ तै ए सै, जो सिध्द सै,
जिसनै आसमान की ज्योतियाँ बणाई सै, अर वो इनकी छाया की तरियां कदे
बदलता कोनी। 18 उसनै अपणी ए इच्छा तै, म्हारै ताहीं सच के वचन कै
जरिये जन्म दिया, ताके हम उसकी बणाई होई रचना म्ह सब तै खास हो,
जिस तरियां किसान खात्तर फसल का पैहला हिस्सा नाज होवै सै। 19 हे मेरे
प्यारे बिश्वासी भाईयो, या बात थम जाण ल्यो, हरेक माणस सुणण कै
खात्तर तैयार अर बोल्लण म्ह उतावळा ना हो, अर अपणे छो नै काब्बू म्ह
करण आळा हो। 20 क्यूँके माणस जिब छो म्ह हो सै तो वो धार्मिकता के
काम न्ही कर सकता, जो परमेसवर उसतै करवाणा चाहवै सै। 21 इस करकै
सारे मन की गंदगी अर नफरत नै दूर करकै, परमेसवर के उस वचन नै नम्रता
तै मान ल्यो, जो मन म्ह बोया गया सै, अर जो थारे प्राणा का उद्धार कर सकै
सै। 22 पर परमेसवर के वचन पै चाल्लण आळे बणो, अर सिर्फ सुणण
आळे ए न्ही, जो अपणे-आपनै धोक्खा देवै सै। 23 क्यूँके जो कोए परमेसवर
के वचन का सुणण आळा हो, अर उसपै चाल्लण आळा ना हो, तो वो उस
माणस कै समान सै, जो अपणा मुँह शीशे म्ह देक्खै सै। 24 इस करकै
के वो अपणे-आपनै देखकै चाल्या जावै सै, पर जिब्बे भूल जावै सै, के मै
किसा था। 25 पर जो माणस ध्यान तै परमेसवर के सिध्द नियम-कायदा नै
पढ़ता रहवै सै, जो हरेक माणसां नै पापां तै आजादी देवै सै, परमेसवर उसनै
आशीर्वाद देवैगा, क्यूँके वो सुणकै भूलता कोनी, पर उसाए करै सै। 26 जै
कोए अपणे-आपनै परमेसवर का भगत समझै, अर अपणी जीभ पै लगाम
ना लगावै, पर अपणे मन नै धोक्खा दे, तो उसकी भगति बेकार सै। 27 म्हारे
पिता परमेसवर की नजर म्ह सच्ची अर शुद्ध भगति या सै, के अनाथ्थां अर
विधवाया के क्लेश म्ह उसकी सुधि ले, अर अपणे-आपनै दुनिया तै बेदाग
राक्खै।

**2** हे मेरे बिश्वासी भाईयो, थम म्हारे महिमामय प्रभु यीशु मसीह के चेल्लें
सों, इस करकै थारे म्ह भेद-भाव की भावना ना हो। 2 जै एक माणस सोन्ने
के छल्ले अर सुथरे लत्ते पहरे होए थारी मण्डली म्ह आवै, अर एक कंगाल
भी मैल्ले कुचेले लत्ते पहरे होए आवै, 3 अर थम उस सुथरे लत्ते आळे नै
इज्जत देकै कहो, "तू ओड़ै खास जगहां बैठ," अर उस कंगाल तै कहो, "तू

ओड़ै खड्या रहै," या "मेरै पायां धोरै बैठ।" 4 तो के थमनै भेद-भाव कोनी
करया, अर बुरे विचार तै न्याय करण आळे न्ही बणे? 5 हे मेरे प्यारे बिश्वासी
भाईयो, सुणो। के परमेसवर नै इस दुनिया के कंगालां ताहीं न्ही छाट्या, के
बिश्वास म्ह धनी हो जाओ, अर उस राज्य के अधिकारी हो जाओ, जिसका
वादा उसनै उनतै करया सै, जो उसतै प्यार करै सै? 6 पर थमनै उस कंगाल
की बेजती करी सै। के धनी माणस ए थारे पै जुल्म न्ही करदे, अर के वे थमनै
कोट-कचेह्ड़ी म्ह न्ही घसीट-घसीट कै ले जान्दे? 7 ये वे धनी माणस ए सै,
जो प्रभु यीशु के महिमामय नाम की, जिसके थम कहवाओ सों, बेजती करै
सै। 8 तोभी जै थम पवित्र ग्रन्थ के इस वचन कै मुताबिक के "तू अपणे
पड़ोसी तै अपणे समान प्यार कर" साच्ये उस राजसी नियम नै पूरा करो सों,
तो आच्छा ए करो सों। 9 पर जै थम भेद-भाव करो सों तो पाप करो सों, अर
मूसा के नियम-कायदे थमनै कसूरवार बतावै सै। 10 क्यूँके जो कोए मूसा के
सारे नियम-कायदे नै पुगावै सै, पर एके बात म्ह चूक जावै, तो वो सारी बात्तां
म्ह कसूरवार बण लिया सै। 11 इस करकै के जिसनै यो कह्या, "तू जारी ना
करिये" उस्से नै यो भी कह्या, "तू हत्या ना करिये," इस करकै जै तन्नै जारी
तो कोनी करी, पर हत्या करी सै, तोभी तू नियम-कायदा का तोड़ण आळा
बणग्या। 12 इस करकै थारी कथनी अर करणी उनके समान हो, जिनका
न्याय उस नियम-कायदा कै मुताबिक करया जावैगा, जो म्हारे ताहीं आजादी
देवै सै। 13 क्यूँके जिसनै दया न्ही करी, उसका न्याय बिना दया के होगा: जै
थम दुसरयां पै दया न्ही करते, तो न्याय के दिन परमेसवर भी थारे पै दया
कोनी करैगा। 14 हे मेरै बिश्वासी भाईयो, जै कोए कहवै के मै प्रभु यीशु
मसीह पै बिश्वास करुँ सूं, पर वो उसकै मुताबिक आच्छे काम न्ही करदा हो,
तो इसतै के फायदा? कै इसा बिश्वास उसका उद्धार कर सकै सै? 15 जै
कोए बिश्वासी भाई या भाण जिनकै धोरै पैहरण खात्तर भी लत्ते ना हो, अर
उननै रोज खाण नै भी ना मिलता हो, 16 मान ल्यो थारे म्ह तै कोए उनतै
कहवै, "ठीक-ठाक जाओ, थम गरम लत्ते पैहरो अर छिके रहों," पर जो
चीज देह खात्तर जरूरी सै, वा उनतै ना देवै, तो के फायदा? 17 उस्से तरियां
बिश्वास भी, जै आच्छे कर्म सुधा ना हो, तो अपणे सुभाव म्ह मरया होया सै।
18 बल्के कोए या कह सकै सै, "तन्नै बिश्वास सै, अर मै कर्म करुँ सूं।" तू

अपणा बिश्वास मन्नै आच्छे कर्म बिना तो दिखां, अर मै अपणा बिश्वास तन्नै
अपणे कर्मां कै जरिये दिखाऊँगा। 19 तन्नै बिश्वास सै, के एके परमेसवर सै,
तू आच्छा करै सै। ओपरी आत्मा भी बिश्वास करै सै, अर डर तै थरथर काप्पै
सै। 20 पर हे बिना अकल के माणस, के तू यो भी न्ही जाण्दा के बिना
आच्छे कर्म बिश्वास बेकार सै? 21 म्हारे पूर्वज अब्राहम नै अपणे बेट्टे इसहाक
ताहीं (बलि खात्तर) वेदी पै चढ़ाया, तो वो आच्छे कर्मां तै धर्मी ठहरया गया।
22 थमनै देख लिया के उसके काम कै गैल बिश्वास नै मिलकै असर करया,
अर आच्छे काम के कारण उसका बिश्वास सिध्द होग्या। 23 अर पवित्र ग्रन्थ
का यो वचन पूरा होया: "के अब्राहम नै परमेसवर का बिश्वास करया," अर
इस खात्तर धर्मी बण गया, अर वो परमेसवर का साथी कुह्वाया। 24 इस ढाळ
थमनै देख लिया, के माणस सिर्फ बिश्वास तै ए न्ही, पर भले कर्मां तै भी
धर्मी मान्ना जावै सै। 25 उस्से तरियां राहाब बेश्या भी, जिब उसनै जासूसां
ताहीं अपणे घर म्ह शरण दी अर दुसरे राह तै बिदा करया, तो आच्छे कर्मां तै
वा धर्मी बणी। 26 जिस तरियां देह आत्मा बिना मरी होई सै, उस्से तरियां
बिश्वास भी आच्छे कर्म बिना मरया होया सै।

**3** हे मेरे बिश्वासी भाईयो, थारे म्ह तै कलीसिया म्ह घणे उपदेशक ना बणै,
क्यूँके थम जाणो सों के हम जो उपदेशक सां, म्हारा न्याय दुसरयां तै भी
घणा सख्ताई तै करया जावैगा। 2 हम सब घणीए बार चूक जावां सा, पर जो
कोए मुँह तै गलत बात न्ही बोलता, वोए तो सिध्द माणस सै, अर वोए सारी
देह पै भी लगाम लगा सकै सै। 3 जिब हम बस म्ह करण खात्तर घोड्या कै
मुँह पै लगाम लगावा सां, तो हम उस घोड़े नै भी काब्बू कर सकां सां। 4 चाहे
हवा कितनी भी तेज क्यूँ ना हो, एक छोट्टी सी पतवार तै, एक माँझी एक बड़े
जहाज नै भी मोड़ सकै सै। 5 उस्से तरियां जीभ भी एक छोट्टा सा अंग सै,
अर वा बड़ी-बड़ी बात करण की डींग मारै सै। देक्खों, छोट्टी सी चिंगारी तै
कितने बड़े बण म्ह आग लाग ज्या सै। 6 हाँ, जीभ एक आग के समान सै,
या म्हारे देह का एक इसा खतरनाक हिस्सा सै, जो माणस तै अधर्म के काम
करवा देवै सै, अर उसकी पूरी जिन्दगी नै बरबाद कर देवै सै, या म्हारे जीवन
नै नरक की आग के समान खतम कर सकै सै। **(Geenna g1067)** 7 हरेक
ढाळ के जंगळी पशु, पंछी, रेंगण आळे जन्तु, अर पाणी के जीव, तो माणस

कै बस म्ह हो सकै सै, अर बस म्ह हो भी गये। 8 पर जीभ नै कोए भी बस
म्ह न्ही कर सकता, या एक इसी खतरनाक बला सै, जो कदे रूकती कोन्या,
जो साँप के समान, जहर तै भरी होई सै। 9 जीभ तै ए हम पिता परमेसवर
अर प्रभु की बड़ाई करा सां, अर इस्से तै जो परमेसवर कै रूप म्ह बणाये गये
माणसां नै श्राप देवां सां। 10 एके मुँह तै आशीष अर श्राप दोनु लिकड़ै सै। हे
मेरे बिश्वासी भाईयो, इसा न्ही होणा चाहिए। 11 धरती के एके चोवै तै मिठ्ठा
अर खारा पाणी दोनु न्ही लिकड़ सकदे। 12 हे मेरे बिश्वासी भाईयो, के अंजीर
कै पेड़ म्ह जैतून, या अंगूर की डाळी म्ह अंजीर लाग सकै सै? उस्से तरियां
खारे चोवै तै मिठ्ठा पाणी न्ही लिकड़ सकता। 13 जै थम समझदार अर
परमेसवर की बात्तां नै समझण आळे माणस सों, तो इस बात नै नरमाई अर
समझदारी तै एक आच्छा जीवन जी के, साबित करो। 14 पर जै थारे मन म्ह
घणी जळण अर मतलबीपण सै, तो अपणे ज्ञान का ज्यादा दिखावा ना करो,
क्यूँके इसा करण तै थम सच नै छुपाओ सों। 15 इसा ज्ञान परमेसवर की
ओड़ तै न्ही, बल्के वो ज्ञान दुनियावी, शारीरिक अर शैतान की ओड़ तै सै।
16 क्यूँके जड़ै जळण अर मतलबीपण होवै सै, ओड़ै बखेड़ा अर हरेक ढाळ
के बुरे काम भी होवै सै। 17 पर जो ज्ञान परमेसवर देवै सै, वो पैहला तो
पवित्र होवै सै, फेर शांतिप्रिय, सहनशील, विनम्र, खियास राक्खण आळा,
भले काम अर दया तै भरया होया परोपकारी अर बिना भेद-भाव का, अर
बिना कपट का होवै सै। 18 मेळ-मिलाप कराण आळा, किसान की तरियां
सै, जो शान्ति का बीज बोवै सै, अर धार्मिकता की फसल काटै सै।

**4** थारे म्ह लड़ाई झगड़े का कारण के सै? के थारे भित्तर उन बुरी लालसा तै
न्ही, जो थारे म्ह लड़ै-भीड़ै सै? 2 थम लालसा राक्खो सों, पर थमनै मिलता
कोनी, ज्यातै थम हत्या करण का भी इरादा राक्खों सों। थम जळण करो
सों, अर कुछ पान्दे कोनी, इस करकै थम लड़ो अर झगड़ो सों। थमनै इस
करकै न्ही मिलदा क्यूँके थम परमेसवर तै माँगते कोनी। 3 हालाकि थम
माँग्गो सों, फेर भी थमनै मिलता कोनी, क्यूँके भुंडी इच्छा तै माँग्गो सों, ताके
अपणे ऐसो-आराम म्ह उड़ा द्यो। 4 हे बेईमान माणसों, के थम न्ही जाणते,
दुनिया की चिज्जां तै प्यार करणा, परमेसवर तै बैर करणा सै। इस करकै जो
कोए संसार का साथी बणणा चाहवै सै, वो अपणे-आपनै परमेसवर का बैरी

बणावै सै। 5 के थम पवित्र ग्रन्थ म्ह लिखी होई इस बात नै बेकार समझों
सों, जिस म्ह लिख्या सै, “जिस पवित्र आत्मा ताहीं परमेसवर नै म्हारै भित्तर
बसाया सै, वो बड़ी लालसा करै सै, के हम परमेसवर तै प्यार करां।” 6 पर
परमेसवर तो और भी अनुग्रह करै सै, ताके हम बुरी इच्छा तै लड़ सकां, इस
कारण पवित्र शास्त्र म्ह यो लिख्या सै, “परमेसवर घमण्ड करण आळा का
बिरोध करै सै, पर दीन माणसां पै अनुग्रह करै सै।” 7 इस करकै परमेसवर
कै अधीन हो जाओ, अर शैतान का बिरोध करो, तो वो थारे धोरै तै भाग
ज्यागा। 8 परमेसवर कै धोरै आओ तो वो भी थारे धोरै आवैगा। हे पापियों,
अपणे जीवन तै पाप दूर करो, अर हे दोगले माणसों अपणे मन नै पवित्र
करो। 9 अपणे पापां के कारण दुखी होओ, अर शोक करो, रोओ। थारी
हाँसी शोक म्ह अर थारा आनन्द उदासी म्ह बदल जावै। 10 प्रभु कै स्याम्ही
नरम बणो तो वो थमनै आदर मान देवैगा। 11 हे बिश्वासी भाईयो, एक-दुसरे
की बदनामी ना करया करो। जो अपणे बिश्वासी भाई की बदनामी करै सै या
उसपै दोष लगावै सै, वो मूसा के नियम-कायदा का बिरोध्द करै सै, अर
जै तू मूसा के नियम-कायदा का बिरोध्द करै सै, तो तू नियम-कायदा पै
चाल्लण आळा कोनी, पर उसपै न्याय करण आळा बणग्या। 12 मूसा के
नियम-कायदे देण आळा अर न्याय करण आळा एके सै, जो परमेसवर सै,
जो बचाण अर नाश करण म्ह दोनुआ का हक राक्खै सै, पर तन्नै किसे पै
इल्जाम लगाण का कोए हक कोनी। 13 थम जो या कहो सों, “आज या
तड़कै हम किसे और नगर म्ह जाकै ओड़ै एक साल बितावागें, अर व्यापार
करकै फायदा कमावागें।” 14 पर थम यो न्ही जाण्दे के कल के होवैगा? सुण
तो ल्यो, थारा जीवन सै ए के? थम तो धुंध की तरियां सों, जो थोड़ी देर
दिक्खै सै फेर खू ज्या सै। 15 इसकी बजाए थमनै या कहणा चाहिए, “जै
प्रभु चाहवै तो हम जिन्दा रहवांगें, अर यो काम भी करागें।” 16 पर इब थम
अपणे-आप पै घमण्ड करो सों, यो घमण्ड पाप सै। 17 इस करकै जो कोए
भलाई करणा जाणै सै, अर कोनी करदा, उसकै खात्तर यो पाप सै।

**5** हे साहूकारों, सुण तो ल्यो, थम अपणे आण आळे दुखां पै किल्की मारकै
रोओ। 2 थारा धन खराब होग्या अर थारे लत्ता नै कीड़े खाँगे सै। 3 थारे सोन्ने
चाँदी की कोए किम्मत कोनी रही, जिस सोन्ना चाँदी ताहीं थमनै कठ्ठा करया

सै, वाए थारी गवाही देंगे, अर थारी देह नै राख कर देगी। थमनै अन्त के युग
म्ह धन कठ्ठा करया सै। 4 देक्खों जिन मजदूरां नै थारे खेत काट्टे, उनकी वा
मजदूरी जो थमनै धोक्खा देकै राखली सै। वे मजदूर चिल्लावै सै, अर उनकी
दुहाई सेनाओं के प्रभु कै कान्ना तक पुँहच ग्यी सै। 5 थम धरती पै ऐसो-
आराम म्ह लाग्गे रहै, अर बड्ड़ा ए सुख भोग्या, अर इसा करते-करते थम
जानवरां की तरियां बणगे सों, जिन ताहीं काट्टण तै पैहले मोट्टा ताजा करया
जावै सै, उस्से तरियां थम न्ही जाणते के थम भी अपणे-आप ताहीं परमेसवर
की सजा खात्तर तैयार करण लागरे सों। 6 जो धर्मी जन थारा सामना न्ही
कर सकै थे, थमनै उन ताहीं कसूरवार बणाकै मार दिया। 7 इस करकै हे
बिश्वासी भाईयो, प्रभु कै आण तक धीरज धरो। जिस तरियां जमीदार धरती
की कीमती फसल की आस धरकै पैहली अर आखरी बारिस होण तक
धीरज धरै सै। 8 थम भी धीरज धरो, अर अपणी आस नै ना खोओ, क्यूँके
प्रभु का आणा लोवै सै। 9 हे बिश्वासी भाईयो, एक-दुसरे पै कुड़कुड़ाओ ना,
न्ही तो परमेसवर भी थमनै दण्ड देवैगा, क्यूँके लखाओ, न्याय करण आळा
आण खात्तर घणा लोवै सै। 10 हे बिश्वासी भाईयो, जिन नबियाँ नै प्रभु के
नाम तै बात करी, उननै दुख उठाण अर धीरज धरण का एक आदर्श समझों।
11 हम धीरज धरण आळे नै धन्य कह्वां सां। थमनै अय्यूब नामक माणस कै
धीरज कै बारें म्ह तो सुण्या ए सै, अर किस तरियां प्रभु नै उस ताहीं प्रतिफळ
दिया, जिसतै थमनै प्रभु ताहीं जाण भी लिया के किस तरियां प्रभु करुणा
अर दया करै सै। 12 पर हे मेरे बिश्वासी भाईयो, सारा तै बड्डी बात या सै कै
कसम ना खाईयों, ना सुर्ग की, ना धरती की, ना किसे और चीज की, पर
थारी बात हाँ की हाँ ना की ना हो, ताके परमेसवर थमनै दण्ड ना देवै। 13 जै
थारे म्ह तै कोए दुखी सै, तो वो प्रार्थना करै। जै आनन्दित सै, तो परमेसवर
की बड़ाई के भजन गावै। 14 जै थारे म्ह तै कोए रोग्गी सै, तो कलीसिया के
अगुवां नै बुलावै, अर वे प्रभु कै नाम तै उसपै तेल मल कै उसकै खात्तर
प्रार्थना करै, 15 अर बिश्वास की प्रार्थना कै जरिये रोग्गी बच ज्यागा अर प्रभु
उस ताहीं ठीक करैगा, अर उसनै जै पाप भी करे हो, तो उनकी भी माफी हो
ज्यागी। 16 इस करकै थम एक-दुसरे कै बिरुध्द किये गये, अपणे-अपणे
पापां नै मान ल्यो, अर एक-दुसरे खात्तर प्रार्थना करो, जिसतै ठीक हो जाओ:

धर्मी जन की प्रार्थना कै असर तै सब कुछ हो सकै सै। **17** एलिय्याह नबी भी
तो म्हारै समान दुख-सुख भोगी माणस था, अर उसनै मन लगाकै प्रार्थना
करी, के मिह ना बरसै, अर साढ़े तीन साल तक धरती पै मिह कोनी बरसा।
**18** फेर उसनै प्रार्थना करी, तो अकास तै बरसा होई, अर धरती पै फसल भी
होई। **19** हे मेरे बिश्वासी भाईयो, जै थारे म्ह तै कोए सच की राह तै भटक
जावै अर दुसरा कोए उसनै बोहड़ के उस राह पै ले आवै सै, **20** तो वो यो
सच जाण लेवै के जो कोए भटके होए पापी नै पाप छोड़ण म्ह उसकी मदद
करैगा, पाप छोड़ण आळे के अनेक पाप माफ हो जावैंगे अर उसकी जिन्दगी
अनन्त मृत्यु तै बचावैगा।

# 1 पतरस

**1** या चिट्ठी पतरस की ओड़ तै सै, जो यीशु मसीह का प्रेरित सै, मै या चिट्ठी
परमेसवर के चुणे होए माणसां कै खात्तर लिखण लागरया सूं, जो परदेशी
होकै पुन्तुस, गलातिया, कप्पदूकिया, आसिया अर बिथुनिया परदेसां म्ह
तित्तर-बितर होकै रहवै सै। 2 परमेसवर पिता नै थारे ताहीं अपणे माणस
बणाण खात्तर, भोत पैहले चुण लिया था, ताके थमनै पवित्र आत्मा के काम
के जरिये पवित्र बणावै, यो उसनै इस खात्तर करया ताके थम यीशु मसीह
का कहणा मान्नो, अर उसके लहू तै शुद्ध हो जाओ। हम प्रार्थना करा सां के
परमेसवर थमनै अनुग्रह अर शान्ति भोत-ए घणी दे। 3 म्हारे मसीह यीशु के
पिता अर परमेसवर का धन्यवाद हो, जिसनै म्हारे पै बड़ी दया करकै म्हारे
ताहीं नई जिन्दगी दी सै, क्यूँके परमेसवर नै यीशु मसीह ताहीं मुर्दां म्ह तै
जिन्दा करया, उसनै म्हारे ताहीं बड़े बिश्वास कै साथ जीण कै लायक बणाया,
ताके हम उन चिज्जां की आस राक्खां जिसका देण का उसनै वादा करया
सै। 4 हम उस वसियत नै जो परमेसवर नै म्हारे खात्तर तैयार करी सै, उस
ताहीं लेण की हम बाट देक्खां सां, उसनै म्हारे खात्तर उस ताहीं सुर्ग म्ह
राख्या सै, जित्त वा कदे गळ न्ही सकदी, खराब न्ही हो सकदी, अर नाश न्ही
हो सकदी। 5 परमेसवर नै अपणी महान शक्ति तै थारे ताहीं सम्भाळ कै
राख्या सै, क्यूँके थम मसीह पै बिश्वास करो सों, जिस दिन मसीह बोहड़कै
आवैगा, उस दिन तक मसीह थमनै सम्भाळ कै राक्खैगा, फेर थम जाणोगे
के परमेसवर नै थारे ताहीं पाप अर मौत तै बचा के राख्या सै। 6 थमनै इन
सारी बात्तां तै खुश होणा चाहिए भलाए थम कुछ बखत खात्तर कई ढाळ की
मुसीबतां के कारण दुखी सो। 7 ये मुसीबत इस्से खात्तर आवै सै, ताके
देख्या जा सकै, के परमेसवर पै थारा पक्का बिश्वास सै के न्ही। थारा मसीह
यीशु पै बिश्वास करणा सोन्ने तै भी घणा कीमती सै, जिस तरियां नाशवान
सोन्ना आग म्ह परख्या अर शुद्ध करया जावै सै, उस्से तरियां जै थारा बिश्वास
घणी मुसीबतां म्ह भी बण्या रहवै सै, तो जिब प्रभु यीशु मसीह बोहड़ के
आवैगें तो थारे ताहीं बड़ाई महिमा अर आदर मिलैगा। 8 थमनै मसीह ताहीं
कदे न्ही देख्या, उसतै थम बिन देक्खे प्यार करो सो, अर इब तो उसपै बिन
देक्खे भी बिश्वास करकै इसे राज्जी अर मग्न होवो सो, जिस ताहीं बताण

खात्तर म्हारे धोरै शब्द कोनी। 9 थम इस खात्तर खुश सों, क्यूँके परमेसवर नै
थारे ताहीं पाप की सजा तै बचा लिया सै, अर योए मसीह पै बिश्वास करण
का ईनाम सै। 10 इस्से उद्धार कै बारै म्ह उन नबियाँ नै घणी खोज अर जाँच-
पड़ताळ करी, जिननै उस अनुग्रह कै बारै म्ह, जो थारे पै होण आळा था,
भविष्यवाणी करी थी। 11 मसीह का आत्मा जो उन म्ह था अर उन ताहीं
बताण लागरया था, के मसीह किसा दुख ठावैगा अर उसकै पाच्छै उस बारै
म्ह उस ताहीं महिमा मिलैगी, इस कारण उननै यो बेरा पाड़ण खात्तर उसकी
खोज करी, मसीह कौण होवैगा, अर यो कद होवैगा। 12 पर परमेसवर नै इन
नबियाँ ताहीं बताया था, के यो सन्देस उन खात्तर न्ही बल्के थारे खात्तर सै,
यो सन्देस मसीह यीशु के बारें म्ह खुशखबरी सै, जिसके बारें म्ह थम इब
सुणो सों। परमेसवर नै सुर्ग तै पवित्र आत्मा ताहीं भेज्या ताके वो माणसां नै
सुसमाचार सुणाण म्ह मदद कर सकै, यो इतणा अदभुत सै, के सुर्गदूत भी
इन चिज्जां नै होन्दे होए देखणा चाहवै सै। 13 इस खात्तर गौर तै सोच्चों के
थम के करण आळे सों, अर अपणे-आप पै काब्बू राक्खों अर परमेसवर तै
उद्धार पाण का भरोस्सा राक्खों जो अनुग्रह तै मिलै सै, अर वो थमनै जिब
देवैगा जिब मसीह यीशु सुर्ग तै बोहड़कै आवैगा। 14 परमेसवर के आज्ञाकारी
बणो जिस तरियां आच्छे बाळक अपणे पिता का हुकम मान्नै सै, अर पुराणी
जिन्दगी के मुताबिक मत जिओ, जिब थम बुरी लालसा नै पूरी करो थे। 15
पर जिसा थारा बुलाण आळा पवित्र सै, उस्से तरियां ए थम भी अपणे सारे
चाल-चलण म्ह पवित्र बणो। 16 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ म्ह लिख्या सै, "पवित्र
बणो, क्यूँके मै पवित्र सूं।" 17 अर जिब के थम हे पिता कहकै परमेसवर तै
प्रार्थना करो सो, जो बिना पक्षपात, हरेक कै काम कै मुताबिक न्याय करै सै,
तो इब जो थम, जिब इस धरती पै परदेशियाँ की तरियां जीण लागरे सों, तो
थम उसके प्रति बड़े आदर रखते होए अपणी जिन्दगी जीणी चाहिए। 18
क्यूँके थमनै बेरा सै, के थारा निकम्मा चाल-चलण जो बाप-दाद्यां तै चल्या
आवै सै, उस बेकार जिन्दगी तै थम बचगे सों, अर थारा छुटकारा चाँदी-
सोन्ने यानिके नाश होण आळी चिज्जां कै जरिये न्ही होया। 19 पर बेकसूर
अर बेदाग मेम्ने, यानिके मसीह के कीमती लहू कै जरिये होया। 20 दुनिया
बणाण तै पैहल्याए परमेसवर नै मसीह यीशु ताहीं उद्धारकर्ता करकै चुण

लिया था, पर इब वो इन आखरी दिनां म्ह इस खात्तर आया के थारी मदद
कर सकै। 21 जो मसीह नै करया उसकी बजह तै थम परमेसवर पै बिश्वास
करो सो, अर अपणी आस अर बिश्वास परमेसवर पै राक्खो सो, क्यूँके
उसनै मसीह ताहीं मुर्दा म्ह तै जिन्दा करया, अर उस ताहीं बड़ी महिमा दी।
22 क्यूँके थम सच मानण के जरिये शुद्ध करे गये सों, इस खात्तर थमनै
बिश्वासी भाईयाँ तै सच्चे दिल तै प्यार करणा चाहिए, अर तन-मन लाकै
एक-दुसरे तै प्यार करो। 23 थम एक-दुसरे तै इस खात्तर प्यार करो, क्यूँके
थमनै परमेसवर तै नई जिन्दगी पाई सै, थमनै या जिन्दगी उसतै न्ही पाई जो
नाशवान सै, पर उसतै पाई सै जो सदा कै खात्तर सै। या नई जिन्दगी हमनै
परमेसवर के वचन तै मिली सै, जो जीवित अर सदा रहण आळा सै। (aiōn
g165) 24 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ यो कहवै सै, "हरेक जीव घास कै बरगा सै, अर
उनकी शोभा जंगळी फूल्लां कै समान सै। घास सूख जावै सै, अर फूल झड़
जावै सै। 25 पर प्रभु का वचन युगानुयुग स्थिर रहवैगा।" यो वोए सुसमाचार
का वचन सै जो थारे ताहीं सुणाया गया था। (aiōn g165)

**2** इस करकै सारी ढाळ का बैरभाव अर छळ अर कपट अर जळण अर
बुराई नै दूर करकै, 2 नये जन्मे बच्चे की तरियां जो हमेशा माँ के निर्मल दूध
की लालसा करै सै, उस्से तरियां थम भी परमेसवर के वचन ताहीं सुणण की
लालसा करो, ताके थारा परमेसवर पै बिश्वास मजबूत हो सकै, अर थारा
उद्धार हो जावै। 3 क्यूँके पवित्र ग्रन्थ कहवै सै, के थमनै चख कै जाण लिया
सै के प्रभु कितना भला सै। 4 थम प्रभु यीशु मसीह कै धोरै आए हो, वो उस
खास पत्थर की ढाळ सै जो नीम म्ह लगाया जावै सै, पर वो जिन्दा पत्थर
सै। भोत सारे माणसां नै उस ताहीं त्याग दिया, पर परमेसवर नै उस ताहीं
चुण्या, अर उस ताहीं कीमती बणाया, अर थम जो बिश्वासी लोग प्रभु यीशु
कै धोरै आए हो, ताके थम भी उसके जरिये जिन्दे पत्थरां की ढाळ हो जाओ,
जो परमेसवर की आत्मिक आराधना का घर बणण म्ह काम आ सकै। 5
उसनै थारे ताहीं भी पवित्र याजक बणाया, जिस तरियां याजक परमेसवर
ताहीं भेट चढ़ावै सै, उस्से तरियां थम भी अपणे दिल नै भेट के रूप म्ह चढ़ा
द्यो, अर याए भेट परमेसवर नै आच्छी लाग्गै सै, क्यूँके थम यीशु मसीह के
कहलाओ सों। 6 यो उस्से तरियां सै, जिसा परमेसवर पवित्र ग्रन्थ म्ह कहवै

सै: “देखों, मन्नै किसे ताहीं यरुशलेम नगर म्ह कोणे के पत्थर की तरियां
राख्या सै, वो उस पत्थर की तरियां सै, जो नीम पै धरया जावै सै, अर जो
कोए उसपै बिश्वास करैगा, वो किसे तरियां तै शर्मिन्दा कोनी होवैगा।” 7 यो
पत्थर थारे खात्तर कीमती सै, जो मसीह यीशु पै बिश्वास करो सों, पर पवित्र
ग्रन्थ उन माणसां के बारें म्ह जो बिश्वास न्ही करदे कहवै सै, “जिस पत्थर
ताहीं राजमिस्त्रियाँ नै निकम्मा ठहराया था, वोए कोणे का पत्थर हो गया।”,
8 पवित्र ग्रन्थ यो भी कहवै सै, के “इस पत्थर तै लोग्गां कै ठोक्कर लाग्गैगी,
या वा चट्टान सै जिसतै लोग ठोक्कर खाकै गिर जावैंगे,” वे इस खात्तर गिरै
सै, क्यूँके उननै परमेसवर के वचन पै बिश्वास कोनी करया, परमेसवर नै
नै उसकी भेट स्वीकार कोनी करी, अर उसके भाई की कर ली थी, अर वो
उस बिलाम की तरियां सै, जिसनै परमेसवर के माणसां ताहीं पाप करण
खात्तर उकसाया, ताके वो धन ले सकै जिसकी पेशकस उस ताहीं करी गई
थी, अर जो कोरह की ढाळ मूसा नबी के अधिकार का बिरोध करण के
कारण नाश होगे। 12 जिब थम परमेसवर के प्यार नै, याद करण कै खात्तर
प्रीति भोज म्ह कठ्ठे होओ सों, तो वे भी थारे म्ह शामिल हो जावै सै, तब वे
उस समुन्दर म्ह लुक्ही होए पत्थर की चट्टान की तरियां सै, जो थारे ताहीं
डूबो सकै सै। वे उस पाळी की तरियां सै जो सिर्फ अपणा पेट भरै सै, अर वे
बिना पाणी के बादल सै, जिन ताहीं हवा उड़ा ले जावै सै, वे पतझड़ के इसे
दरखत सै, जिन म्ह कदे फळ कोनी लाग्दे, अर ये जड़ तै उखड़गे सै। 13 ये
समुन्दर की तेज झाल के हिलोरे सै, जो अपणी गंदगी का झाग उछाळै सै, ये
लोग शर्मनाक काम करै सै, ये उन राह तै भटके होए तारां की ढाळ सै, जो
किसे नै सही राह न्ही दिखा सकदे, जिनकै खात्तर परमेसवर नै सदा खात्तर
घोर अन्धकार की जगहां तय कर राक्खी सै, जड़ै वो सदा खात्तर रहवैंगे।
(aiōn g165) 14 हनोक नै भी जो आदम की सातवीं पीढ़ी म्ह तै था, इन

माणसां कै बाबत या भविष्यवाणी करी थी, “देक्खों, प्रभु अपणे लाखां
पवित्र सुर्गदूत्तां कै गेल्या आवैगा, 15 तो उन सब माणसां का न्याय करैगा,
अर बुरे माणसां नै उनके बुरे काम्मां का अर दुष्ट माणसां नै जिननै परमेसवर
के बिरोध म्ह कड़वे शब्द इस्तमाल करे थे, उन ताहीं कसूरवार ठहरावैगा।”
16 ये तो बेसबरे, बड़बड़ाण आळे, अर अपणी मर्जिया कै मुताबिक लगातार
बुरे काम करै सै, अर अपणे मुँह तै घमण्ड की बात बोल्लै सै, वे अपणे
फायदे कै खात्तर चापलूस्सी की बात करै सै। 17 पर हे प्यारे भाईयो, थम
इन बात्तां नै याद राक्खो, जो म्हारे प्रभु यीशु मसीह के प्रेरित भोत पैहल्याए
कहगे सै। 18 वे थमनै कह्या करै थे, “के प्रभु यीशु मसीह के बोहड़ण तै
पैहले इसे माणस भी होवैंगे जो प्रभु का मजाक उड़ावैंगे, वे इसे माणस सै,
जो अपणी बुरी अभिलाषायां कै मुताबिक जिन्दगी जिवैंगे।” 19 ये वे माणस
सै, जो थारे म्ह फूट गेरै सै, अर जिन म्ह पवित्र आत्मा न्ही सै उनकी बुरी
अभिलाषा, उन ताहीं अपणे बस म्ह राक्खै सै। 20 हे प्यारे बिश्वासी भाईयो,
थम लगातार एक-दुसरे की बढ़ोतरी करते जाओ, अर आप्पस म्ह एक-दुसरे
नै सच्ची शिक्षा जिसपै थम बिश्वास करो सों, उसतै उत्साहित करदे रहों,
अर जिस तरियां पवित्र आत्मा थारे ताहीं अगुवाई करै सै थम प्रार्थना करदे
रहों। 21 थमनै यो जाणकै जीवन जीणा चाहिए, के परमेसवर थारे तै प्यार
करै सै, अर थम उस दिन की बाट देखदे रहो जिस दिन म्हारा प्रभु यीशु
मसीह बोहड़कै आवैगा ताके थमनै अनन्त जीवन मिलै, क्यूँके उसनै म्हारे पै
दया करी सै। (aiōnios g166) 22 उन माणसां पै दया करो जिनका बिश्वास
डामाडोल होरया सै। 23 घणखरे माणसां नै न्याय की आग तै झपट्टा मारकै
लिकाड़ो, अर दुसरे माणसां के प्रति दयालु रहों, पर इसकै साथ चौक्कस भी
रहों, उस लत्ते तै भी नफरत करो जो पाप तै भरे काम्मां तै कलंकित हो गया
सै। 24 वो एकमात्र सच्चा परमेसवर सै, जो थमनै ठोक्कर खाण तै बचा
सकै सै, अर वो थमनै बेकसूर अर मगन करकै अपणे महिमा म्ह अपणे
स्याम्ही खड्या करैगा। जो प्रभु यीशु मसीह नै म्हारे खात्तर करया, उसकै
जरिये परमेसवर नै म्हारे ताहीं बचाया सै। 25 म्हारा प्रभु यीशु मसीह माणसां
म्ह, परमेसवर की तारीफ करण का कारण बणा, ताके वो पिच्छाण सकै,

के शरुआत तै, इब अर सदा कै खात्तर शक्ति अर अधिकार उस्से का सै।
आमीन। **(aiōn g165)**

# प्रकाशित वाक्य

**1** परमेसवर नै यीशु मसीह ताहीं वो गुप्त बातें दिखाई जो भोत तावळी होण
आळी सै, ताके वो अपणे दास्सां पै इन बात्तां नै जाहिर करै, उसके बाद
मसीह नै सुर्गदूत भेज्या, ताके अपणे दास यूहन्ना ताहीं ये बात दिखावै। 2
यूहन्ना नै वो सब कुछ लिख लिया, जो उस ताहीं दिखाया गया था, यानी वो
वचन जो परमेसवर की ओड़ तै आया था, अर जो कुछ भी मसीह यीशु
नै कह्या था। 3 धन्य सै वे जो इस भविष्यवाणी के वचन नै पढ़ै सै, अर
वे जो सुणै सै अर इस म्ह लिक्खी होई बात्तां नै मान्नै सै, क्यूँके ये बात
तावळी होण आळी सै। 4 ये चिट्ठियाँ यूहन्ना की ओड़ तै आसिया परदेस की
सात कलीसियाओं के नाम सै। परमेसवर पिता की ओड़ तै थमनै अनुग्रह
अर शान्ति मिलै, जो सै, अर जो था, अर जो आण आळा सै, अर इन सात
आत्मायाँ की ओड़ तै जो उसकै सिंहासन कै स्याम्ही सै। 5 अर यीशु मसीह
जो बिश्वास जोग्गा गवाह अर मरे होया म्ह तै जी उठण आळा म्ह तै जेट्ठा अर
धरती के राजयां का हाकिम सै, उसकी की ओड़ तै थारे ताहीं अनुग्रह अर
शान्ति मिल्दी रहवै। वो म्हारै तै प्यार करै सै, अर उसनै अपणे लहू कै जरिये
म्हारै ताहीं पाप तै छुटाया सै। 6 उसनै म्हारे ताहीं वे माणस बणा दिये सै,
जिनका परमेसवर राजा सै, अर उसनै म्हारे ताहीं परमेसवर जो उसका पिता
सै, उसका याजक बणा दिया सै, उस्से की महिमा अर पराक्रम युगानुयुग
रहवै। आमीन। (aiōn g165) 7 लखाओ, वो बादळां कै गेल्या आण आळा सै,
अर हरेक आँख उसनै देखैगी, बल्के जिननै उस ताहीं बेधा था, वे भी उस
ताहीं देखैंगें, अर धरती के सारे कुल उसकै कारण छात्ती पीट्टैंगें, जिब उस
ताहीं देक्खैंगे। हाँ। आमीन। 8 प्रभु परमेसवर यो कहवै सै, के वो जो सै, अर
जो था, अर जो आण आळा सै, जो सब तै शक्तिशाली सै, "मै अल्फा अर
ओमेगा सूं।" 9 मै यूहन्ना, जो थारा बिश्वासी भाई अर मसीह कै खात्तर दुख
सहण म्ह अर परमेसवर के राज्य म्ह, अर धीरज तै दुख सहण म्ह साझ्झी सूं,
जो दुख उन माणसां पै आया सै, जिनका उसके साथ रिश्ता सै, मै पतमुस
नाम कै टापू पै भेज दिया गया, क्यूँके मन्नै परमेसवर के वचन का प्रचार
करया था, अर मसीह यीशु के सच्चे सन्देस ताहीं सुणाया था। 10 प्रभु
के दिन, पवित्र आत्मा मेरे पै आ ग्या, अर मन्नै अपणे पाच्छै तुरही बरगा

बड्ड़ा शब्द सुण्या। 11 उसनै उसतै कह्या, के “जो कुछ तू देक्खै सै, उसनै
किताब म्ह लिखकै सात्तु कलीसियाओं कै धोरै भेजदे, जो इन नगरां म्ह सै,
यानिके इफिसुस, स्मुरना, पिरगमुन, थुआतीरा, सरदीस, फिलदिलफिया,
अर लौदीकिया ताहीं।” 12 फेर मन्नै उस ताहीं, जो मेरै तै बोल्लण लागरया
था, देक्खण कै खात्तर अपणा मुँह फेरया, अर पाच्छै घूमकै मन्नै सोन्ने की
सात दीवट देक्खी, 13 अर उन दीवटां कै बिचाळै माणस के बेट्टे कै बरगा
एक आदमी देख्या, जो पायां ताहीं के लत्ते पहरे, अर छात्ती पै सोन्ने का
पटुका बाँधे होड़ था। 14 उसके सिर के बाळ धोळी ऊन बल्के बर्फ की ढाळ
जमा धोळे थे, अर उसकी आँख आग की तरियां धधकण लागरी थी। 15 अर
उसके पैर भट्ठी म्ह तपा कै चमकाए होए पीत्तळ के जिसे थे, अर उसका बोल
घणे पाणी के गरजण जिसा था। 16 वो अपणे सोळे हाथ म्ह सात तारे लिए
होड़ था, अर उसकै मुँह म्ह तै पैन्नी दोधारी तलवार लिकड़ै थी। उसका मुँह
इस ढाळ बळै था, जिस ढाळ सूरज करड़ी धूप के बखत चमकै सै। 17 जिब
मन्नै उस ताहीं देख्या, तो उसके पायां पै मुर्दा की ढाळ पड़ग्या। उसनै मेरै पै
अपणा सोळा हाथ, धरकै कह्या, “मतना डरै, मै पैहल्ड़ा अर आखरी अर
जिन्दा सूं।” 18 मै मरग्या था, अर इब देख मै युगानुयुग जीऊँ सूं, अर मौत
अर पाताळ लोक की ताळी मेरै धोरै सै। **(aiōn g165, Hadēs g86)** 19 इस
करकै जो बात तन्नै देक्खी सै अर जो बात होण लागरी सै अर जो बात इसकै
पाच्छै होण आळी सै, उन सारियां नै लिख ले। 20 इब मै उन सात तारां का
भेद जिन ताहीं तन्नै मेरै सोळे हाथ म्ह देख्या था अर उन सोन्ने की दीवटां का
भेद तन्नै बताऊँ सूं, वे सात तारे सात्तु कलीसियाओं के धोरै भेज्जे गये
सुर्गदूत सै, अर वे सात दीवट, सात कलीसिया सै।

**2** उसनै मेरे ताहीं यो भी कह्या के इफिसुस नगर की कलीसिया के सुर्गदूत नै
न्यू लिख के, “जो सात्तु तारे अपणे सोळे हाथ म्ह लिए होड़ सै, अर सोन्ने की
सात्तु दीवटां कै बिचाळै हाँडै सै, वो न्यू कहवै सै” 2 के मै तेरे काम, अर
मेहनत, अर तेरा धीरज जांणु सूं, अर मै जाणु सूं, के तू बुरे माणसां की शिक्षा
नै सह न्ही सकदा, अर जो अपणे-आपनै प्रेरित कहवै सै, अर सै न्ही, उन
ताहीं तन्नै परख कै झूठ्ठा पाया। 3 अर तू धीरज धरै सै, अर मेरै नाम कै
खात्तर दुख ठा-ठाकै भी तन्नै मेरी सेवा करणा न्ही छोड्या। 4 पर मन्नै तेरे

खिलाफ म्ह न्यू कहणा सै, के तेरे म्ह वो प्यार न्ही रह्या जो तू पैहले मेरे तै
करै था। 5 यो याद कर के तन्नै शरु म्ह मेरे तै किसा प्यार करया था, अर इब
उसा प्यार न्ही करदा, तू पाप करणा छोड़ दे, अर जिसा तन्नै शरु म्ह मेरे तै
प्यार करया था उसाए प्यार कर, अर जै तू पाप करणा न्ही छोड़ैगा, तो मै तेरे
धोरै आकै तेरी दीवट नै उस जगहां तै हटा दियुँगा। 6 पर हाँ, तेरे म्ह या बात
तो सै, के तू नीकुलइयों के काम्मां तै नफरत करै सै, जिनतै मै भी नफरत
करुँ सूं। 7 जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण ले, के परमेसवर का आत्मा
कलीसिया तै के कहवै सै: वे लोग जो बुराई की ताकत पै जीत पावै सै, मै
जीवन कै दरखत म्ह तै जो जीवन देवै सै, जो सुर्गलोक म्ह सै, उस ताहीं
उस फळ म्ह तै खाण नै दियुँगा। 8 अर उसनै मेरे ताहीं स्मुरना नगर की
कलीसिया के सुर्गदूत ताहीं यो लिखण खात्तर कह्या, के, जो पैहल्ड़ा अर
आखरी सै, जो मर लिया था अर इब जिन्दा होग्या सै, वो न्यू कहवै सै के, 9
मै तेरे क्‍लेश अर गरीबी नै जाणु सूं, (पर तू साहूकार सै), अर जो माणस
अपणे-आप ताहीं यहूदी कहवै सै, अर सै न्ही, पर वो शैतान के झुण्ड म्ह तै
सै, मै उनकी बुराई नै भी जाणु सूं। 10 जो दुख तन्नै झेलणे होंगे, उनतै मत
घबरा, क्यूँके देक्खो, शैतान अपणे माणसां के जरिये थारे म्ह तै कितन्याँ
ताहीं जेळखान्ने म्ह गेरैगा, ताके थम परखे जाओ, अर थारे ताहीं दस दिन
तक क्‍लेश ठाणा पड़ैगा। जान देण तक बिश्वासी रह, तो मै थारी जीत के
कारण ईनाम के तौर पै थमनै अनन्त जिन्दगी देऊँगा। 11 जिसके कान हों,
वो ध्यान तै सुण ले, के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै, वे
लोग जो बुराई की ताकत पै जीत पावै सै, उसनै दुसरी मौत तै नुकसान कोनी
होवैगा। 12 अर उसनै मेरे ताहीं पिरगमुन नगर की कलीसिया के सुर्गदूत
ताहीं यो लिखण खात्तर कह्या, के, "जिसकै धोरै दोधारी अर पैन्नी तलवार
सै, वो न्यू कहवै सै" 13 के मन्नै न्यू तो बेरा सै, तू ओड़ै रहवै सै जित्त शैतान
का राज सै, अर मेरै नाम पै स्थिर रहवै सै, अर मेरै पै बिश्वास करण तै उन
दिनां म्ह भी पाच्छै न्ही हट्या जिन म्ह मेरा बिश्वास जोग्गा गवाह अन्तिपास,
तेरे नगर म्ह उस जगहां पै मारया गया जित्त शैतान रहवै सै। 14 पर मन्नै तेरे
खिलाफ म्ह न्यू कहणा सै, थम उन माणसां का बिरोध कोनी करदे, जो
पुराणे जमान्नै के नबी बिलाम की तरियां झूठी शिक्षा सिखावै सै, बिलाम नै

राजा बालाक ताहीं यो सिखाया, के इस्राएल के माणसां तै पाप करवाण कै
खात्तर के करणा चाहिए, के वे इम्तिहान म्ह पड़े, अर पाप कर बेठ्ठै। उसनै
उन ताहीं मूर्तियाँ के आग्गै चढ़ाई होड़ चिज्जां ताहीं खाणा अर अनैतिक
जिन्दगी जीणा सिखाया। **15** उस्से तरियां-ए तेरे उरै कितने तो इसे सै, जो
नीकुलइयों की शिक्षा नै मान्नैं सै। **16** इस करकै पाप करणा छोड़ दे, न्ही तो
मै तेरे धोरै तावळा-ए आऊँगा, अर झूठ्ठी शिक्षा देण आळे उन माणसां के
खिलाफ अपणे मुँह तै लिकड़ण आळी उस तलवार तै लड़ूँगा, जो के मेरा
वचन सै। **17** जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण ले, के परमेसवर का आत्मा
कलीसिया तै के कहवै सै, वे लोग जो बुराई की ताकतां पै जीत पावै सै, उस
ताहीं मै गुप्त मन्ना म्ह तै दियुँगा, अर उस ताहीं एक धोळा पत्थर भी दियुँगा,
अर उस पत्थर पै एक नाम लिख्या होया होगा, जिस ताहीं उसकै पाण आळे
कै सिवाए और कोए न्ही जाणैगा। **18** अर उसनै मेरे ताहीं थुआतीरा नगर की
कलीसिया के सुर्गदूत ताहीं यो लिखण खात्तर कह्या, के, मै परमेसवर का
बेट्टा, जिसकी आँख आग की ज्वाला की तरियां, अर जिसके पैर बढ़िया
पीत्तळ कै जिसे सै, न्यू कहूँ सूं, के **19** मै तेरे काम, तेरे प्यार, बिश्वास, सेवा,
अर धीरज नै जांणु सूं, अर न्यू भी जांणु सूं, के तेरे पाच्छले काम पैहल्ड़ा तै
बढ़कै सै, जिब तन्नै मेरे पै बिश्वास करया था। **20** पर मन्नै तेरे खिलाफ न्यू
कहणा सै, के तू उस जनानी इजेबेल नै रहण देवै सै, जो अपणे-आपनै नबी
कहवै सै, अर मेरै दास्सां नै जारी करण, अर मूर्तियाँ के आग्गै चढ़ाई होड़
चीज नै खाणा सिखाकै भकावै सै। **21** मन्नै उस ताहीं पाप छोड़ण का
मौक्का दिया, पर वा अपणे जारीपणे के पाप नै छोड़णा कोनी चाहन्दी।
**22** मै उस ताहीं बीमार कर दियुँगा। अर जो उसकै गेल्या जारी करै सै, जै
वे भी उसकै बरगे काम्मां नै जो वा करै सै करणा न्ही छोड़ैगें, तो उननै मै
भारया दण्ड दियुँगा। **23** अर मै उसके चेल्यां नै मार दियुँगा, अर फेर सारी
कलीसिया नै बेरा पाट जावैगा, के हृदय अर मन जाँचण आळा मै ए सूं, अर
मै थारे म्ह तै हरेक नै उसकै काम्मां कै मुताबिक बदला देऊँगा। **24** पर थम
जो थुआतीरा के बाकी लोग जिननै इस झूठ्ठी शिक्षा ताहीं न्ही मान्या, अर उन
बात्तां नै जिन नै शैतान की गहरी बात कहवै सै, उन म्ह भाग न्ही लेते, मै न्यू
कहूँ सूं, के मै थारे ताहीं और हुकम कोनी दियुँगा, पर मै जिब तक ना आ

जाऊँ मेरे पै मजबुत्ती तै बिश्वास करते रहों। 25 पर हाँ, जो थारे धोरै सै उसनै
मेरै आण तक थाम्बे रहो। 26 वे लोग जो बुराई की ताकतां पै जीत पावै सै,
अर मेरे काम्मां कै मुताबिक आखरी ताहीं करदा रहवै, मै उसनै देश-देश के
माणसां पै राज करण का हक देऊँगा। 27 मै उसनै भी राज करण का वोए
हक देऊँगा जो मेरे पिता नै मेरे ताहीं दिया सै, वो उनपै बिना दया के राज
करैगा, अर वो उन ताहीं चकणाचूर कर देवैगा, जिस ढाळ कुम्हार के माट्टी के
बासण चकणाचूर हो जावै सै। अर मन्नै भी इसाए हक अपणे पिता तै मिल्या
सै। 28 अर मै उसनै भोर का तारा देऊँगा। 29 जिसके कान हों, वो ध्यान तै
सुण ले, के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै।

**3** उसनै मेरे ताहीं यो भी कह्या के सरदीस नगर की कलीसिया के सुर्गदूत नै
लिख, के "जिसकै धोरै परमेसवर की सात आत्मा अर सात तारे सै, वो न्यू
कहवै सै," के मै तेरे काम्मां नै जांणु सूं, के तू मेरा बिश्वास लायक बिश्वासी
तो कुह्वावै सै, पर असल म्ह तन्नै मेरा कहणा मानना छोड़ दिया सै। 2 इस
करकै सावधान हो जा, अर अपणे बिश्वास नै जो मेरे पै सै उसनै मजबूत कर,
क्यूँके तेरे म्ह थोड़ा-सा ए बिश्वास बाक्की सै, ताके तेरा बचा होड़ बिश्वास भी
ना जान्दा रहवै, मै जाणु सूं के तेरे काम अधूरे सै, पर तेरे काम्मां तै, जो तू
करण लागरया सै परमेसवर खुश कोनी। 3 इस करकै याद कर, के तन्नै
किस तरियां तै शिक्षा पाई अर सुणी थी, अर उस म्ह बण्या रह, अर पाप
करणा छोड़ दे। जै तू जागदा न्ही रहवैगा, तो मै चोर की ढाळ आ जाऊँगा अर
तन्नै कदे भी न्ही बेरा पाट्टैगा, के मै किस बखत तेरे पै आण पडूँगा। 4 पर हाँ,
तेरे धोरै सरदीस म्ह कुछ लोग सै, जो पाप के जरिये अशुद्ध कोनी होए, वे
धोळे लत्ते पहरे होड़ मेरै गैल हाँडैगें क्यूँके वे इस लायक सै। 5 वे लोग जो
बुराई की ताकत पै जीत पावै सै, उस ताहीं इस्से ढाळ धोळे लत्ते पिहराए
जावैंगे, अर मै उसका नाम जीवन की किताब म्ह तै किसे तरियां तै भी
न्ही काट्टूगाँ, पर उसका नाम अपणे पिता अर उसके सुर्गदूत्तां कै स्याम्ही
मान ल्यूँगा के ये मेरे लोग सै। 6 जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण ले, के
परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै। 7 अर उसनै मेरे ताहीं यो भी
कह्या सै, के फिलदिलफिया नगर की कलीसिया के सुर्गदूत नै न्यू लिख के
जो कहवै सै, मै पवित्र अर सच्चा सूं, अर मेरै धोरै वा ताळी सै, जो राजा

दाऊद की सै, जिब मै ताळी लेकै दरबाजा खोल्लू सूं, तो उसनै कोए बन्द न्ही
कर सकता, जिब मै ताळी लेकै दरबाजा बन्द करुँ सूं, तो उसनै कोए खोल
न्ही सकता, वो तेरे तै न्यू कहवै सै के, 8 मन्नै तेरे काम्मां का बेरा सै, देख, मै
जाणु सूं के तेरे म्ह भोत कम काबलियत सै, पर तन्नै वा बात मान्नी सै
जिसके बारें म्ह मन्नै तेरे ताहीं कह्या था, अर तन्नै इस बात का इन्कार न्ही
करया के तू मेरे पै बिश्वास करै सै, इस करकै मन्नै एक दरबाजा खोल्या सै,
जिसनै कोए बन्द न्ही कर सकदा। 9 देख, जो शैतान के झुण्ड म्ह तै सै, अर
खुद नै यहूदी कहवै सै, पर सै न्ही, बल्के झूठ बोल्लै सै, देख, मै इसा करुँगा,
के वे आकै तेरे पायां म्ह मोध्धे पड़ैंगें, अर न्यू जाण लेवैगें, के मन्नै तेरे तै
प्यार करया सै। 10 क्यूँके जिब तेरे ताहीं सताया जाण लागरया था, तो तन्नै
मेरे वचन ताहीं धीरज तै पुगाया सै, उसकी बजह तै मै भी तन्नै इम्तिहान कै
उस बखत म्ह बचा के राक्खूँगा, जो धरती पै रहण आळे माणसां नै परखण
कै खात्तर साब्ती दुनिया पै आण आळा सै। 11 मै तावळा-ए आण आळा सूं,
अपणे बिश्वास म्ह मजबूत बणो, ताके कोए थमनै थारा ईनाम लेण तै रोक ना
पावै। 12 वे लोग जो बुराई की ताकत पै जीत पावै सै, उन ताहीं मै अपणे
परमेसवर कै मन्दर म्ह खम्बा बणाऊँगा, वो फेर कदे बाहरणै न्ही लिकड़ैंगे,
अर मै अपणे परमेसवर का नाम, अर अपणे परमेसवर के नगर, यानिके नये
यरुशलेम का नाम, जो मेरै परमेसवर की ओड़ तै सुर्ग पै तै उतरण आळा सै,
अर अपणा नया नाम उसपै लिखूँगा। 13 जिसकै कान हों, ध्यान तै सुण ले
के परमेसवर का आत्मा कलीसिया तै के कहवै सै। 14 अर उसनै मेरे ताहीं
यो भी कह्या सै, के "लौदीकिया नगर की कलीसिया के सुर्गदूत नै न्यू लिख"
के, जो आमीन, अर बिश्वास जोग्गा, अर सच्चा गवाह सै, अर परमेसवर की
सृष्टि का खास कारण सै, वो न्यू कहवै सै। 15 के मै तेरे काम्मां नै जाणु सूं
के तू उस पाणी की ढाळ सै, जो ना तो शीळा सै अर ना तात्ता, आच्छा था के
तू इन म्ह तै एक होन्दा 16 क्यूँके तू गुणगुणा सै, अर ना शीळा अर ना तात्ता,
मै तन्नै अपणे मुँह म्ह तै उगळण पै सूं। 17 तू जो कहवै सै, के मै धनी
सूं, अर धनवान होग्या सूं, अर मन्नै किसे चीज का घाट्टा न्ही, अर न्यू न्ही
जाण्दा, के तू निरभाग, नीच, कंगाल, आन्धा, अर उघाड़ा सै। 18 इस करकै
मै तन्नै राय दियुँ सूं, के आग म्ह त्याया होड़ सोन्ना मेरै तै मोल ले, के तू

साहूकार हो जावै, अर धोळा लत्ता ले-ले के पहर कै तन्नै अपणे उघाड़ेपण पै
शर्म न्ही आवै, अर अपणी आँखां म्ह लाण कै खात्तर सुरमा ले, के तू देक्खण
लाग्गै। **19** मै जिस-जिसतै प्यार राक्खूँ सूं, उन सारया ताहीं उल्हाणा अर
ताड़ना दियुँ सूं, इस करकै हिम्मत राख, अर पाप करणा छोड़ दे। **20** देख, मै
दरबाजे पै खड्या होया खटखटाऊँ सूं, जै कोए मेरा बोल सुणकै दरबाजा
खोल्लैगा, तो मै उसकै धोरै भित्तर आकै उसकै गेल्या खाणा खाऊँगा, अर वो
मेरै गेल्या। **21** जो जीत पावै, मै उस ताहीं अपणे गेल्या अपणे सिंहासन पै
बिठाऊँगा, जिसा मै भी जीत पाकै, अपणे पिता कै गेल्या उसकै सिंहासन पै
बैठ गया। **22** जिसके कान हों, वो ध्यान तै सुण लेवै के परमेसवर का आत्मा
कलीसिया तै के कहवै सै।

**4** इन बात्तां कै पाच्छै जो मन्नै निगांह करी, तो के देक्खूँ सूं, के सुर्ग म्ह एक
दरबाजा खुल्या होया सै, अर ओड़ कोए था जो मेरे तै बात करण लागरया
था, अर जो बात करण लागरया था, वो वोए था जिसनै मेरे तै पैहले बात करी
थी, अर जिसकी आवाज तुरही के शब्द की तरियां थी, अर उसनै मेरे तै
कह्या, के "उरै ऊपरान आ ज्या, अर मै वे बात तन्नै दिखाऊँगा, जिनका इन
बात्तां कै पाच्छै पूरा होणा जरूरी सै।" **2** अर जिब्बे पवित्र आत्मा मेरे पै आ
ग्या, अर मै के देक्खूँ सूं, के एक सिंहासन सुर्ग म्ह सै, अर उस सिंहासन पै
कोए बेठ्या सै। **3** अर जो उसपै बेठ्या सै, उसकी चमक सूर्यकान्त मणि अर
माणिक्य पत्थर के समान थी, अर उस सिंहासन कै चौगरदेकै मेघ-धनुष था,
उसकी चमक पन्ने के समान की थी। **4** अर उस सिंहासन कै चौगरदेकै
चौबीस सिंहासन सै, अर इन सिंहासनां पै चौबीस बुजुर्ग धोळे लत्ते पहरे होड़
बेठ्ठे सै, अर उनके सिरां पै सोन्ने के ताज सै। **5** अर उस सिंहासन म्ह तै
बिजळी चमकण की अर गरजण की आवाज आण लागरी थी, अर सिंहासन
कै स्याम्ही आग के सात दिवें जळण लागरे सै, जो के परमेसवर की सात
आत्मा सै। **6** अर उस सिंहासन कै स्याम्ही पारस था जो के समुंदर जिसा
चौड़ा था, अर शीशे जिसा साफ था, सिंहासन कै बिचाळै अर सिंहासन कै
चौगरदेकै चार प्राणी सै, जिनकै आग्गै-पाच्छै आँखें-आँख सै। **7** पैहला प्राणी
शेर कै बरगा सै, अर दुसरा प्राणी का मुँह बळध कै बरगा सै, तीसरे प्राणी का
मुँह माणस कै बरगा सै, अर चौथा प्राणी उड़दे होड़ उकाब कै बरगा सै। **8**

अर च्यारु प्राणियाँ कै छ: , छ: पंख सै, उनकै उप्पर अर हरेक जगहां ए आँख
थी, बल्के पंखां के तळै भी, अर वे दिन-रात बिना आराम करे न्यू कहवै सै,
के पवित्र, पवित्र, पवित्र प्रभु परमेसवर, जो सब तै शक्तिशाली था, अर जो
था, जो सै, अर जो आण आळा सै। 9 अर जिब वे प्राणी उसकी जो सिंहासन
पै बेठ्या सै, अर जो युगानुयुग जीवै सै, महिमा अर आदर अर धन्यवाद
करैंगें, (aiōn g165) 10 फेर सब चौबीस बुजुर्ग सिंहासन पै बैठण आळे कै
स्याम्ही पड़ जावैंगे, अर उस ताहीं जो युगानुयुग जीवै सै प्रणाम करैंगें, अर
अपणे-अपणे ताज सिंहासन कै स्याम्ही न्यू कहन्दे होए धर देवैगें। (aiōn
g165) 11 "हे म्हारे प्रभु अर परमेसवर, तू-ए महिमा, अर आदर, अर सामर्थ
कै जोग्गा सै, क्यूँके तन्नै ए सारी चिज्जां ताहीं बणाया अर वे तेरी-ए मर्जी तै
थी अर रची गई।"

**5** अर जो सिंहासन पै बेठ्या था, मन्नै उसकै सोळे हाथ म्ह एक किताब
देक्खी, जो भीत्तर अर बाहरणै लिक्खी होड़ अर वा सात मोंहर लाकै बन्द
करी गई थी। 2 फेर मन्नै एक शक्तिशाली सुर्गदूत ताहीं देख्या, जो जोर तै
बोलण लागरया था, के इस किताब कै खोल्लण अर उसकी मोंहर तोड़ण कै
जोग्गा कौण सै? 3 पर ना सुर्ग म्ह, ना धरती पै, ना धरती कै तळै कोए उस
किताब नै खोल्लण या उस ताहीं पढ़ण लायक कोए कोनी लिकड़या। 4 अर
मै फूट-फूटकै रोण लाग्या, क्यूँके उस किताब ताहीं खोल्लण, या उस ताहीं
पढ़ण लायक कोए न्ही मिल्या। 5 फेर उन बुजुर्गां म्ह तै एक नै मेरै तै कह्या,
मतना रोवै, लखा, यहूदा कै गोत्र का वो शेर, जो दाऊद का मूल सै, उस
किताब नै खोल्लण अर उसकी सात्तु मोंहर तोड़ण कै खात्तर जयवन्त होया
सै। 6 फेर मन्नै उस सिंहासन अर च्यारु प्राणियाँ अर उन बुजुर्गां कै बिच्चाळै,
मान्नो एक मारया होड़ मेम्ना खड्या देख्या जो पैहले मर ग्या था, पर इब वो
जिन्दा होग्या सै, उसकै सात सींग अर सात आँख थी, ये परमेसवर की सात्तु
आत्मा सै, जो साब्ती धरती पै भेज्जी गई सै। 7 उसनै आकै उसकै सोळे
हाथ तै जो सिंहासन पै बेठ्या था, वा किताब ले ली, 8 अर जिब उसनै
किताब ले ली, तो वे च्यारु प्राणी अर सब चौबीस बुजुर्ग उस मेम्ने कै स्याम्ही
झुकगे, अर हरेक हाथ म्ह वीणा अर धूप तै भरे होड़ सोन्ने के कटोरे थे, ये तो
पवित्र माणसां की प्रार्थना सै। 9 अर वे यो नया गीत गाण लाग्गे, के तू इस

किताब कै लेण, अर उसकी मोहरां नै खोल्लण जोग्गा सै, क्यूँके तन्नै मरकै
अपणे लहू तै हरेक कुल, अर भाषा, अर माणस, अर जात म्ह तै परमेसवर
कै खात्तर माणसां ताहीं मोल लिया सै। 10 अर उन ताहीं म्हारै परमेसवर कै
खात्तर एक राज्य अर याजक बणाया, ताके वो परमेसवर की सेवा करै, अर
वे धरती पै राज्य करै सै। 11 अर जिब मन्नै देख्या, तो उस सिंहासन अर उन
प्राणियाँ अर उन बुजुर्गां कै चौगरदेकै अनगिणत सुर्गदूत्तां का बोल सुण्या,
जिनकी गिणती लाक्खां अर करोड़ां की थी। 12 अर वे ऊँच्ची आवाज म्ह
गाण लागरे थे, के मारया होया मेम्ना ए सामर्थ, धन, ज्ञान, ताकत, आदर,
महिमा, अर धन्यवाद कै लायक सै। 13 फेर मन्नै सुर्ग म्ह, धरती पै, अर
धरती कै तळै, अर समुन्दर की सारी बणाई होड़ चिज्जां नै, अर सारा किमे,
जो उन म्ह सै, उन ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या, के "जो सिंहासन पै बेठ्या सै,
उसका, अर मेम्ने का धन्यवाद हो, मेम्ना ए सामर्थ, धन, ज्ञान, ताकत, आदर,
महिमा के लायक सै, अर उसका राज्य, युगानुयुग रहवै।" **(aiōn g165)** 14
अर च्यारु प्राणियाँ नै आमीन कह्या, अर बुजुर्गां नै झुककै प्रणाम करया।

**6** फेर मन्नै देख्या, के मेम्ने नै उन सात्तु मोहरां म्ह तै एक ताहीं खोल्या,
अर उन च्यारु प्राणियाँ म्ह तै एक का गरजण जिसा शब्द सुण्या, के आ
जाओ। 2 अर मन्नै निगांह करी, अर देक्खो, मन्नै एक धोळा घोड़ा दिख्या,
अर उसका सवार धनुष लिए होड़ सै, अर उस ताहीं एक ताज पिहराया गया,
अर वो सुर्ग तै चाल्या अर धरती पै लिकड़ा, जो पैहले तै ए जीत चुका सै, अर
फेर तै वो जीत जावैगा। 3 अर जिब मेम्ने नै दुसरी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै
दुसरे प्राणी ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या, के आ। 4 फेर एकदम तै एक और घोड़ा
लिकड़या, जो लाल रंग का था, उसकै सवार ताहीं यो हक दिया गया, के
धरती पै तै मेळ-मिलाप ठा ले, ताके माणस एक-दुसरे नै मारै, अर उस ताहीं
एक बड्डी तलवार दी गई थी। 5 अर जिब उसनै तीसरी मोंहर खोल्ली, तो
मन्नै तीसरे प्राणी ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या, के "आ" अर मन्नै निगांह करी,
अर देक्खो, मन्नै एक काळे घोड़े ताहीं लिकड़दे देख्या, अर उसकै सवार कै
हाथ म्ह एक ताखड़ी सै। 6 अर मन्नै उन च्यारु प्राणियाँ कै बिचाळै तै एक
शब्द न्यू कहन्दे सुण्या, के एक दीनार एक दिन की मजदूरी भोत सै, एक
किलो गेहूँ, या तीन किलो जौ लेण खात्तर, पर तेल अर अंगूर के रस की

किम्मत ना बदलिये। 7 अर जिब मेम्ने नै चौथी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै चौथे
प्राणी का बोल न्यू कहन्दे सुण्या, के आ। 8 अर मन्नै निगांह करी, अर
देक्खो, एक पीळा-सा घोड़ा सै, अर उसकै सवार का नाम मौत सै: अर
अधोलोक उसकै पाच्छै-पाच्छै आण लागरया था, अर उन ताहीं धरती पै
रहण आळे चार माणस (या एक चौथाई माणसां) म्ह तै एक-एक ताहीं
मारण का हक मिल्या, उननै तलवार, भूख, बीमारी, अर धरती के जंगली-
जानवरां कै जरिये माणसां ताहीं मार दिया। (Hadēs g86) 9 अर जिब मेम्ने नै
पाँचवी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै वेदी कै तळै उनके प्राणां ताहीं देख्या, जो
परमेसवर कै वचन कै कारण, अर उसपै बिश्वास करण के कारण मारे गये
थे। 10 अर उसनै जोर तै रुक्का मारकै परमेसवर तै कह्या, हे माल्लिक, हे
पवित्र, अर सच्चे प्रभु, तू इतनी बाट क्यूँ देखण लागरया सै, उन बुरे माणसां
ताहीं दण्ड देण खात्तर, जो इस धरती पै रहण लागरे सै? हम तेरे तै बिनती
करां सां, के तू उन माणसां तै बदला ले, जिननै म्हारे ताहीं जान तै मार दिया
सै। 11 अर उन म्ह तै हरेक ताहीं धोळे लत्ते देकै, परमेसवर नै उनतै कह्या, के
और थोड़ी-देर ताहीं आराम करो, जिब ताहीं के थारे संगी दास, अर बिश्वासी
भाई, जो थारी तरियां मरण आळे सै, उनकी भी गिणती पूरी ना हो लेवै। 12
जिब मेम्ने नै छटी मोंहर खोल्ली, तो मन्नै देख्या, के एक बड्ड़ा हाल्लण
होया, अर सूरज का रंग मोट्टे काळे काम्बळ की ढाळ काळा पड़ग्या, अर पूरा
चाँद लहू जिसा लाल होग्या। 13 अर अकास के तारे धरती पै इस ढाळ पड़गे
जिस तरियां आँधी तै हालकै अंजीर कै दरखत म्ह तै काच्चे फळ झड़ैं सै।
14 आसमान पाटग्या अर एक किताब की ढाळ सुकड ग्या था, अर हरेक
पहाड़, अर टापू, अपणी-अपणी जगहां तै हटगे। 15 अर इसका नतिज्जां यो
होया के, धरती के राजा, प्रधान, सरदार, साहूकार, अर सामर्थी माणस,
हरेक गुलाम, अर हरेक आजाद माणस, पहाड़ां की खोह म्ह, अर चट्टानां म्ह
जा लुह्के। 16 अर पहाड़ां, अर चट्टानां तै कहण लाग्गे, के “म्हारे ताहीं
लह्को ल्यो, अर म्हारै ताहीं उसकै मुँह तै जो सिंहासन पै बेठ्या सै, अर मेम्ने
कै प्रकोप तै लह्को ल्यो। 17 क्यूँकि उनकै प्रकोप के भयानक दिन जिब
परमेसवर अर मेम्ना उन सारया का न्याय करैगा तो कोए भी उननै दण्ड तै
बचा न्ही पावैगा।”

**7** उसकै पाच्छै मन्नै दुनिया कै च्यारु कुणयां पै चार सुर्गदूत खड़े देक्खे, उन
सुर्गदूत्तां नै परमेसवर तै यो हक मिल्या था, के वे दुनिया के माणसां ताहीं
मरी तै मारै, चाहे वे धरती पै हो या समुन्दर पै हो, उननै हवा ताहीं धरती के
च्यारु कुणयां पै तै रोक राख्या था, ताके हवा धरती, समुन्दर, या किसी
भी जंगल तै ना गुजरे, 2 अर मन्नै एक और सुर्गदूत ताहीं पूरब दिशा की
ओड़ आन्दे देख्या, उसके हाथ म्ह परमेसवर की ओड़ तै एक मोंहर थी, जो
युगानुयुग जिन्दा सै, उस सुर्गदूत नै ऊँच्ची आवाज म्ह दुसरे चार सुर्गदूत्तां तै
यो कह्या। 3 जिब ताहीं हम अपणे परमेसवर के दास्सां कै माथ्थै पै मोंहर
न्ही ला देवां, जद ताहीं धरती अर समुन्दर अर दरख्तां ताहीं नुकसान ना
पोहोचाईयो। 4 अर जिब सुर्गदूत्तां नै मोंहर लगा ली, तो किसे नै मेरे ताहीं
बताया के एक लाख चवाळीस हजार पै मोंहर लगा दी गई सै, ये सारे लोग
इस्राएल के बारहां गोत्र म्ह तै सै। 5 यहूदा के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै
मोंहर दी गई, रूबेन के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, गाद के गोत्र म्ह तै बारहा
हजार पै। 6 अशेर के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, नप्ताली के गोत्र म्ह तै
बारहा हजार पै, मनश्शिह के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै। 7 शमौन के गोत्र
म्ह तै बारहा हजार पै, लेवी के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, इस्साकार के गोत्र
म्ह तै बारहा हजार पै। 8 जबूलून के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै, यूसुफ के
गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै अर बिन्यामीन के गोत्र म्ह तै बारहा हजार पै मोंहर
दी गई। 9 इसकै पाच्छै मन्नै निगांह करी, अर देक्खो, हरेक जात, अर कुल,
अर माणस अर भाषा म्ह तै एक इसी बड्डी भीड़, जिस ताहीं कोए गिण न्ही
सकै था धोळें लत्ते पैहरे, अर अपणे हाथ्थां म्ह खजूर की डाळी लिए होए
सिंहासन कै स्याम्ही अर मेम्ने कै स्याम्ही खड़ी सै। 10 अर जोर तै रुक्का
मारकै कहवै सै, के उद्धार म्हारे परमेसवर जो सिंहासन पै विराजमान सै, अर
मेम्ने की ओड़ तै आवै सै। 11 अर सारे सुर्गदूत, उस सिंहासन, बुजुर्गां अर
च्यारु प्राणियाँ कै चौगरदेकै खड़े सै, फेर वे सिंहासन कै स्याम्ही मुँह कै बळ
पड़गे, अर परमेसवर ताहीं प्रणाम करकै कह्या, म्हारै परमेसवर की बड़ाई,
12 महिमा, ज्ञान, धन्यवाद, आदर, सामर्थ, अर ताकत युगानुयुग बणी रहवै।
आमीन। (aiōn g165) 13 इसपै बुजुर्गां म्ह तै एक नै मेरै तै कह्या, के तू जाणै
सै, के या धोळी पोशाक पैहरे होए कौण सै? अर कित्त तै आये सै? 14 मन्नै

उसतै कह्या, "हे माल्लिक, तन्नै ए बेरा सै।" उसनै मेरै तै कह्या, "ये वे सै,
जो उस बड़े क्लेश म्ह तै लिकड़कै आये सै, इन्नै अपणे-अपणे लत्ते मेम्ने कै
लहू म्ह धोकै धोळे करे सै।" 15 इस्से कारण वे परमेसवर कै सिंहासन कै
स्याम्ही खड़े सै, अर परमेसवर कै घर म्ह दिन-रात उसकी सेवा करै सै, अर
जो सिंहासन पै बेठ्या सै, वो उन म्ह रहवैगा अर उन ताहीं बचावैगा। 16 वे
इब ना तो कदे भूक्खे होवैंगें अर ना तिसाए, अर ना तो सूरज की गर्मी उन
ताहीं झुलसावैगी अर ना कोए दुसरी गर्मी। 17 क्यूँके जो मेम्ना सिंहासन कै
बिचाळै सै वो उनकी रुखाळी करैगा, अर उन ताहीं जीवन रूपी पाणी के
चोवै कै धोरै ले जाया करैगा, अर परमेसवर उनकी आँखां तै सारे आँसू पुंज
देवैगा।

**8** अर जिब मेम्ने नै सातमी मोंहर खोल्ली, तो सुर्ग म्ह आध्धे घंटे ताहीं
सन्नाटा छा गया। 2 अर मन्नै उन सात्तु सुर्गदूत्तां ताहीं जो परमेसवर कै
स्याम्ही खड़े रहवैं सै, देख्या, अर उन ताहीं सात तुरही दी गई। 3 फेर एक
और सुर्गदूत सोन्ने का धूपदान लिए होड़ आया, अर वेदी कै लोवै खड्या
होया, अर उस ताहीं भोत सारी धूप दी गई, ताके वो उस ताहीं सारे पवित्र
माणसां की प्रार्थना कै साथ उस सोन्ने की वेदी पै भेट चढ़ावै जो सिंहासन कै
स्याम्ही सै। 4 अर सुर्गदूत्तां के हाथ म्ह लिये होए उस धूपदान का धुम्मा,
पवित्र माणसां की प्रार्थना के साथ परमेसवर कै धोरै उप्पर पोहच ग्या। 5
अर सुर्गदूत नै धूपदान लेकै उस म्ह वेदी की आग भरी, अर उस ताहीं धरती
पै गेर दी, अर गरजण गड़गड़ाहट, बिजळी चमकी अर हाल्लण होण लाग्या।
6 फेर वे सात्तु सुर्गदूत जिनकै धोरै सात तुरही थी, उन ताहीं फुक्कण खात्तर
त्यार होए। 7 पैहले सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, अर लहू तै मिले होड़ ओळे अर
आग पैदा होई, अर धरती पै गेरी गई, अर धरती का एक तिहाई हिस्सा
जळग्या, अर दरख्तां का तीसरा हिस्सा जळग्या, अर सारी हरी घास भी
जळगी। 8 जिब दुसरे सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, तो मान्नो आग जिसा जळदा
होया एक बड्ड़ा पहाड़ समुन्दर म्ह गेरया गया, अर समुन्दर का एक तिहाई
हिस्सा लहू म्ह होग्या। 9 अर समुन्दर की एक तिहाई बणाई होड़ चीज जो
जिन्दी थी मरगी, अर जहाज के तीसरे हिस्से का नाश होग्या। 10 अर तीसरे
सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, अर एक बड्ड़ा तारा जो मशाल की ढाळ जळै था,

सुर्ग तै टूट्या, अर नदियाँ कै तीसरे हिस्से पै, अर पाणी के चोवां पै आण
पड्या। 11 उस तारे का नाम नागदौना सै, अर एक तिहाई हिस्से का पाणी
नागदौना बरगा कड़वा होग्या, अर घणखरे माणस उस पाणी कै कड़वे हो
जाण तै मरगे। 12 अर चौथे सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, अर सूरज का एक
तिहाई हिस्सा, अर चाँद का एक तिहाई हिस्सा अर तारां कै एक तिहाई हिस्से
पै आफ्फत आई, ताके उनका एक तिहाई हिस्सा अन्धेरै म्ह डूब जावै, अर
दिन कै एक तिहाई हिस्से म्ह चाँदणा न्ही रहया, अर उस्से तरियां एक तिहाई
रात भी बिना चाँदणे की हो गई। 13 जिब मन्नै फेर देख्या, तो अकास कै
बिचाळै एक उकाब ताहीं उड़दे अर ऊँच्चे शब्द तै न्यू कहन्दे सुण्या, "उन तीन
सुर्गदूत्तां की तुरही के शब्दां कै कारण, जिनका फूंकणा इब्बे बाक्की सै,
धरती के बासिन्दयां पै धिक्कार सै, धिक्कार, धिक्कार।"

9 जिब पाँचमै सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, तो मन्नै सुर्ग तै धरती पै एक तारा
पड़दा होड़ देख्या, अर उस तारे ताहीं घणे अथाह कुण्ड की ताळी दी गई।
(Abyssos g12) 2 अर उसनै घणे अथाह कुण्ड ताहीं खोल्या, अर कुण्ड म्ह तै
बड्डी भट्ठी जिसा धुम्मा उठ्या, अर कुण्ड कै धुम्मै तै सूरज अर आसमान म्ह
अन्धेरा छाग्या। (Abyssos g12) 3 अर उस धुम्मै म्ह भोत सारी टिड्डी लिकड़ी
अर वे सारी धरती पै फैलगी, अर उन ताहीं बिच्छुआ की तरियां माणसां कै
लड़ण की शक्ति दी गई। 4 अर उनतै कह्या गया, के ना धरती की घास ताहीं,
ना किसे हरियाली ताहीं, ना किसे दरखत ताहीं नुकसान पोहोचाओ, सिर्फ
उन माणसां ताहीं नुकसान पोहोचाओ, जिनकै माथ्थै पै परमेसवर की मोंहर
कोनी। 5 अर उनकी जान लेण का तो न्ही, पर पाँच महिन्ना तक माणसां
ताहीं दर्द देण का हक दिया गया, अर उनका दर्द इसा था, जिसा बिच्छु कै
डंक मारण तै माणस का होवै सै। 6 उन पाँच महिन्ना म्ह माणस मरण के
तरिक्कें टोहवैंगें, वे मरणा तो चाहवैंगे, पर वे मर न्ही पावैंगें। 7 अर उन
टिड्डियाँ के आकार लड़ाई कै खात्तर त्यार करे होए घोड्या कै जिसे थे, अर
उनके सिरां पै मान्नो सोन्ने के ताज थे, अर उनके मुँह माणसां बरगे थे। 8
अर उनके बाळ लुगाईयाँ कै जिसे, अर दाँत शेरां कै जिसे थे। 9 अर उनका
शरीर मान्नो लोहे के कवच तै ढक्या होया था, अर उनके पंखां का शब्द इसा
था जिसा रथां अर भोत-से घोड्या का जो लड़ाई म्ह भाज्जै सै। 10 अर

उनकी पूछ अर डंक बिच्छुआ के समान थी, अर उन ताहीं पाँच महिन्ना
तक माणसां नै दुख पोहोचाण की जो सामर्थ थी, वा उनकी पुन्झड़ां म्ह
थी। 11 घणे अथाह कुण्ड का दूत उनपै राजा था, उसका नाम इब्रानी म्ह
अबद्दोन, अर यूनानी म्ह अपुल्लयोन सै। (Abyssos g12) 12 पाँच महिन्ना
बाद वा बिप्दा खतम हो जावैगी, लखाओ इब इनकै पाच्छै दो बिप्दा और
आण आळी सै। 13 अर जिब छटमै सुर्गदूत नै तुरही फूक्की तो जो सोन्ने की
वेदी परमेसवर कै स्याम्ही सै उसके सीन्गां म्ह तै मन्नै इसा शब्द सुण्या।
14 मान्नो कोए छटमै सुर्गदूत तै जिसकै धोरै तुरही थी कहण लागरया सै,
के "उन चार सुर्गदूत्तां नै जो बड्डी नदी फरात कै धोरै बन्धे होड़ सै, खोल
दे।" 15 अर वे च्यारु सुर्गदूत जो उस घड़ी, दिन, महिन्ने, या साल कै खात्तर
एक तिहाई माणसां नै मारण खात्तर छोड़ दिए गये थे। 16 उननै भोत बड़े
घुड़सवारां की पलटन ताहीं कठ्ठा करया जिनकी गिणती बीस करोड़ सै। 17
अर मन्नै अपणे दर्शन म्ह घोड़े अर उसके इसे सवार दिक्खे, उनकै धोरै
कवच था जो लाल, गहरा नीला अर गन्धक की तरियां पीळा था, अर उन
घोड्या के सिर शेर कै सिर बरगे थे, अर उनके मुँह तै आग, अर धुम्मा, अर
गन्धक लिकड़ै थी। 18 इन तीन्नु महामारियाँ तै, यानिके आग, अर धुम्मा,
अर गन्धक तै जो उसके मुँह तै लिकड़ै थी, एक तिहाई माणस मारे गये। 19
क्यूँके उन घोड्या की ताकत उनकै मुँह, अर उनकी पुन्झड़ां म्ह थी, ज्यांतै के
उनकी पुन्झड़ साँपां जिसी थी, अर उन पुन्झड़ां के सिर भी थे, अर इन्हे तै वे
दर्द देवैं थे। 20 अर बाकी माणस जो उन महामारियाँ तै न्ही मरे थे, उननै
अपणे बुरे काम करणे न्ही छोड्डे, जो के ये थे भुंडी ओपरी आत्मायाँ की, अर
सोन्ने, चान्दी, पीत्तळ, पत्थर, अर काठ की मूर्तियाँ की पूजा करणा, जो ना
देख, ना सुण, ना चाल सकै सै। 21 अर ना ए उननै खून करणा, जादू-टोणा,
जारी, अर चोरी करणा छोड्या।

**10** फेर मन्नै एक और शक्तिशाली सुर्गदूत ताहीं सुर्ग तै उतरदे देख्या,
जिसनै बाद्दळां ताहीं लत्यां के समान धारण करया होया था, उसकै सिर पै
मेघ-धनुष था, अर उसका मुँह सूरज जिसा अर उसके पाँ आग कै खम्भे बरगे
थे। 2 उसनै अपणा सोळा पाँ समुन्दर पै, अर ओळा पाँ धरती पै धरया, अर
उसके हाथ म्ह एक छोट्टी सी खुली होड़ किताब थी, । 3 अर इतनी जोर तै

चिल्लाया, जिस ढाळ शेर गरजै सै, अर जिब वो चिल्लावै था तो गरजण के
सात शब्द सुणाई दिए, जिननै मै समझ न्ही पाया। **4** अर जिब सात्तु गरजण
के शब्द सुणाई दे लिए, तो मै लिखण पै था, अर मन्नै सुर्ग तै यो शब्द सुण्या,
के जो बात गरजण के उन सात शब्दां तै सुणी सै, उननै ल्हकोए राख, अर
लिखै ना। **5** अर जिस सुर्गदूत ताहीं मन्नै समुन्दर अर धरती पै खड़े होड़
देख्या था, उसनै अपणा सोळा हाथ कसम खाण खात्तर सुर्ग कै कान्ही
ठाया। **6** अर जो युगानुयुग जिन्दा रहवैगा, अर जिसनै सुर्ग अर उस म्ह बसी
होई चिज्जां ताहीं, अर धरती अर उस म्ह बसी होई चिज्जां ताहीं, अर समुन्दर
उस म्ह बसी होई चिज्जां ताहीं बणाया सै, उस्से की कसम खाकै बोल्या,
"इब तो और वार न्ही होगी।" **(aiōn g165)** **7** जिब सातमै सुर्गदूत का तुरही
फूंक्कण का बखत होगा, तो परमेसवर की योजना पूरी हो जावैगी, जिस
ताहीं उसनै अपणे नबियाँ ताहीं बताया, जो उसकी सेवा करै सै, पर वो
योजना दुसरे माणसां पै जाहिर कोनी करी थी। **8** अर जिस शब्द करण आळे
ताहीं मन्नै सुर्ग तै बोलदे सुण्या था, वो फेर मेरै गेल्या बात करण लाग्या, के
जा, जो सुर्गदूत समुन्दर अर धरती पै खड्या सै, उसकै हाथ म्ह की खुली होड़
किताब ले ले। **9** अर मन्नै सुर्गदूत कै धोरै जाकै कह्या, "या छोट्टी किताब
मन्नै दे, अर उसनै मेरै तै कह्या, 'ले इसनै खा ले,' या तेरे मुँह म्ह शहद जिसी
मिठ्ठी लाग्गैगी, पर या तेरा पेट कड़वा कर देगी।" **10** ज्यांतै मै वा छोट्टी
किताब उस सुर्गदूत कै हाथ म्ह तै लेकै खाग्या, वा मेरै मुँह म्ह शहद जिसी
मिठ्ठी तो लाग्गी, पर जिब मै उसनै खाग्या, तो मेरा पेट कड़वा होग्या। **11** फेर
मेरै तै न्यू कह्या गया, "तन्नै घणेए माणसां, जात्तां, भाषा अर राजयां के बारें
म्ह फेर तै भविष्यवाणी करणी होगी।"

**11** फेर मेरै ताहीं नाप्पण कै खात्तर एक सरकण्डा दिया, जो नाप्पण के
यन्त्र जिसा था, अर किसे नै मेरे तै कह्या, "उठ, परमेसवर के मन्दर अर वेदी
ताहीं नाप ले, अर उस म्ह आराधना करण आळा की गिणती करले। **2** अर
मन्दर कै बाहर का आँगण छोड़दे, उसनै मतना नाप, क्यूँके वो गैर यहूदियाँ
ताहीं दिया गया सै, अर वे पवित्र नगर नै बियाळीस महिन्ने ताहीं रौंदैगी। **3**
अर मै अपणे दो गवाहां ताहीं यो हक देऊँगा, के टाट ओढ़ होए एक हजार दो
सौ साठ दिन ताहीं भविष्यवाणी करै।" **4** ये वैए जैतून के दो दरखत अर दो

दीवट की तरियां सै, जो धरती कै प्रभु कै स्याम्ही खड़े रहवैं सै। 5 अर जै
कोए उननै नुकसान पोहचावै सै, तो उनकै मुँह तै आग लिकड़कै उनके बैरियाँ
ताहीं भस्म करै सै, अर जै कोए उन ताहीं नुकसान पोहोचाणा चाहवैगा, तो
जरुर इस्से ढाळ मारया जावैगा। 6 परमेसवर नै उन ताहीं हक दिया सै, के
उनकी भविष्यवाणी के दिनां म्ह अकास तै मिह न्ही बरसै, अर उननै यो भी
हक सै, के जिब-जिब वे चाहवैं जद-जद वे पाणी नै लहू म्ह बदल दे, अर
धरती पै हरेक ढाळ की बिप्दा ल्यावै। 7 अर जिब वे अपणी गवाही दे लेवैगें,
तो वो पशु जो घणे अथाह कुण्ड म्ह तै लिकड़ैगा, उनतै लड़कै उन ताहीं
जित्तैगा अर मार देवैगा। (Abyssos g12) 8 अर उनकी लाश उस बड़े नगर कै
चौक म्ह पड़ी रहवैंगीं, जित्त उनका प्रभु भी क्रूस पै चढ़ाया गया था, जो
आत्मिक तौर तै सदोम अर मिस्र देश कुह्यावै सै। 9 अर सारे माणस, सारे
कुल, सारी भाषा, अर सारी जात्तां के लोग उनकी लाश साढ़े तीन दिन ताहीं
देखदे रहवैंगें, अर उनकी लाश कब्र म्ह धरण न्ही देवैगें। 10 अर धरती के
बासिन्दे, उनके मरण तै राज्जी अर मग्न होवैंगें, अर एक-दुसरे कै धोरै तोप्फे
भेज्जैगें, क्यूँके इन दोनु नबियाँ नै धरती के बासिन्दयां ताहीं भोत सताया था
11 अर साढ़े तीन दिन कै पाच्छै परमेसवर कै कान्ही तै जीवन का साँस उन
म्ह आ ग्या, अर वे अपणे पायां कै बळ खड़े होग्ये, अर उनके देखण आळे
डरगे। 12 अर उननै सुर्ग तै एक बड्ड़ा बोल सुणाई दिया, के उरै ऊपरान
आओ, न्यू सुण वे बाद्दळां पै सवार होकै अपणे बैरियाँ के देखदे-देखदे सुर्ग पै
चढ़गे। 13 फेर उस्से बखत एक बड्ड़ा भूकम्प यरुशलेम नगर म्ह होया, अर
नगर का दसमां हिस्सा पड़ग्या, अर उस भूकम्प तै सात हजार माणस मरगे
अर बाक्की बचे होड़ माणस डरगे, अर सुर्ग के परमेसवर की महिमा करी।
14 दुसरी बिप्दा बीत ली, देक्खो, तीसरी बिप्दा तावळी आण आळी सै। 15
अर जिब सातमै सुर्गदूत नै तुरही फूक्की, तो सुर्ग म्ह इस बारै म्ह बड़े-बड़े
शब्द होण लाग्गे, के "दुनिया का राज्य म्हारै प्रभु का, अर उसके मसीह का
होग्या सै, अर वो युगानुयुग राज्य करैगा।" (aiōn g165) 16 अर सब चौबीस
बुजुर्ग जो परमेसवर कै स्याम्ही अपणे-अपणे सिंहासन पै बेठ्ठे थे, मुँह कै बळ
मोध्धे पड़कै परमेसवर की आराधना करैंगें। 17 न्यू कहण लाग्गे, "के हे
सर्वशक्तिमान प्रभु परमेसवर, जो सै, अर जो था, हम तेरा धन्यवाद करा सां,

के तन्नै अपणी बड्डी सामर्थ के काम तै धरती पै राज करणा शरु करया। 18
अर दुसरी जात्तां कै छो उठ्या, अर तेरा प्रकोप आण पड्या अर वो बखत
आण पोंहच्या सै, के मरे होया का न्याय करया जावै, अर तेरे दास नबियाँ
अर पवित्र माणसां ताहीं अर उन छोट्टे-बड़ा ताहीं जो तेरे नाम तै डरै सै, वो
तेरी महिमा करै, अर धरती पै जो माणस दुसरे माणसां नै बिगाड़ै सै, उन
ताहीं नाश करा जावै।” 19 फेर परमेसवर का जो मन्दर सुर्ग म्ह सै वो खोल्या
गया, अर उसकै मन्दर म्ह उसका करार का सन्दूक दिख्या, बिजळियाँ, शब्द,
गरजण अर भूकम्प होए अर बड़े ओळे पड़े।

**12** फेर इन बात्तां कै बाद सुर्ग पै एक बड्ड़ा निशान दिख्या, यानिके एक
जनानी जो सूरज नै ओढ़े होड़ थी, अर चाँद उसकै पायां कै तळै था, अर
उसकै सिर पै बारहा तारां का ताज था। 2 अर वा गर्भवती थी, अर किल्की
मारै थी, क्यूँके जाप्पै का दर्द उसकै होण लाग्या था, अर वा बाळक जाम्मण
कै दर्द म्ह थी। 3 अर एक और निशान सुर्ग पै दिख्या, अर देक्खो, एक भोत
बड्ड़ा लाल अजगर था जिसकै सात सिर अर दस सींग थे, अर उसकै सिरां
पै सात राजमुकुट थे। 4 अर उसकी पुन्झड़ नै अकास के एक तिहाई हिस्से
के तारे खिंचकै धरती पै गेर दिए, अर वो अजगर उस जनानी के स्याम्ही जो
जच्चा थी, खड्या होया, के जिब वा बाळक जणै तो उसकै बाळक नै निगळ
जावै। 5 अर उसकै छोरा होया जो लोहे का राजदंड लिए होड़, सारी जात्तां पै
राज करण पै था, अर उसका बाळक चाणचक परमेसवर कै धोरै, अर उसकै
सिंहासन कै धोरै ठा कै पोहोचा दिया गया। 6 अर वा जनानी उस बण म्ह
भाजगी, जित्त परमेसवर की ओड़ तै उसकै खात्तर एक जगहां त्यार करी गई
थी, ताके ओड़ै एक हजार दो सौ साठ दिन ताहीं उसकी देखभाळ अर उसका
पालन-पोषण करया जावै। 7 फेर सुर्ग पै लड़ाई होई, मीकाईल अर उसके
सुर्गदूत अजगर तै लड़ण नै लिकड़े, अर अजगर अर उसके दूत उसतै लड़े। 8
पर अजगर हार ग्या अर सुर्ग तै लिकाड़ दिया गया, अर सुर्ग म्ह उनकै खात्तर
फेर जगहां कोनी रही। 9 अर वो बड़ा अजगर यानिके वोए पुराणा साँप, जो
इब्लीस अर शैतान कुह्वावै सै, अर साब्ती दुनिया नै भकाण आळा सै, धरती
पै गेर दिया गया, अर उसके दूत उसकै गैल गेर दिए गए। 10 फेर मन्नै सुर्ग पै
तै यो बड्ड़ा शब्द आन्दे होड़ सुण्या, के इब म्हारा परमेसवर माणसां ताहीं

बचा लेवैगा, अर वो अपणी शक्ति का इस्तमाल करैगा, अर राजा की तरियां
राज करैगा, इब उसका मसीह दुनिया पै अपणा हक जतावैगा, क्यूँके शैतान
परमेसवर की हजुरी म्ह खड़ा होकै, जो दिन रात उसके दास्सां पै दोष लाया
करै था, वो सुर्ग तै गिरा दिया गया सै। 11 म्हारे बिश्वासियाँ नै शैतान ताहीं
हराया सै, अर वे मेम्ने कै लहू कै कारण, अर अपणी गवाही कै वचन कै
कारण, उसपै जीत्ते, अर उननै अपणे जी ताहीं प्यारा न्ही जाण्या, उरै ताहीं
के मौत भी सहण कर ली। 12 ज्यांतै, हे सुर्ग, अर उस म्ह रहण आळो
आनन्दित होओ, अर हे धरती, अर समुन्दर म्ह रहण आळो, थारे पै धिक्कार
सै! क्यूँके शैतान घणे छो कै गेल्या थारे धोरै उतर आया सै, क्यूँके वो जाणै
सै, के उसका थोड़ा-ए बखत और बच रया सै। 13 अर जिब अजगर नै
देख्या, के मै धरती पै गेर दिया गया सूं, तो उस जनानी ताहीं जिन नै बेट्टा पैदा
करया था, उसका पिच्छा करया। 14 अर उस जनानी ताहीं बड़े उकाब के दो
पंख दिए गये, के अजगर कै स्याम्ही तै उड़ कै बण म्ह उस जगहां पोहच
जावै, जित्त उसकी एक बखत, अर समयों, अर आध्धे बखत ताहीं देख-रेख
करी जावै। 15 अर अजगर नै उस जनानी कै पाच्छै अपणे मुँह तै नदी की
तरियां पाणी बहाया, के उसनै नदी तै बहा दे। 16 पर धरती नै उस जनानी की
मदद करी, अर अपणा मुँह खोल कै उस नदी ताहीं जो अजगर नै अपणे मुँह
तै बहाई थी, पी लिया। 17 फेर अजगर नै जनानी पै गुस्सा करया, अर उसके
वंशजां ताहीं, जो परमेसवर के हुकम नै मान्नै सै, अर यीशु की गवाही देण पै
अटल सै, उनतै लड़ण नै गया।

**13** अर वो समुन्दर कै बालू पै जा खड्या होया। अर मन्नै एक पशु ताहीं
समुन्दर म्ह तै लिकड़दे होड़ देख्या, जिसके दस सींग अर सात सिर थे, उसके
सीन्गां पै दस राजमुकुट अर उसके सिरां पै परमेसवर की बुराई के नाम
लिक्खे होड़ थे। 2 अर जो पशु मन्नै देख्या, वो चित्तै बरगा था, अर उसके पाँ
भाल्लू जिसे, अर मुँह शेर कै बरगा था, अर उस अजगर नै अपणी सामर्थ,
अर अपणा सिंहासन, अर बड्ड़ा हक, उस ताहीं दे दिया। 3 अर मन्नै उसके
सिरां म्ह तै एक पै इसा जानलेवा घाव लाग्या होड़ देख्या, मान्नो वो मरण पै
सै, फेर उसका जानलेवा घाव ठीक होग्या, अर साब्ती धरती के माणस हैरान
होगे अर उस पशु के भगत बण जावैंगे। 4 अर उननै अजगर की पूजा करी,

क्यूँके उसनै पशु ताहीं अपणा हक दे दिया था, अर न्यू कहकै पशु की भी
पूजा करी, के इस पशु कै बरगा कौण सै? कौण उसतै लड़ सकै सै? 5 उस
ताहीं डींग मारण अर परमेसवर की बुराई करण का हक अर बियाळीस
महिन्ने ताहीं राज करण की इजाजत दी गई। 6 पशु नै, परमेसवर अर उसकै
नाम, उसके रहण की जगहां यानी सुर्ग अर उन सब की, जो सुर्ग म्ह रहवै सै,
उनकी बुराई करणा शरु कर दिया। 7 अर उस ताहीं न्यू हक दिया गया, के
पवित्र माणसां तै लड़ै, अर उनपै जीत पावै, अर उस ताहीं हरेक कुल, अर
माणस, अर भाषा, अर जात पै हक दिया गया। 8 अर धरती पै रहण आळे वे
सारे उस पशु की पूजा करैगें। मतलब जिनका दुनिया की शरुआत के बाद के
वे सारे माणस जिनके नाम उस मेम्ने की जीवन की किताब म्ह लिक्खे न्ही
गये सै। मेम्ना वोए सै जो मारया गया सै। 9 जिसके कान हों वो ध्यान तै
सुणै। 10 जिस ताहीं कैद म्ह पड़णा सै, वो कैद म्ह पड़ैगा, जो तलवार तै
मारैगा, जरूरी सै के वो तलवार तै मारया जावैगा। पवित्र माणसां का धीरज
दुख ठाण अर उसपै बिश्वास करण म्ह सै। 11 फेर मन्नै एक और पशु ताहीं
धरती म्ह तै लिकड़दे देख्या, उसके मेम्ने की ढाळ दो सींग थे, अर वो अजगर
की ढाळ बोल्लै था। 12 अर यो उस पैहल्ड़े पशु का सारा हक उसकै स्याम्ही
काम म्ह ल्यावै था, अर धरती अर उसके बासिन्दयां तै उस पैहल्ड़े पशु की
जिसका जानलेवा घाव ठीक होग्या था, पूजा करै था। 13 अर वो बड़े-बड़े
निशान दिखावै था, उरै ताहीं के माणसां कै देखते-देखते सुर्ग तै धरती पै आग
बरसा देवै था। 14 अर उन चमत्कारां कै कारण जिन ताहीं उस पशु कै
स्याम्ही दिखाण का हक उस ताहीं दिया था, वो धरती के बासिन्दयां ताहीं
इस तरियां भकावै था, के धरती के बासिन्दयां तै कहवै था, के जिस पशु कै
तलवार लागरी थी, वो जिन्दा होग्या सै, उसकी मूर्ति बणाओ। 15 अर उस
ताहीं उस पशु की मूर्ति म्ह जी घाल्लण का हक दिया गया, के पशु की मूर्ति
बोल्लण लाग्गै, अर जितने माणस उस पशु की मूर्ति की पूजा न्ही करै, उन
ताहीं मरवा देवै। 16 अर उसनै छोट्टे, बड़े, साहूकार, कंगाल, आजाद, गुलाम
सारया कै सोळे हाथ या उनकै माथ्थै पै छाप लगावाण खात्तर उन ताहीं
मजबूर कर दिया। 17 के उस ताहीं छोड़ जिसपै छाप यानिके उस पशु का
नाम, या उसकै नाम का अंक हो, अर कोए लेण-देण न्ही कर सकै। 18 ज्ञान

इस्से म्ह सै: जिस म्ह अकल हो वो इस पशु का अंक जोड़ ले, क्यूँके वो
माणस का अंक सै, अर उसका अंक छ: सौ छियासठ सै।

**14** पर उसकै बाद मन्नै कुछ और भी देख्या, वो मेम्ना सिय्योन पहाड़ पै
खड्या सै, अर उसकै गेल्या एक लाख चवाळीस हजार माणस सै, जिनकै
माथ्थै पै उसका अर उसकै पिता का नाम लिख्या होड़ सै। 2 अर सुर्ग तै मन्नै
एक इसा शब्द सुणाई दिया, जो पाणी की घणी धारा अर बड़े गरजण जिसा
शब्द था, अर जो शब्द मन्नै सुण्या, वो इसा था, मान्नो वीणा बजाण आळे
वीणा बजान्दे हों। 3 अर वे सिंहासन कै स्याम्ही अर च्यारु प्राणियाँ अर
बुजुर्गां कै स्याम्ही मान्नो, एक नया गीत गाण लागरे थे, अर उन एक लाख
चवाळीस हजार माणसां ताहीं छोड़ जो धरती पै तै छुड़ाए गये थे, कोए वो
गीत न्ही सीख सकै था। 4 ये वे सै, जो जनानियाँ कै गेल्या अशुद्ध न्ही होए,
पर कुवांरे सै। ये वैए सै, के जित्त किते मेम्ना जावै सै, वे उसकै पाच्छै हो लेवैं
सै। जिस तरियां लोग अपणी फसल म्ह तै पैहला फळ परमेसवर ताहीं चढ़ावै
सै, उस्से तरियां वो भी परमेसवर अर मेम्ने खात्तर पैहले फळ के रूप म्ह
चढ़ाए गए सै। 5 अर उनके मुँह तै झूठ न्ही लिकड़या था, वे बेकसूर सै। 6
फेर मन्नै एक और सुर्गदूत ताहीं अकास कै बिचाळै उड़दे होड़ देख्या जिसकै
धोरै धरती पै के बासिन्दयां की हरेक जात, अर कुल, अर भाषा, अर माणसां
ताहीं सुणाण कै खात्तर घणा सनातन सुसमाचार था। (aiōnios g166) 7 अर
उसनै ऊँच्ची आवाज म्ह कह्या, "परमेसवर तै डरो, अर उसकी महिमा करो,
क्यूँके उसकै न्याय करण का बखत आण पोंहच्या सै, अर उसकी आराधना
करो, जिसनै सुर्ग अर धरती अर समुन्दर अर पाणी के सोते बणाए।" 8 फेर
इसकै पाच्छै एक और दुसरा सुर्गदूत न्यू कहन्दा होड़ आया, के पड़ग्या, वो
बड्ड़ा बेबीलोन नगर पड़ग्या जिसनै अपणी जारी की कोपमय मदिरा सारी
जात्तां ताहीं पिलाई सै। 9 फेर इनकै पाच्छै एक और सुर्गदूत जोर तै न्यू
कहन्दा होड़ आया, के जो कोए उस पशु अर उसकी मूर्ति की पूजा करै, अर
अपणे माथ्थै या अपणे हाथ पै उसकी छाप ले। 10 तो वो परमेसवर के
प्रकोप की निरी मदिरा जो उसकै खुन्दक कै कटोरे म्ह घाल्ली गई सै, पीवैगा
अर पवित्र सुर्गदूत्तां कै स्याम्ही, अर मेम्ने कै स्याम्ही आग अर गन्धक की
पीड़ा म्ह पड़ैगा। 11 अर उनकी पीड़ा का धुम्मा युगानुयुग उठदा रहवैगा, अर

जो उस पशु अर उसकी मूर्ति की पूजा करै सै, अर जो उसकै नाम की छाप
लेवैं सै, उन ताहीं दिन-रात चैन न्ही मिलैगा। **(aiōn g165)** **12** पवित्र माणसां
का धीरज इस्से म्ह सै, के धीरज तै दुख सहन्दे रहवै अर अन्त ताहीं मजबूत
बणकै परमेसवर के हुकमां नै मान्नै, अर यीशु पै बिश्वास राक्खैं। **13** फेर
मन्नै सुर्ग तै यो शब्द सुण्या, के लिख, जो मुर्दे प्रभु म्ह मरै सै, वे इब तै धन्य
सै, आत्मा कहवै सै, हाँ, क्यूँके वे अपणी मैहनतां तै आराम पावैंगें, अर उनकै
काम उनकै गेल्या हो लेवैगें। **14** अर मन्नै निगांह करी, अर देक्खो, एक
धोळा बाद्दळ सै, अर उस बाद्दळ पै माणस कै बेट्टे बरगा कोए बेठ्या सै,
जिसकै सिर पै सोन्ने का ताज अर हाथ म्ह तेज दराती सै। **15** फेर एक और
सुर्गदूत नै मन्दर म्ह तै लिकड़कै, उसतै जो बाद्दळ पै बेठ्या था, जोर तै रुक्का
मारकै कह्या, "के अपणी दराती ल्याकै लामणी कर, क्यूँके लामणी का
बखत आण पोंहच्या सै, ज्यांतै के धरती की खेत्ती पक ली सै।" **16** इस
करकै जो बाद्दळ पै बेठ्या था, उसनै धरती पै अपणी दराती लाई, अर धरती
की लामणी करी गई। **17** फेर एक और सुर्गदूत उस मन्दर म्ह तै लिकड़या,
जो सुर्ग म्ह सै, अर उसकै धोरै भी तेज दराती थी। **18** फेर एक और सुर्गदूत
जिस ताहीं आग पै हक था, वेदी म्ह तै लिकड़या, अर जिसकै धोरै तेज दराती
थी, उसतै जोर तै बोल्या, "अपणी तेज दराती ल्याकै धरती की दाखलता के
गुच्छे काट ले, क्यूँके उसकी दाख पक ली सै।" **19** अर उस सुर्गदूत नै धरती
पै अपणी दराती लाई, अर धरती की दाखलता का फळ काटकै, अपणे
परमेसवर के प्रकोप के बड़े रस के कुण्ड म्ह घाल दिया। **20** अर नगर कै
बाहरणै उस रसकुण्ड म्ह अंगूर रौंदे गये, अर रसकुण्ड म्ह तै इतणा लहू
लिकड़या के वो नदी म्ह तबदील होग्या, जो के तीन सौ किलो मीटर लम्बी
अर इतनी गहरी थी, के उस म्ह घोड़े भी समा जावै।

**15** फेर इसकै बाद मन्नै सुर्ग म्ह एक और बड्ड़ा अर अदभुत निशान देख्या,
यानिके सात सुर्गदूत जिनकै धोरै सात आखरी बिप्दा थी, क्यूँके उनके खतम
हो जाण पै परमेसवर के प्रकोप का अंत सै। **2** फेर मन्नै इसा लाग्या जणु
मान्नो मै एक काँच के समुन्दर नै देखण लागरया सूं, जिस म्ह आग मिली
होई थी, मन्नै इस समुन्दर के किनारे पै उन माणस ताहीं खड़े देख्या, जिननै
उस बड़े पशु ताहीं हराया था, क्यूँके उननै उसकी मूर्ति की आराधना करण तै

अर उसकै नाम की मोहर लगाण तै भी मना कर दिया था, उन माणसां के
हाथ म्ह परमेसवर के जरिये दी गई वीणा थी। 3 वे परमेसवर के दास मूसा
नबी का गीत, अर मेम्ने का गीत गा-गाकै कहवै थे, “हे सर्वशक्तिमान प्रभु
परमेसवर, तेरे काम महान्, अर अनोक्खे सै, हे युग-युग के राजा, तेरी चाल
सही अर सच्ची सै।” 4 “हे प्रभु, कौण तेरे तै न्ही डरैगा अर तेरे नाम की
महिमा न्ही करैगा? क्यूँके सिर्फ तू ए पवित्र सै। सारी जात आकै तेरे स्याम्ही
मोध्धे पड़कै प्रणाम करैगी, क्यूँके तेरे न्याय के काम दिखगे सै।” 5 जिब
माणसां नै गाणा बन्द कर दिया, तो मन्नै सुर्ग म्ह मन्दर ताहीं खुल्या होया
देख्या, जो के परमेसवर के तम्बू की तरियां था। 6 अर वे सात्तु सुर्गदूत
जिनकै धोरै सात्तु बिप्दा थी, शुद्ध अर चमकदी होई मलमल के लत्ते पहरे
होड़, छात्ती पै सुनहरे परणे बाँधे होड़ मन्दर तै लिकड़े। 7 अर उन च्यारु
प्राणियाँ म्ह तै एक नै उन सात सुर्गदूत्तां ताहीं परमेसवर के, जो युगानुयुग
जीवै सै, प्रकोप तै भरे होड़ सात सोन्ने के कटोरे दिए। **(aiōn g165)** 8 अर
परमेसवर की महिमा अर उसकी सामर्थ कै कारण मन्दर धुम्मै तै भर गया,
अर जिब तक उन सात्तु सुर्गदूत्तां की सात्तु बिप्दा खतम न्ही होई तब तक
कोए मन्दर म्ह न्ही जा सक्या।

**16** फेर मन्नै मन्दर म्ह किसे ताहीं जोर तै उन सात्तु सुर्गदूत्तां तै न्यू कहन्दे
सुण्या के जाओ, परमेसवर कै प्रकोप के सात्तु कटोरयां ताहीं धरती पै उंडेल
द्यों। 2 इस करकै पैहल्ड़े सुर्गदूत नै जाकै अपणा कटोरा धरती पै उंडेल दिया,
अर उन माणसां का जिनपै पशु की छाप थी, अर जो उसकी मूर्ति की पूजा
करै थे, उनकै एक तरियां तै बुरा अर दुख देण आळा फोड़ा लिकड़या। 3
अर दुसरे सुर्गदूत नै अपणा कटोरा समुन्दर पै उंडेल दिया, अर वो मरे होए
माणसां के लहू जिसा होग्या, अर समुन्दर म्ह रहण आळा हरेक प्राणी मर
ग्या। 4 अर तीसरे सुर्गदूत नै अपणा कटोरा नदियाँ, अर पाणी के चोवां पै
उंडेल दिया, अर वो लहू बणग्या। 5 फेर मन्नै पाणी के अधिकारी सुर्गदूत
ताहीं न्यू कहन्दे सुण्या, के हे पवित्र, जो सै, अर जो था, तू न्यायी सै, अर
तन्नै यो न्याय करया। 6 क्यूँके उननै पवित्र माणसां, अर नबियाँ का लहू
बहाया था, इस करकै तन्नै उनतै लहू पियाया, क्यूँके वे इस्से जोग्गे सै। 7
दुबारा मन्नै वेदी तै यो शब्द सुण्या, के हाँ! हे सर्वशक्तिमान प्रभु परमेसवर,

तेरे फैसले सही अर सच्चे सै। 8 अर चौथे सुर्गदूत नै अपणा कटोरा सूरज पै
उंडेल दिया, तो सूरज ताहीं यो हक दिया गया के वो माणसां नै अपणी गर्मी
तै झुलसा दे। 9 अर माणस घणी तपण तै झुळसगे, अर वे परमेसवर कै नाम
की, जिन ताहीं इन मुसीबतां पै हक सै, उस ताहीं श्राप देण लाग्गे, अर ना
